रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 85,836.12 +666.25
डॉलर 83.622 -0.006
रांची सर्राफा
10 ग्राम ₹72,300
01 किलो ₹ 99,990

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

अश्विन कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 27 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 235, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
पेज-10 आतंक फैलाने का जवाब फांसी के...



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



## अबुआ आभार हेमन्त सरकार

नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार

JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में
चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत
चयनित 150 सहायक शिक्षकों को

## मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन
## एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 27 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

### युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

PR No. 337283 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# जेएमएम का मतलब 'जमकर मलाई मारो': राजनाथ



नवीन मेल संवाददाता

**रांची/धनबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर गुरुवार को धनबाद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर चुटकी लेते हुए कहा, जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो है। परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए उन्होंने न सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया, बल्कि विपक्षी पार्टियों पर भी जमकर बरसे।

कोयलांचल धनबाद के गोल्फ ग्राउंड पर राजनाथ ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को लेकर कहा, मुख्यमंत्री प्रदेश का नेता होता है और उस मुख्यमंत्री को जेल की हवा खानी पड़ी और वो भी भ्रष्टाचार के आरोप में। उन्होंने कहा कि राजनीति ऐसे नहीं चलती। राजनीति लोक लाज और मयार्दा से चलती है। उन्होंने राहुल गांधी को भी निशाने पर लिया। साथ ही कहा कि वो (राहुल गांधी) विदेश जाकर लगातार भारत की छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भले ही भारत में लंबे समय तक कांग्रेस की हुकूमत रही हो लेकिन जब भी हमारी सरकार (भाजपा) विदेश गई, वहां भारत का सिर ऊंचा करने का काम किया।

राजनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के एक भाषण का जिक्र करते हुए विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने (राजीव गांधी) कहा था कि हम जनता के लिए राजकोष से 100 पैसा भेजते है, तो बड़ी मुश्किल से 15 पैसा आमजनों तक पहुंचता है और 85 पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि उसके बावजूद कांग्रेस ने कभी भी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की दिशा में कोई भी प्रयास नहीं किया जबकि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने अपने पहले ही कैबिनेट की बैठक में भ्रष्टचिरियों पर नकेल कसने की अपनी मंशा को साफ कर दिया था। यही कारण है कि आज हमारी सरकार केंद्र से यदि 100 पैसा जरूरतमंदों के लिए भेजती है तो 100 का 100 पैसा उन जरूरतमंदो की जेब तक पहुंच जाता है।

राजनाथ ने कहा कि यदि देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' सिस्टम को लागू कर दिया जाए तो जनता की गाढ़ी कमाई के चार लाख करोड़ रुपये की बचत हो जाएगी। किसानों को लेकर कहा कि हमारी सरकार पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देश के हर छोटे और सीमांत किसानों को हर साल 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। अंत में उन्होंने धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और धनबाद विधायक राज सिन्हा को अपने समक्ष खड़े कर धनबाद की जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि धनबाद की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में धनबाद की छह की छह सीट भाजपा को जीता कर देती है और झारखंड में भाजपा की सरकार बनती है तो वे एक बार पुनः धनबाद की धरा पर आकर शीश झुकाते हुए यहां की जनता के प्रति आभार व्यक्त करेंगे।

## राज्य में कमल खिलेगा, हेमंत सरकार का अंत निकट : पुष्कर सिंह धामी

**रांची/जामताड़ा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज जामताड़ा के कुंडहित में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित किया। भारी बारिश के बावजूद परिवर्तन यात्रा में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर उन्होंने कहा, आप सभी का यह जोश और समर्थन इस बात का संकेत है कि इस बार झारखंड में कमल का फूल खिलने वाला है। उन्होंने कहा कि आज मैं बाबा केदार की भूमि से बाबा बैद्यनाथ की पवित्र भूमि पर उपस्थित होकर गर्व महसूस कर रहा हूँ। चाहे आंधी आए या तूफान, भाजपा की यह परिवर्तन यात्रा कभी रुकनी नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड में अपार संपदा है। यह धरती उस पहचान के लिए जानी जाती है कि जब देश में आजादी की शुरूआत भी नहीं हुई थी, तब अगर किसी ने सबसे पहले आवाज उठाई थी, तो वह आदिवासी समाज था। संथाल आदिवासियों की बेटी देश की प्रथम नागरिक बनी है, और यह केवल मोदी जी की सरकार में ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आदिवासी समाज के लोगों को मुख्यधारा में लाने का काम कर रही है। भाजपा इस संकल्प के साथ कार्य करती है कि हर वर्ग का उत्थान हो और हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी है, जिन्होंने झारखंड में अनेक विकास कार्य किए हैं, जिनका लाभ यहां की जनता को मिल रहा है। जामताड़ा के नाला क्षेत्र में अनेकों सड़कों का निर्माण हुआ है, किसानों को 154 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है और बिजली कनेक्शन देने का काम हुआ है। श्री धामी ने कहा कि देश में लंबे समय तक कांग्रेस का शासन रहा है। कांग्रेस ने 60 साल में सिर्फ अपनी तिजोरी भरने और भ्रष्टाचार को जन्म देने का काम किया है। पूरा परिवार घोटालों में लिप्त रहा है। यह सरकार रांची में दुर्गा पूजा के पंडालों को लगाने से रोकने की साजिश कर रही है। इसलिए, ऐसी सरकार को बदलना जरूरी है।



### झूठ की सरकार चला रहे हैं हेमंत : रवि



**रांची/हजारीबाग।** बड़कागांव के प्लस टू हाई स्कूल मैदान में भाजपा की परिवर्तन सभा में मुख्य अतिथि और उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सांसद रवि किशन ने कहा कि झारखंड से हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकना है। झारखंड में परिवर्तन के लिए मैं उत्तर प्रदेश से आपके पास आया हूं। रवि किशन ने कहा कि बिटिया योजना के लिए 75 हजार रुपये देने का हेमंत सरकार ने वादा किया था लेकिन 75 रुपये भी नहीं मिला। पांच लाख नौकरी का वादा किया गया था। बेरोजगारों को नौकरी नहीं मिली। हेमंत सोरेन झूठ की सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में घूसपैठ और धर्मांतरण हो रहा है। इसलिए हमें मिलकर परिवर्तन करना है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार वादा खिलाफी कर रही है। बेरोजगारों को न तो नौकरी मिल रही है और न ही बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। सभा में राकेश प्रसाद ने कहा कि झारखंड में हम सभी मिलकर परिवर्तन करें।

## न्यूज | बॉक्स

### सीएम से आदिवासी लोहरा समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आदिवासी लोहरा समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी भावनाओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में आदिवासी लोहार समाज सामाजिक संगठन के संरक्षक रामचरण तिर्की, मधु तिर्की और महादेव लोहरा, अध्यक्ष ठुमा तिर्की, संजय लोहरा, अनूप लोहार, राजन लोहार, कलेश लोहार, संगीता देवी, चंद्रावती देवी, चंद्रावती तिर्की और लक्षण देवी शामिल थीं।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से गुरुवार मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव के साथ सदस्य विशाल तिर्की तथा सुनील टुडू ने शिष्टाचार मुलाकात की।

### आईओ ने नहीं दी गवाही, दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोपी रिहा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने गुरुवार को दुष्कर्म के बाद जगनी देवी की गला दबा कर हत्या करने के आरोपित महादेव दास को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। मामला जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र का साल 2023 के अप्रैल माह का है। मामले के अनुसंधानकर्ता (आईओ) दारोगा रामजी ने गवाही नहीं दी, जिसके कारण आरोपित रिहा हो गया। दारोगा रामजी को अदालत ने कई बार गैर जमानती वारंट भी जारी किया था। इसके बाद भी दारोगा मामले में गवाही देने नहीं पहुंचा। मामले में सुनवाई के दौरान सुचक रंजीत कुमार, मृतका के दो पुत्रों और डॉक्टर की गवाही दर्ज करायी गयी थी लेकिन सबसे महत्वपूर्ण गवाह केस के आइओ ने गवाही नहीं दी, जिसका लाभ आरोपित को मिला। घटना छह अप्रैल, 2023 की है। जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के एक सुनसान जगह पर जगनी देवी का शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म के बाद महिला की गला दबा कर हत्या की बात सामने आया था। इसी क्रम में पुलिस ने महादेव दास को गिरफ्तार किया था। उसने पुलिस को बताया था कि महिला से उसका पहले से जान पहचान था। घटना के दिन हटिया रेलवे लाइन के समीप एक सुनसान जगह पर ले जाकर आरोपित ने महिला को पहले शराब पिलाया उसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया।

### मुख्य सचिव व डीजीपी दुर्गा पूजा को लेकर करेंगे विधि व्यवस्था की समीक्षा



**रांची।** दुर्गा पूजा को लेकर मुख्य सचिव और डीजीपी विधि व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। यह समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को की जाएगी। बैठक में एडीजी अभियान, प्रमंडलीय आयुक्त और डीआईजी के अलावा सभी जिले के एसपी और डीसी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि तीन अक्टूबर से राज्यभर में दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन होना है। इस दौरान विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न ना हो, इसे लेकर यह समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है।

### जमीन की खरीद-बिक्री के आरोपी शेखर की बेल याचिका पर अगली सुनवाई एक को

**रांची।** फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री के आरोपित जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा उर्फ शेखर प्रसाद महतो की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर पीएमएलए कोर्ट में गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख एक अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। आरोपित ने जमानत की गुहार लगाते हुए 13 सितंबर को याचिका दाखिल की है। उस पर बड़गाईं के गाड़ी मौजा की 4.83 एकड़ जमीन में फजीर्वाड़ा करने का आरोप है। ईडी ने उसे 12 जून को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है।

### भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री विवेक भवानी कांग्रेस में शामिल




**रांची।** पलामू जिले के चैनपुर के राजपरिवार के सदस्य और भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री विवेक भवानी सिंह ने रांची के कांग्रेस भवन में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के समक्ष पार्टी का दामन थामा। इस दौरान विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा विवेक भवानी सिंह ने बिना शर्त संगठन में काम करने की इच्छा जताई। उनके आने से संगठन में और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि जैसा कि विवेक भवानी सिंह ने बताया कि लंबी कतार है, भाजपा से कांग्रेस में आने वाले नेताओं की। सभी लोग भाजपा के तनाशाही रवैए से परेशान हैं और धीरे-धीरे कांग्रेस के मुख्य धारा में आने के लिए तत्पर हैं। कांग्रेस पार्टी के विचारधारा एवं राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर वह पार्टी में शामिल हुए। विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि इनके पार्टी में आने से कांग्रेस और गठबंधन के दोनों को मजबूती मिलेगी। विवेक भवानी सिंह ने 20 वर्षो से भाजपा में था और एकाएक पार्टी छोड़ने का निर्णय नहीं लिया।

## एक नजर

### चेक बाउंस मामले में शुभम की सजा बरकरार

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने गुरुवार को चेक बाउंस केस में सजायाफ्ता शुभम कुमार उर्फ शुभम गिरि की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश के खिलाफ दाखिल उसकी क्रिमिनल अपील याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया है। शुभम गिरि को प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने इसी वर्ष 2 जुलाई को चेक बाउंस के आरोप में एक साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। साथ ही 3.90 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। शुभम ने विशाल इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अमित कुमार मुंजल की दुकान से अक्टूबर 2017 में 3.80 लाख का सामान लिया था। इसके एवज में भुगतान के लिए उसे चेक दिया था, जो बाउंस कर गया था।

### टाटानगर - जयनगर ट्रेन आज रहेगी रद्द

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत आदित्यपुर यार्ड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से रांची रेल मंडल से होकर परिचालित टाटानगर-जयनगर- टाटानगर ट्रेन रद्द रहेगी। गुरुवार को रांची रेल मंडल की ओर से बताया गया कि ट्रेन संख्या 18119 टाटानगर - जयनगर एक्सप्रेस वाया मुरी 27 सितंबर को रद्द रहेगी। वहीं जयनगर से टाटानगर जाने वाली ट्रेन संख्या 18120 वाया मुरी 28 सितंबर को रद्द रहेगी।

## गुमराह करने के लिए धोखेबाजों को ला रही बीजेपी : कल्पना सोरेन

- *भाजपा ने मुख्यमंत्री के साहस के आगे सरेंडर कर दिया है*
- *केंद्र सरकार की नजर झारखंड की खनिज संसाधनों पर है*



नवीन मेल संवाददाता

**बहरागोड़ा।** झारखंड विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे राजनेताओं के जुबानी हमले और तल्ख होते जा रहे हैं। इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक और सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गुरुवार को बीजेपी पर जमकर हमला बोला है।

कल्पना सोरेन ने आरोप लगाया कि बीजेपी विधानसभा चुनाव से पहले लोगों को गुमराह करने के लिए राज्य में धोखेबाजों को ला रही है। पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने यह भी कहा कि बीजेपी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साहस के आगे सरेंडर कर दिया है। वहीं भारी बारिश के बीच रैली में बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं का अभिवादन करते हुए गांडेय विधायक ने कहा कि 'मैया सम्मान योजना' के तहत दी जाने वाली आर्थिक सहायता लाभार्थियों के बैंक खातों में विधिवत जमा हो रही है।

इससे पहले मंगलवार को एक रैली में कल्पना सोरेन ने बीजेपी की केंद्र सरकार पर हमला करते हुए आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार की नजर राज्य की खदानों और खनिज संसाधनों पर है। गढ़वा में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र पर झारखंड के साथ सौतेला रवैया अपनाया है।

**प्रदेश का बकाया नहीं चुका रहा केंद्र :** कल्पना सोरेन ने ये भी कहा कि पूरे झारखंड में बड़े-बड़े केंद्रीय नेता घूम रहे हैं। केंद्र खनन कर प्राकृतिक संसाधनों को राज्य से बाहर ले जाता है, लेकिन वह प्रदेश का बकाया नहीं चुकाता। बता दें कि पिछले कई महीनों से झामुमो के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार केंद्र से राज्य की खनन कंपनियों का 1.36 लाख करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने की मांग कर रही है।

## उत्पाद नीति में बदलाव, लूट मचाने की तैयारी : बाबूलाल



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार एक बार फिर से उत्पाद नीति में बदलाव कर चुनावी धन इकट्ठा करने और लूट मचाने की तैयारी कर रही है। श्री मरांडी ने कहा कि कैबिनेट की स्वीकृति मिलने से पहले ही शराब के टेंडर की खबर लीक होकर इंटरनेट के टेंडर पोर्टल पर घूम रहा है। श्री मरांडी ने सवाल उठाया कि कैबिनेट मीटिंग से पहले ही ये बात बाहर कैसे आई कि नीति में क्या बदलाव हो रहा है और इसका टेंडर होने वाला है? टेंडर की खबर लीक कर क्या किसी खास व्यक्ति/समूह को अनैतिक लाभ पहुंचाकर अनैतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है? हेमंत सरकार द्वारा दोबारा शराब नीति लाना और कैबिनेट मीटिंग से पहले ही टेंडर पोर्टल पर इस खबर का लीक होना बताता है कि सरकार शराब नीति की आड़ में एक के बाद एक तीसरे बड़े घोटाले को अंजाम देने की तैयारी में है। श्री मरांडी ने कहा कि घोटालों, चोरी और धोखाधड़ी के लिए कुख्यात हेमंत सोरेन सरकार जाते-जाते एक बार फिर से बड़ा शराब घोटाला करने की तैयारी में है। पहले भी मैंने झारखंड में संभावित शराब घोटालों के बारे में चिंता व्यक्त की थी। मुख्यमंत्री जी को इस बारे में चेताया था, लेकिन उन्होंने नैतिकता को पूरी तरह नजरअंदाज कर हेरा-फेरी का रास्ता अपनाया। ज्यादा से ज्यादा धन कमाने की आदत से मजबूर हेमंत सोरेन लगातार तीसरी बार शराब नीति बदलकर चुनाव के लिये कालाधन जुटाना चाहते हैं। श्री मरांडी ने कहा कि मैं झारखंड की जनता को यह भी यकीन दिलाता हूं कि भाजपा की सरकार आने पर इस प्रस्तावित शराब नीति को रद्द किया जायेगा। छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा से आये हुए शराब माफियाओं एवं घोटाले में शामिल अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## बड़ी संख्या में युवाओं ने झाममो का थामा दामन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉ॰ महुआ माजी के आवासीय कार्यालय में आनंदपुरी हरमू रोड नियर मुक्तिधाम से बहु संख्य युवा विक्की जयसवाल के नेतृत्व में मोटरसाइकिल जुलूस के माध्यम से सांसद महोदया के आवास पहुंचे, सांसद महुआ माजी जी ने सभी को झामुमो पार्टी का अंग वस्त्र देकर पार्टी में शामिल कराया। युवाओं ने कहा कि झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष सह माननीय राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन व झारखंड के सीएम सह कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर व झारखंडी हित में झाममो परिवार में सम्मिलित हो रहें हैं।

### हेमंत के आरएसएस वाले बयान पर अमर कुमार बाउरी ने कहा

## वोटबैंक की राजनीति में कितना गिरेंगे नीचे



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से आरएसएस को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान पर सियासत तेज हो गई है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा था कि आरएसएस के लोग चूहे की तरह हमारे घर के अंदर घुसकर तोड़ने का काम करते हैं। जब हमारे एक नेता हमारी पार्टी में थे, तो वह 1932 की बात करते थे, स्थानीयता की बात करते थे, लेकिन भगवा होते ही उनकी भाषा भी बदल गई है। मुख्यमंत्री सोरेन के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रवादी संगठन आरएसएस, जो विश्व का सबसे बड़ा संगठन है और उसकी स्थापना 1925 में राष्ट्रवादी विचारों के साथ सनातन संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए हुई थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रयासों के कारण ही भारत आज गुलामी की मानसिकता को तोड़कर विश्व पटल पर अपनी पहचान बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के चलते अपने पूर्वजों, वंशजों और आदिवासी समाज की अस्मिता को खतरे में डालने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य में देख नहीं पा रहे हैं, जबकि आरएसएस भारत की अस्मिता और परंपरा को स्थापित कर रहा है। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आरएसएस ने भारत की अस्मिता और परंपराओं को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन आज उस पर व्यंग्य किया जा रहा है।

# मंईयां सम्मान योजना राज्य सरकार का चुनावी शंख : प्रतुल शाहदेव

### पांच साल में नहीं हुई राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति

- *विधानसभा सत्र में महिला आयोग अध्यक्ष की मांग की थी : पूर्णिमा नीरज सिंह*



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजनीति में या राजनेताओं के भाषण में अक्सर एक वाक्या सुनने को मिलती है महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना सब की जिम्मेदारी है। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देना सरकार की जिम्मेवारी है। पिछले पांच सालों से झारखंड में महिला अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई है। ऐसे में महिला सशक्तीकरण की बात बेमानी है। सोमवार को प्रकाशित की गई राष्ट्रीय नवीन मेल के लेख 'महिला सशक्तीकरण की बात बेमानी' पर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव और कांग्रेस की झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी।

प्रतुल शाहदेव ने झारखंड राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति पिछले पांच सालों में नहीं होने के सवाल पर कहा- सशक्त आयोग महिलाओं को न्याय दिलाता है, लेकिन सरकार ने महिला आयोग को पंगु बना दिया है। झारखंड सरकार की रवैये से महिलाओं के प्रति हमेशा से उदासीन रहा है। साथ ही झारखंड सरकार द्वारा चलाये जा रहे मंईयां योजना पर तंज कसते हुए कहा- जिस तरह राज्य सरकार महिलाओं को 1000 रुपये मुहैया करा रही है। ऐसे में सरकार सही में महिलाओं की हितैशी है तो पांच साल की राशि प्रति महिला 60,000 रुपये दें। यदि झारखंड सरकार मानती है की यह योजना चुनावी शंख नहीं है।

झारखंड राज्य में लगभग पिछले पांच वर्षों से महिला आयोग में अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई। इस पर कांग्रेस की झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा- विधानसभा सत्र में राज्य महिला आयोग अध्यक्ष की नियुक्ति के मामले को उठाया था।

हालांकि इस मामले पर विशेष गौर नहीं किया गया। कारण पूछे जाने पर पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा- कारणों का पता नही लेकिन इस मामले को उठाना जरुरी लगा। बीजेपी के उठाये गए सवालों पर पलटवार करते हुए विधायक ने कहा- बीजेपी की सरकार जिस राज्य में है वहां पहले 60,0000 रुपये एक बार में दें। बात हिम्मत की नहीं इकोनोमिकल कैलकुलेशन की है।

### झारखंड हाई कोर्ट ने जेएसएससी से पूछा

## कितने सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई और कब हुई

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जेएसएससी स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 के स्टेट मेरिट लिस्ट पर प्रार्थियों की आपत्ति पर झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को जस्टिस डॉ एसएन पाठक की बेंच में सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट ने जेएसएससी और राज्य सरकार को चार्ट के माध्यम से ही राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट के आधार पर कोटिवार और विषयवार कट ऑफ मार्क्स देने का निर्देश दिया है। साथ ही कोर्ट ने इनसे पूछा है कि कितने सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है और यह कब हुई है। कोर्ट ने प्रार्थियों से भी अपने मार्क्स एवं कट ऑफ मार्क्स कोर्ट में सूचित करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 24 अक्टूबर को होगी। इससे पहले राज्य सरकार एवं जेएसएससी की ओर से बताया कि जेएसएससी स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 का 26 विषयों का स्टेट मेरिट लिस्ट जारी कर दिया है। इस पर प्रार्थियों की ओर से कहा गया कि कट ऑफ से ज्यादा मार्क्स वालों का भी चयन हो गया है। सरकार को बताना चाहिए कि कितने लोगों की नियुक्ति हुई है और यह नियुक्ति कब हुई है। मामले में मीना कुमारी एवं अन्य की ओर से याचिकाएं दाखिल की गई थी। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2016 में जो हाई स्कूल शिक्षक की नियुक्ति का विज्ञापन निकला था, जिसके आलोक में उनकी भी नियुक्ति होनी चाहिए। क्योंकि, कट ऑफ से ज्यादा मार्क्स उन्होंने लाया है।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 85,836.12 +666.25
डॉलर 83.622 -0.006
रांची सर्राफा
10 ग्राम ₹72,300 | 01 किलो ₹ 99,990

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



अश्विन कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 27 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 235, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 आतंक फैलाने का जवाब फांसी के...

## राज्यपाल ने दी झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक को मंजूरी



**रांची ।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक-2024 को मंजूरी दे दी है। विधानसभा के मॉनसून सत्र में यह विधेयक पारित हुआ था। इस विधेयक के तहत कोयला धारित भूमि पर 100 रुपए प्रति मीट्रिक टन, लौह अयस्क धारित भूमि पर 100 रुपए प्रति मीट्रिक टन, बॉक्साइट धारित भूमि पर 70 रुपए प्रति मीट्रिक टन, चूना पत्थर धारित भूमि पर 50 रुपए प्रति मीट्रिक टन, मैंगनीज अयस्क धारित भूमि पर 50 रुपए प्रति मीट्रिक टन और अन्य खनिज धारित भूमि पर प्रति टन खनिज के प्रेषण पर दी गयी रॉयल्टी का 50 प्रतिशत सेस लगेगा।

शेष पेज 09 पर

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों को मूर्त रूप देना सुनिश्चित करें पदाधिकारी : रवि कुमार



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियों को पदाधिकारी मूर्त रूप देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में विभिन्न माध्यमों से आए शिकायतों को संज्ञान में रखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां सुनिश्चित करें। आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा का सुदृढ़ प्रबंधन सुनिश्चित करें। कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन से लोकसभा निर्वाचन संबंधी मामलों एवं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर से इस बात का सर्टिफिकेट अवश्य लें कि उनके क्षेत्र में मतदाता सूची में एक भी गलत विलोपन न हुआ हो।

### जीरो रिस्क के साथ सभी सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करें

उन्होंने कहा कि निर्वाचन में जीरो रिस्क के साथ सभी सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने की तैयारी करें। सभी चेकपोस्टों पर वेबकास्टिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सभी प्रवर्तन एजेंसियां सुदृढ़ता से इस बात को सुनिश्चित करेंगे की राज्य में कोई भी अवैध लेनदेन या आवागमन न हो इसे कठोरता से प्रतिबंधित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर एएसडी सूची, मतदाता सूची में गलत विलोपन, सुरक्षा प्रबंधन, अवैध सामग्रियों का आवागमन आदि विषयों पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, डीआईजी धनंजय कुमार सिंह, डीआईजी इंद्रजीत महथा, डीआईजी अश्विनी कुमार सिन्हा, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव के लिए झारखंड पुलिस पूरी तरह तैयार : डीजीपी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता का दावा है कि यदि कल चुनाव की घोषणा हो जाय तो भी झारखंड पुलिस चुनाव करवाने को तैयार है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डीजीपी ने बताया कि चुनाव आयोग के साथ हुई बैठक में झारखंड पुलिस की तरफ से चुनाव को लेकर की गई तैयारी का पूरा विवरण पेश किया गया है। झारखंड पुलिस पूरी तरह से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है, उन्हें बस इसका इंतजार है कि विधानसभा चुनाव कितने चरणों में संपन्न होगा। यदि चुनाव एक ही चरण में संपन्न होगा तो उसके लिए



- झारखंड पुलिस की तरफ से चुनाव को लेकर की गई तैयारी का पूरा विवरण पेश किया गया है

फोर्स की आवश्यकता ज्यादा होगी और उसी के अनुसार तैयारी किया जाएगा। यदि चुनाव दो या तीन चरण में होंगे तो फोर्स की संख्या भी कम रहेगी।

### 8000 बूथ अतिसंवेदनशील और संवेदनशील श्रेणी में

डीजीपी ने बताया कि राज्य में करीब 20 हजार बूथ हैं। इसमें आठ हजार अतिसंवेदनशील और संवेदनशील हैं जबकि 12000 समान्य बूथ हैं। सभी 8000 अतिसंवेदनशील और संवेदनशील बूथ पर पैरामिलिट्री को तैनात किया जाएगा जबकि 12000 नॉर्मल बूथों पर झारखंड पुलिस के जवानों की तैनाती की जाएगी। चुनाव आयोग की तरफ से जो भी निर्देश मिले हैं, उसका अक्षरशः पालन किया जा रहा है। इसे लेकर सभी जिलों के एसपी को निर्देश भी जारी किए गए हैं। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह निष्पक्ष रूप से कार्य करें।



**400.66** करोड़ की राशि लोन लाभुकों के अकाउंट्स में ट्रांसफर की गई

**20** लाख अतिरिक्त राशन कार्ड जारी कर लोगों को मुफ्त अनाज दे रहे हैं

**05** रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि दुग्ध उद्पादकों को दी जाएगी

हेमंत सरकार की पहल

# 1.77 लाख किसानों का दो लाख तक का कर्ज माफ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि गांव-देहात से होकर विकास का दरवाजा खुलता है। ऐसे में किसानों की खुशहाली से ही राज्य मजबूत बनेगा। हमारी सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार ठोस निर्णय ले रही है। सोरेन राजधानी रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में गुरुवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से आयोजित झारखंड कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के 1,76,977 लाख किसानों के दो लाख रुपए तक का कर्ज माफ कर उन्हें बड़ी सौगात दी। इन सभी किसानों के लगभग 400.66 करोड़ रुपये के कर्ज की अदायगी राज्य सरकार जरिये की गई। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के बिरसा किसान इंटीग्रेटेड पोर्टल का भी अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज किसानों के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां आ रही है। ऐसे में किसानों को राहत देने के मकसद से उनके दो लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफ करने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है ताकि उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर उन्हें उन्हें कृषि के क्षेत्र में नई शुरूआत करने का मौका मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण परिवेश में रहती है। यहां के किसान-मजदूर जीविकोपार्जन के लिए खेती-बाड़ी पर निर्भर हैं। ऐसे में उनका खेत उनका बैंक है तो खलिहान एटीएम। कार्यक्रम में मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, विधायक राजेश कच्छप, केशव महतो कमलेश, राजेश ठाकुर उपस्थित थे।



### 20 लाख गरीबों को दे रहे अबुआ आवास

हम लोगों के रोटी, कपड़ा और मकान जैसे मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। इस कड़ी में 20 लाख अतिरिक्त राशन कार्ड जारी कर मुफ्त अनाज दे रहे हैं। 20 लाख गरीबों को अबुआ आवास देने की योजना शुरू की है। सोना- सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत गरीबों को धोती साड़ी और लूंगी दे रहे हैं। हमारी कोशिश ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देना है ताकि यहां के गरीब किसान मजदूर सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकें।

### 68 हजार दुग्ध उत्पादकों को जोड़ा जाएगा

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीक तथा एनडीडीबी, आनंद , गुजरात के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एस रघुपति के बीच पांच वर्षों के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर संपन्न हुआ। इसके तहत लगभग 68 हजार दुग्ध उत्पादकों को जोड़ा जाएगा। इसके अलावा दुग्ध उत्पादकों को दूध उत्पादन के उचित मूल्य के अलावा 5 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज 438 नवनियुक्त कर्मियों को देंगे नियुक्ति पत्र**

रांची। जैप वन ग्राउंड स्थित शौर्य सभागार में शुक्रवार ( 27 सितंबर) को दोपहर 12 बजे से विभिन्न विभागों के नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। बताया गया कि कुल 438 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

## पहली कैबिनेट में 2.87 लाख रिक्त पदों को भरेंगे : शिवराज सिंह चौहान

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला के सिसई में आयोजित परिवर्तन महासभा को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज परिवर्तन का संदेश देने परिवर्तन यात्रा आई है। राज्य में जो हेमंत सोरेन की सरकार चल रही है, उससे हम सब बेहाल हैं। राज्य में 2.87 लाख सरकारी पद रिक्त हैं। भाजपा की सरकार बनने के बाद ये सभी पद भरने का निर्णय कैबीनेट की पहली बैठक में ही ली जाएगी और कैलेंडर बनाया जाएगा। कॉलेज की डिग्री पूरी करने के बाद रोजगार प्राप्त करने में 2 साल लगती है। हम 2 साल तक 2,000 रुपये प्रतिमाह बच्चों को देंगे। हम केवल सत्ता परिवर्तन नहीं करेंगे, सम्पूर्ण व्यवस्था में परिवर्तन करेंगे, जिससे आपका कल्याण हो। उन्होंने कहा कि आज मकान बनाने के लिये बालू नहीं मिल रही है, बालू सीमेंट की तरह बाल्टी में बिक रही है। गरीब आदमी को मकान बनाना मुश्किल हो गया है। आज झारखंड की हालत ये है कि पिछले 5 साल में 7,400 से ज्यादा बलात्कार, 6,000 से ज्यादा अपहरण, 7,000 से ज्यादा हत्याएँ हुई हैं। रुबिका पहड़िया जैसी हमारी बेटियां, उन्हें पहले प्रेम जाल में फंसाया जाता है और बाद में उनकी हत्या कर दी जाती है। राज्य में अपराधी खुलकर खेल रहे हैं, आम आदमी की जिंदगी सुरक्षित नहीं है। उनको एक एकड़ पर 5,000 रुपये सालाना दिए जाएंगे। वर्तमान राज्य सरकार ने उन्हें वह रुपया देना बंद कर दिया। उन्होंने आश्वासन देते चालू कर रहे हैं। हेमंत सोरेन की सरकार में मकान नहीं बने। मोदी जी के आशीर्वाद से हर गरीब का पक्का मकान बनेगा।

शेष पेज 09 पर

**गत 5 साल की कहानी**

**7,400** बलात्कार | **6,000** अपहरण

**7,400** हत्याएं

- जेएमएम अब झारखंड मुक्ति मोर्चा नहीं, 'पेपर लीक मोर्चा' बन गई



**केंद्रीय मंत्री ने कहा कि धान की फसल यहां मिट्टी के मोल बिक रही है। आप भाजपा की सरकार लाइये, 3,100 रु प्रति क्विंटल आपका धान खरीदा जाएगा।**

### गिनाए हेमंत के पाप

- हेमंत ने पिछले चुनाव में 2,000 रुपया चूल्हा खर्च देने का वादा किया, लेकिन मिला किसी को नहीं।
- बहनों को एक साल में 1.20 लाख रुपये मिलना चाहिए लेकिन ये पैसे हेमंत सोरेन खा गए।
- हेमंत ने कहा था कि 5 लाख नौकरी दूंगा नहीं तो बेरोजगारी भत्ता दूंगा। किसी को न नौकरी मिली न बेरोजगारी भत्ता दिया।
- चुनाव नजदीक है तो बच्चों को सिपाही भर्ती के नाम पर 10 किमी दौड़ा दिया और 16 नौजवानों की जान ले ली।

शेष पेज 09 पर

## मैरिटल रेप मामले में पति दोषी करार, जेल

नवीन मेल संवाददाता

- दोषी के सजा के बिंदु पर सुनवाई 30 सितंबर को निर्धारित
- 2015 में कोतवाली थाने में पत्नी ने एफआईआर दर्ज कराई थी

**रांची।** मैरिटल रेप यानी पत्नी से उसकी इच्छा के बगैर जबरन यौन संबंध बनाने के मुद्दे पर देश में छिड़ी कानूनी बहस के बीच एक ऐसे ही केस में रांची की सिविल कोर्ट का फैसला सामने आया है। रांची के अपर न्यायायुक्त की कोर्ट ने पत्नी के साथ उसके विरोध के बावजूद बार-बार यौन संबंध बनाने के मामले में ट्रायल फेस कर रहे अभियुक्त रणधीर वर्मा को दोषी करार दिया है। अदालत के इस फैसले के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। कोर्ट ने उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तारीख निर्धारित की है। रणधीर वर्मा के खिलाफ उसकी पत्नी ने 2015 में रांची के कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई के दौरान सूचक एवं गवाहों के बयान और अन्य तथ्यों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी माना है। महिला ने पति के खिलाफ साल 2016 में दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए एक अलग केस सुखदेव नगर थाना में दर्ज कराया था।

शेष पेज 09 पर

मांगें कैबिनेट में रखी जाने की **संभावना**

## मनरेगाकर्मी की हड़ताल आज टूटने के हैं आसार



फाइल फोटो

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मनरेगाकर्मी की पिछले दो महीने से चल रही हड़ताल संभवतः आज टूट जाएगी। विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे मनरेगाकर्मी आर पार के मूड में हैं जिस कारण सैंकड़ों एकड़ में बिरसा हरित योजना के तहत वृक्षारोपण का कार्य रुका पड़ा है। पलामू के अनेक प्रखंडों में योजना स्वीकृत तक नहीं हुई है ऐसे में आदर्श आचार संहिता लग जाने पर करोड़ों रुपए लीपापोती में खर्च भले हो जाएं पर बरसात के बाद पौधारोपण या उसकी देखभाल कैसे होगी इसकी चिंता किसी को नहीं। सूत्रों के अनुसार 2019 में वर्तमान राज्य सरकार ने उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। सरकार का कार्यकाल समाप्त होने को है और चुनाव होने वाले हैं। अब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। अब कैबिनेट बैठने वाली है तो इनको एक अंतिम उम्मीद लग रही है कि उनकी मांगें पूरी होंगी। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार आज उनकी मांगें पूरी होंगी और हड़ताल टूटेगी।

इंडिया

## झारखंड में अवैध घुसपैठ और धर्मांतरण की राजनीति या फसाना ?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

**झा**रखंड में लगभग 10 प्रतिशत जनजातीय जनसंख्या का घटना जनगणना में दिख रहा है और अवैध घुसपैठ पर राजनीति अब जनहित याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट के विचाराधीन है ।विधानसभा चुनाव की आहट के बीच झारखंड और देश की सीमा से सटे इलाकों में घुसपैठ, लव जिहाद, लैंड जिहाद के मुद्दे जोर पकड़ रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि क्या वाकई झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ महज एक संयोग है या एक गहरी साजिश ? झारखंड के संथाल परगना के पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा, राजमहल, गोड्डा और दुमका में बड़ी संख्या में अवैध रूप से बांग्लादेशी घुसपैठियों के अलग-अलग माध्यम से आने की सूचनाएं मिलती रहती हैं । झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को फटकार लगाई थी । मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिद्युत रंजन षाड़ंगी और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने इससे पहले देवघर, पाकुड़, दुमका, साहिबगंज, गोड्डा और जामताड़ा के उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में अवैध प्रवासियों की वास्तविक स्थिति पर रिपोर्ट पेश का आदेश दिया था। अदालत ने इस मामले में संथाल परगना के छः जिलों के पुलिस अधीक्षकों को आदेश दिया था कि वे अवैध प्रवासियों की स्थिति के बारे में उपायुक्त को जानकारी दें, जिससे वह रिपोर्ट तैयार कर सकें । अदालत ने राज्य के मुख्य सचिव को भी निर्देश दिया था कि वे उपायुक्त के साथ मिलकर इस स्थिति पर रिपोर्ट तैयार करें। अदालत को बताया गया कि उपायुक्त ने हलफनामा दाखिल नहीं किया बल्कि अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा दाखिल किया गया जिसमें घुसपैठ नहीं होने और इन क्षेत्रों में मदरसे पहले से होने की बात कही गई थी । पीठ ने हलफनामा स्वीकार करने से इनकार कर दिया और उन्हें नए सिरे से दाखिल करने का आदेश दिया। पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है और उपायुक्त द्वारा की गई इस तरह की कार्रवाई अदालत को गुमराह करने के लिए की गई प्रतीत होती है ।संताल परगना इलाके के साहिबगंज व पाकुड़ जिले में आदिवासियों की जनसंख्या में लगातार कमी आने व मुस्लिमों की जनसंख्या में वृद्धि होने का मामला 2022 में गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने लोकसभा में उठाया था । उन्होंने केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि 1901 में साहिबगंज जिले में आदिवासियों की जनसंख्या 35 प्रतिशत थी, जबकि मुस्लिमों की जनसंख्या मात्र 9 प्रतिशत ही थी। आज आदिवासियों की जनसंख्या महज 24 प्रतिशत रह गई है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिमों की जनसंख्या 9 से बढ़कर 35 प्रतिशत पहुंच गई है। निशिकांत कहा कि पूरे राज्य की यही



स्थिति है। इस वजह से क्षेत्र की डेमोग्राफी भी बदल रही है। उन्होंने बताया था कि आदिवासियों की जनसंख्या में लगातार कमी आने की वजह से ही पूरे देश में लागू होने के बाद भी झारखंड में परिसीमन लागू नहीं हो पाया है। आदिवासियों की जनसंख्या में कमी आने की वजह से उनके लिए आरक्षित लोकसभा की एक व विधानसभा की तीन सीट में कमी आ रही है। संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर लगातार राजनीति भी गरम होती जा रही है। पूर्व में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर झारखंड पुलिस का स्पेशल ब्रांच भी अलर्ट जारी कर चुका है। 2001 की जनगणना में दुमका की जनसंख्या 11 लाख 7 हजार के करीब जो 2011 में बढ़कर लगभग 14 लाख हो गई। आंकड़े बताते हैं कि संथाल के सभी 6 जिलों में 12 लाख से ज्यादा नई आबादी बस गई है। भाजपा का कहना है संथाल में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी पाकुड़ में करीब 40 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, साहिबगंज में मुस्लिम आबादी में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भाजपा का कहना है कि संथाल परगना के छह जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने में वहां के जमीन दलालों की सबसे बड़ी भूमिका है। गिफ्ट डीड के जरिए जमीन दलाल बांग्लादेशियों को बसा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि झारखंड गठन के बाद संथाल परगना में जमाबंदी की गई जमीन खरीदने वालों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। 13 दिसंबर, 2023 को भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने दस्तावेज जारी कर बताया था कि 120 से ज्यादा नकली वेबसाइट के जरिए नकली बर्थ सर्टिफिकेट बनाए जा रहे हैं। इसमें झारखंड को लेकर विशेष रूप से सतर्क किया गया था। दो जून, 2023 को झारखंड पुलिस के स्पेशल ब्रांच ने सभी जिलों के पुलिस कप्तान और डीसी को एक पत्र लिखा था कि संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश करने की सूचना है और बांग्लादेशी घुसपैठियों को पहले विभिन्न मदरसों में ठहराया जाता है,इसके बाद उनका सरकारी दस्तावेज तैयार किया जाता है और उनका नाम मतदान मतदाता सूची में शामिल कर लिया जाता है। मतदाता सूची में शामिल होने के बाद साजिश के तहत उन्हें वहां बसा दिया जाता है।

## सात दिनी एक्सपो उत्सव का भव्य शुभारंभ

# मेले में सूई से लेकर कार तक हर सामान है उपलब्ध

**राज्य की आर्थिक प्रगति में सहायक होगा एक्सपो युवा उद्यमियों को मिलेगा मंचः राज्यपाल**

नवीन मेल संवाददाता। रांची



झारखंड का सबसे बड़ा कंज्यूमर फेयर - एक्सपो उत्सव 2024 गुरुवार से मोरहाबादी मैदान शुरू हुआ। एक्सपो का उद्घाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया। राज्यपाल ने उद्घाटन के बाद विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित वस्तुओं और सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने जेसीआई की इस भव्य आयोजन के लिए सराहना की। वहीं इसे राज्य के व्यापारिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, यह आयोजन युवाओं और उद्यमियों को एक बड़ा मंच प्रदान करता है, जिससे वे अपने नवाचार और कौशल को प्रदर्शित कर सकते हैं। राज्यपाल ने इस आयोजन को राज्य के विकास और व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान बताया । वहीं कहा कि एक्सपो उत्सव के जरिए छोटे और नए उद्यमियों को भी बड़े पैमाने पर ग्राहकों के बीच पहुंचने का अवसर मिल रहा है। जेसीआई रांची के अध्यक्ष जेसी विक्रम चौधरी ने सभी उपस्थित स्टॉल धारकों, सहभागियों, और मीडिया का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि एक्सपो उत्सव हर साल और अधिक भव्यता से आयोजित हो रहा है। इसकी सफलता में सभी सहयोगियों और सदस्यों का बड़ा योगदान है। इस साल हम एक्सपो को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं, जहां सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। चीफ कोऑर्डिनेटर जेसी श्याम अनुराग ने बताया कि एक्सपो में विभिन्न देशों और राज्यों के 350 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां से सुई से लेकर कार तक हर प्रकार की वस्तुएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा, यह कंज्यूमर फेयर न सिर्फ खरीदारी का स्थान है, बल्कि उद्यमियों के लिए अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक बड़ा मंच भी है। यहां हर वर्ग के लिए मनोरंजन, शॉपिंग और लाजवाब खाने-पीने का खास ख्याल रखा गया है। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा, मैं वर्षों से एक्सपो और जेसीआई से जुड़ा हूं और इस आयोजन को इतनी भव्यता से होते देखना गर्व की बात है। युवा उद्यमियों और आयोजकों की मेहनत से यह आयोजन हर साल नए आयाम स्थापित कर रहा है। एक्सपो उत्सव 2024 में फनगोला एम्यूजमेंट पार्क, पिंक हैंगर, फूड जोन, और फर्नीचर जोन सहित कई खास आकर्षण होंगे। इसके अलावा, अगले 6 दिनों में विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे डांस, पेंटिंग, योगा, फैशन शो, तंबोला, हेल्दी बेबी एंड मॉम शो, और वॉइस ऑफ एक्सपो का आयोजन किया जाएगा, जो सभी उम्र के लोगों के लिए खास मनोरंजन लेकर आएंगे।

## सीजीएल परीक्षा की निष्पक्ष जांच कराये राज्य सरकार

नवीन मेल संवाददाता। रांची



युवा आजसू के रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पर कई गंभीर प्रश्न खड़े किए जा रहे हैं जो की चिंतनीय विषय है। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर को आयोजित पेपर 3 की परीक्षा में सभी 60 सवाल पूर्व में आयोजित परीक्षा में भी पूछे गए थे। इसमें गणित, रीजनिंग व कंप्यूटर विषय शामिल है। गणित विषय के सभी 20 प्रश्न एसएससी सीजीएल 2022 के प्रश्न से हूबहू मेल खाता है। रीजनिंग के भी 20 सवाल एसएससी सीजीएल 2019 के प्रश्नों से हूबहू मेल खाता है। वहीं कंप्यूटर विषय के भी सभी प्रश्न आईबीपीएस आरआरसी 2023 के प्रश्नों से मेल खा रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जेएसएससी ने किस एजेंसी से प्रश्न पत्र सेट कराया। जेएसएससी राज्य की सबसे बड़ी दूसरी नौकरी उपलब्ध कराने वाली संस्था है। उसके द्वारा आयोजित कराए गए परीक्षा में पेपर 3 के सभी प्रश्न विगत वर्षों में हुई परीक्षाओं से हूबहू मिलते-जुलते हैं। ऐसे में यह जेएसएससी और परीक्षा एजेंसी पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। राज्यभर के बहुत सारे परीक्षा केंद्र से कई तरह की गड़बड़ी के मामले छात्रों ने उजागर किया है। कहीं पर प्रश्न पत्र गलत बांट दिया गया, कहीं पर बुकलेट सील टूटा हुआ था। उन्होंने आगे कहा की इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

## नव प्रोन्नत 140 हवलदारों को एसएसपी और सिटी एसपी ने किया सम्मानित

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को नव प्रोन्नत 140 हवलदारों को बिल्ला लगाकर सम्मानित किया। रांची जिले में पदस्थापित 140 एसएलसी उत्तीर्ण आरक्षियों का डीआईजी अनूप बिरथरे के आदेश पर आरक्षी से हवलदार की कोटी में प्रोन्नति दी गई। इसके बाद एसएसपी और सिटी एसपी ने रांची पुलिस लाइन में हवलदार को बिल्ला लगाकर सम्मानित किया। इसके लिए कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में पिपिंग सेरेमनी का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर मेजर, सार्जेंट मेजर और झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन शाखा रांची के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### राज्य में 40 डीएसपी के तबादले

**रांची।** राज्य सरकार ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले 40 डीएसपी रैंक के अफसरों का तबादला किया है। इससे संबंधित अधिसूचना गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने बुधवार देर रात जारी कर दी है।

**इनके हुए तबादले**

- अशोक कुमार राम डीएसपी बेड़ो, रांची।
- नीरज डीएसपी खलारी, रांची।
- राजेश कुमार डीएसपी एटीएस।
- किशोर कुमार रजक डीएसपी एसीबी, रांची।
- मनोज ठाकुर डीएसपी सीसीआर, जमशेदपुर।
- सुनील कुमार चौधरी सिटी डीएसपी, जमशेदपुर।
- पवन कुमार 2 डीएसपी, बड़कागांव।
- अमित कुमार डीएसपी मुख्यालय, हजारीबाग।
- अजीत कुमार विमल डीएसपी, बरही।
- पवन कुमार 1 डीएसपी, पतरातु।
- जय गोविंद प्रसाद गुप्ता डीएसपी मुख्यालय, रामगढ़।
- समीर कुमार सवैया डीएसपी, सरायकेला।
- संतोष कुमार डीएसपी, पाकुड़।
- जयश्री कुजूर डीएसपी मुख्यालय, पाकुड़।
- विद्याशंकर डीएसपी ट्रैफिक, बोकारो।
- नवीन कुमार सिंह डीएसपी, बाघमारा।
- धीरेंद्र नारायण बंका का डीएसपी मुख्यालय 2, धनबाद।
- आशुतोष कुमार सत्यम डीएसपी सिंदरी, धनबाद।
- शकील आबिद शम्स डीएसपी मुख्यालय 1, धनबाद।
- जीतवाहन उरांव डीएसपी गिरिडीह सदर।
- राजेंद्र प्रसाद डीएसपी खोरीमहुआ, गिरिडीह।
- सत्येंद्र प्रसाद डीएसपी मधुपुर।
- अमित कुमार सिंह डीएसपी देवघर।
- अमित कुमार कच्छप डीएसपी जरमुंडी।
- प्रदीप कुमार डीएसपी सिमरिया।
- अमिता लकड़ा डीएसपी मुख्यालय चतरा।
- अवध यादव डीसीपी छतरपुर।
- आलोक कुमार टूटी डीएसपी बिश्रामपुर।
- शिवपूजन बहेलिया डीएसपी महुआटांड़, लातेहार।
- भरत राम डीएसपी बरवाडीह, लातेहार।
- बैजू उरांव डीएसपी सिमडेगा।
- राफेल मुर्मू डीएसपी जगन्नाथपुर, चाईबासा।
- नलिन कुमार मरांडी डीएसपी चक्रधरपुर।
- बहामन टूटी डीएसपी सदर चाईबासा।
- राजेश सिन्हा डीएसपी एस आईआरबी 1 दुमका।
- अनिल कुमार सिंह डीएसपी कोडरमा।
- अशोक रविदास डीएसपी गोड्डा।
- नीरज कुमार सिंह डीएसपी मुख्यालय 1 गिरिडीह।
- नितिन खंडेलवाल डीएसपी बरहरवा, साहिबगंज।
- विनोद रवानी डीएसपी सिल्ली।

### सीसीएल में रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची।** सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार के मार्गदर्शन में केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान का थीम ईमानदारी की संस्कृति, राष्ट्र की समृद्धि के लिए है और यह अभियान 16 अगस्त से प्रारम्भ हो चुका है। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन रोहित साथी, आईडीएसई, ईई, गैरिसन इंजीनियर, एमईएस, रामगढ़ एवं सीएमओ प्रभारी डॉ भास्कर चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम में सीसीएल के कर्मचारियों, श्रमिक संघ के सदस्यों और बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिसमें 30 रक्तदाताओं की जांच की गई तथा 18 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जिसे जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए उपयोग किया जाएगा।

### रांची विवि के अतिथि शिक्षकों का धरना जारी 16 माह से मानदेय का नहीं हुआ है भुगतान




**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को पिछले 16 माह से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है, जिसको लेकर गुरुवार को भी शिक्षक रांची विश्वविद्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन पर डटे रहे। इस दौरान कई बार उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री रामदास सोरेन से अपने वेतन के भुगतान के लिए मांग की गई। वहीं रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा को भी घेरा। लेकिन समुचित उत्तर नहीं मिलने पर संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती है तब तक हम लोग धरना पर ही बैठे रहेंगे। वहीं एक अन्य शिक्षक सूरज विश्वकर्मा ने कहा कि आज हमारे प्रदर्शन के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है, इसलिए सरकार को इस पर जल्द से जल्द निर्णय लेना चाहिए।। धरने पर डॉ धीरज सिंह, निहारिका महतो, रीना कुमारी, डॉ सतीश तिर्की, दो चक्षु पाठक डॉक्टर ताल्हा नकवी, डॉ सय्मा परवीन, दीपशिखा, डॉ हैदर अली, शाहबाज आलम, आदि 60 शिक्षकों से अधिक लोग उपस्थित रहे।

## झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव ने कहा

# होमगार्ड फर्जीवाड़े में कई नाम शामिल

नवीन मेल संवाददाता। रांची



**शिकायतकर्ता के उपर ही प्रशासन ने दर्ज कराया मुकदमा : राजीव तिवारी**

रांची। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने आरोप लगाया है कि रांची जिला के होमगार्ड जवान गणेश शर्मा दूसरे राज्य के व्यक्ति को बिना किसी वैद्य कागजात के फर्जी तरीके से रांची जिला में होमगार्ड में बहाली कराया गया है। इस संबंध में झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव ने 5 फरवरी 2024 को रांची जिला के तत्कालीन जिला समादेष्टा हरिहर मुंडा को शिकायत पत्र दिया था । साथ ही सदर अनुमंडल पदाधिकारी को भी शिकायत पत्र समर्पित किया था। वहीं कहा था कि फर्जी आधार कार्ड, वार्ड पार्षद का फर्जी हस्ताक्षर एवं मोहर का इस्तेमाल कर मूल आवासीय प्रमाण पत्र बनवाया गया है। इस संबंध में निगम पार्षद शशि सिंह ने एक पत्र जारी कर कहा कि रवि शंकर प्रियदर्शी, पिता शिव कुमार शर्मा के द्वारा जो हस्ताक्षर एवं मुहर से निर्गत प्रमाण पत्र अवैध है। मेरे हस्ताक्षर व मुहर का गलत इस्तेमाल किया गया है। इनके शिकायत पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। बल्कि इन्हें ही मानसिक रूप से परेशान किया गया ।

राजीव तिवारी ने रांची जिला के जिला समादेष्टा, होमगार्ड डिजी, उपायुक्त रांची, अनुमंडल दंडाधिकारी रांची और वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को पुनः पत्र प्रेषित किया है। वहीं रांची जिला के होमगार्ड जवान गणेश शर्मा के किए गए गड़बड़ी की जांच करने की मांग की है। श्री तिवारी ने बताया कि गणेश शर्मा ने अपने सगे संबंधियों को फर्जी कागजात के आधार पर आवासीय प्रमाण पत्र बनवाकर रांची जिला के होमगार्ड में बहाल करवाया है जो वर्तमान में रांची जिला होमगार्ड में कार्यरत हैं । श्री तिवारी ने कहा कि यह कैसे संभव है कि जिस अभ्यर्थी की शिक्षा दीक्षा झारखंड में नहीं हुई है जिसके पिता झारखंड के रहने वाले नहीं है एवं जिसका आवास भी रांची में नहीं है उसका आवासीय प्रमाण पत्र रांची जिला से निर्गत हो गया। श्री तिवारी ने कहा कि आखिर क्या कारण है कि शिकायत करने के बावजूद शिकायत पत्र की जांच नहीं की गई। यह राज्य की सुरक्षा से जुड़ा हुआ मामला है।

## पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के नाम बने पार्क की दुर्दशा

# सार्वजनिक शौचालय बना दिया है पार्क को

नवीन मेल संवाददाता। रांची



भारत के राष्ट्रपति रहे डॉ जाकिर हुसैन के नाम से राजधानी रांची में राजभवन के समीप बने पार्क की आज दुर्दशा हो गई है। पार्क के छोर पर आंदोलनकर्मी और धरनाकर्मियों की भीड़ रहती है वहीं दूसरी ओर ऑटो, रिक्शा, फल की दुकानें हैं। वहीं जाकिर हुसैन पार्क के टूटी फूटी चहारदीवारी के पास आस पास के लोग और आने जाने वाले लोगों ने शौचालय बना दिया है क्योंकि आसपास कोई शौचालय नहीं है जबकि सामने वैजिटेबल मार्केट ,ऑटो स्टैंड और नगर निगम की पार्किंग है । डॉ जाकिर हुसैन जैसे महापुरुष के नाम पर बने राजधानी के बीचोंबीच बने पार्क पर किसी की नजर नहीं हैं और ना ही परवाह है। राजभवन के रास्ते से मंत्रियों, विधायकों का गुजरना होता है उसी रास्ते पर यह पार्क बना है लेकिन फिर भी सबकी नजरों से अछूता है। कहा जा सकता है जाने अंजाने लापरवाही के कारण जाकिर हुसैन पार्क का अपमान हो रहा। इस विषय पर नगर निगम रांची उप प्रशासक रवींद्र कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा कि तुरंत करवाई होगी। नगर निगम स्वास्थ्य शाखा से कोर्डिनेशन के साथ साफ सफाई का भी कार्य किया जाएगा।

### ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम के छात्र क्षेत्र कार्य के लिए ठेठईटांगर रवाना

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी क्षेत्र कार्य के लिए सिमडेगा जिला के ठेठईटांगर प्रखंड रवाना हुए। कुल 32 विद्याथीर्यों के साथ 2 प्रशिक्षक भी गए हैं। प्रशिक्षक के रूप में विभाग के दो शिक्षक प्रा. शिरीन गुल और डॉ अटल पाण्डेय विद्यार्थियों को शोध करने के तरीके, तकनीक, विधि एवं क्षेत्र कार्य से संबंधित विषयों पर उनका मार्गदर्शन करेंगे। विभाग के निदेशक डॉ दिनेश उरांव और समन्वय डॉ एसजे मिंज ने छात्रों को क्षेत्र कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए विदा किया। क्षेत्र कार्य के बारे में जानकारी देते हुए विभाग के शिक्षक डॉ अटल पांडे ने बताया कि ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम में क्षेत्र कार्य का स्थान सबसे महत्वपूर्ण होता है।

## सीजीएल के अभ्यर्थी तथ्य लेकर पहुंचे जेएसएससी कार्यालय



नवीन मेल संवाददाता। रांची

जेएसएससी सीजीएल की हुई परीक्षा में अनियमितता का आरोप लग रहा है। इस पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के प्रभारी अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने कहा था कि यदि तथ्य ले कर आए तो हम कार्रवाई करेंगे। इस बात को लेकर अभ्यर्थियों ने गुरुवार को जेएसएससी कार्यालय पहुंचे। अभ्यर्थियों ने कहा कि इस परीक्षा में पूछे गये 72 से अधिक सवाल पिछली प्रतियोगिता परीक्षाओं से हू-बहू मिलते है। उनका कहना है कि गणित में पूछे गये 16 सवाल 2022 में जेएसएससी सीजीएल मेंस से, रिजनिंग में पूछे गये 16 सवाल 2019 में जेएसएससी पीटी, कंप्यूटर के 20 प्रश्न 2023 में आईबीपीएस आरआरबी और जनरल नॉलेज के 20-22 प्रश्न उतर प्रदेश पीसीएस की परीक्षा में आये सवाल से हू-बहू पूछे गये हैं। अभ्यर्थियों का आरोप है कि लैंग्वेज पेपर में पूछे गये सवाल यूपीएससी सीसेट से लिये गये थे जो सिलेबस में नही था। अभ्यर्थियों का कहना है कि पेपर लीक के सारा सबूत जुटाकर यहां पहुंचे हैं। फिलहाल जेएसएससी कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की है। छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने साक्ष्य सौंपा। वहीं सचिव की तरफ से आश्वासन दिया गया कि सोमवार को अधिकारियों की एक बैठक की जाएगी। जिसमें सारे पहलुओं की जांच होगी। गड़बड़ी पाई गई तो सीसीटीवी फुटेज की जांच होगी। जांच के बाद निष्कर्ष तक पहुंचा जायेगा। बता दें कि अभ्यर्थियों की मांग है कि जब तक सारे सबूतों की जांच नहीं हो जाती तब तक आंसर शीट जारी नहीं होना चाहिए।

### रांची वेटनरी कॉलेज में कल मनेगा विश्व रेबीज दिवस

**कुत्तों का निःशुल्क टीकाकरण होगा**

**रांची।** घातक बीमारी रेबीज और इसकी रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाएगा। ग्लोबल अलायंस फॉर रेबीज कंट्रोल द्वारा समन्वित इस कार्यक्रम के लिए इस वर्ष का थीम 'रेबीज की सीमाओं को तोड़ना' रखा गया है। बीएयू के वेटनरी क्लीनिकल कॉम्पलेक्स विभाग के अध्यक्ष डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि इस अवसर पर पशुओं के लिए निःशुल्क टीकाकरण एवं दवा का वितरण होगा। वहीं छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक लोग इसके लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रेबीज एक ट्रांस बाउंड्री बीमारी है। इससे प्रतिवर्ष दुनिया के 150 से अधिक देशों में लगभग 60 हजार लोगों की मौत हो जाती है। इनमें से 95% मामले अफ्रीका और एशिया में होते हैं।

### सीएमपीडीआई और रामकृष्ण टीबी सैनेटोरियम के बीच हुआ एमओए

**रांची।** सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3 ने सीएसआर के तहत 55.86 लाख लागत वाली चिकित्सा उपकरणों की मुहैया कराने को लेकर रामकृष्ण मिशन टीबी सैनेटोरियम तुपुदाना के साथ समझौता ज्ञापन (एमयओए) पर हस्ताक्षर किया है। इस अवसर पर सीएमपीडीआई की ओर से क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती एवं रामकृष्ण मिशन टीबी सैनेटोरियम के सचिव स्वामी सत्संगानंद ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

## महिलाओं की आबरु पर भी रची जाती है राजनीति

# महिलाओं पर राजनेता ना करें राजनीति

काजल मेहता

**रांची।** आज का ये काफी अहम मुद्दा है जिस पर पूरे समाज और राजनीतिक दलों को विचार करने की जरूरत है। इसमें कई ऐसे निजी संगठन भी शामिल है जिन्हे विचार करने की जरूरत है। मुद्दा है, 'स्त्री सुरक्षा' दुष्कर्म जैसे संगीन जुर्म का शिकार महिलाएं एक लंबे समय से होती आई हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक देश भर में हर साल दुष्कर्म के 30,000 से भी ज्यादा मामले सामने आते हैं। वहीं देश में रोजाना 80 से भी अधिक दुष्कर्म के मामले दर्ज होते हैं। कई ऐसे मामले भी जो समाज के डर से चुप्पी साध लेते हैं। ये वो आंकड़े है जो सामने आकर अपनी लड़ाई लड़ती हैं। मगर ऐसे मामले जो सामने नही आते हैं जिन्हे समाज का डर सताता है, जिन्हे लगता है की उनके दुष्कर्म को राजनीतिक मोड़ ना मिल जाए। इंसाफ का तो पता नही मगर राजनीतिक दो- चार रैलियां निकाल कर पक्ष-विपक्ष पर आरोप लगाकर अपनी वाहवाही लूट लेंगे । मगर पीड़िता के इंसाफ का ख्याल सिर्फ खयाल बन कर रह जायगा। निष्कर्ष है कि इस डर से कई पीड़िता अपने साथ हुए जुर्म को खुल कर नही बता पाती। इसलिए यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा की आंकड़े जहां राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक 30,000 से अधिक बताए जा रहें हैं। वहीं गुमनाम आंकड़े इस से भी अधिक हो सकते हैं। फिलहाल कोलकाता में हुए डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या का मामला भी कहीं न कहीं राजनीतिक घेरे में रहा है। गौरतलब है की यूपी में 2019 में हुए हाथरस की घटना में यूपी सरकार को दोष देने वाले राजनेता आज ममता बनर्जी पर दोष देने वालों को गलत साबित कर रहे हैं। यहां सबसे सवाल यह है की अगर महिलाओं की सुरक्षा और आबरु पर भी राजनीति होनी ही है तो बेहतर तरीके से हो। जब हाथरस की घटना में यूपी सरकार दोषी थे तो सरकारी अस्पताल में हुए डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले की जिम्मेदारी भी ममता बनर्जी को लेनी होगी। हालांकि किसी भी घटना में दो वर्ग अहम भूमिका निभाते हैं पहले वो जो सत्ता के भूखे होते हैं। जिन्हे दुष्कर्म की जानकारी मिलते राजनीति शुरू कर देते हैं। सड़कों पर उतरना, पुतला दहन करना पक्ष और विपक्ष के खिलाफ नारे बाजी करना पीड़िता को न्याय दिलाने के नाम पर अपनी वोट बनाना ही कहलाता हैं। यहां इंसाफ की जगह तो नही नजर आती है मगर राजनीतिक मुनाफा जरूर मिल जाता है। दूसरा वर्ग है जिसे आम इंसान कहा जाता है। इनकी भी दुष्कर्म जैसे मामलों में खास भूमिका होती है। कुछ ओंछी मानसिकता के लोग भी पनाह लिए रहते है जो दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम देते है। अब कानून और व्यवस्था की बात करें तो दिल्ली में हुए निर्भया मामले के बाद पॉक्सो एक्ट लाया गया। हां कुछ दिनों तक इसका खौफ ऐसे विकृत मानसिकता रखने वालों के जेहन में रहा मगर आज की तारीख में यह सिर्फ कागजों में है। इसकी जमीनी हालत बिल्कुल ठीक नहीं।

### रांची की प्रिया ने साझा की अपने मन की बात



महिलाओं के साथ हुए घटनाओं को राजनीतिक मुद्दा बनाने से बेहतर है नए सिरे से नए तरीके से इस मुद्दे पर चर्चा हो। ताकि, कल को और किसी की बहन, बेटी, मां, दादी, या महिला समाज का कोई हिस्सा इसका शिकार ना हो। इसी विषय पर राजधानी में पढाई कर रही विद्यार्थी प्रिया ने कहा- महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म को लेकर राजनीतिक पार्टियों को एक दुसरे को सुझाव के माध्यम से महिला दुष्कर्म और असुरक्षा जैसे विपदा से बाहर निकालना चाहिए। लेकिन अक्सर राजनीति में देखने को मिलता है विपक्ष, पक्ष को सुझाव देने के बजाए सवाल उठाने में मगन रहते हैं। कई बार ऐसा भी होता है महिलाएं अपने साथ हुए दुष्कर्म पर आवाज नहीं उठा पाती कारण यह कि दुष्कर्म करता काफी बलवान होते है। जिस कारण पीड़ित महिलएं मौन रहती हैं।

### कांके डैम को प्रदूषण मुक्त कराने के लिए निगम के बाहर प्रदर्शन

**रांची।** जलाशय बचाओ अभियान समिति सदस्यों ने कांके डैम को प्रदूषण, अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए गुरुवार नगर निगम के बाहर प्रदर्शन किया। हाथ में श्लोगन लिखी तख्तियां लेकर समिति सदस्यों ने नारेबाजी की। इस बीच मत्स्य पालक के लिए डैम में मछली पालन के लिए टेंडर निकालने और स्थायी बंदोबस्ती की भी मांग की गई। संगठन के संयोजक अमृतेश पाठक ने बताया कि बारिश के दौरान रातू रोड, पंडरा और कांके रोड से बड़े नालों से डैम में गंदा पानी, कचरा, पॉलीथीन और मल-मूत्र आ रहा है। इससे डैम प्रदूषित हो रहा है। गाद भी जम रही है। प्रदर्शन के बाद निगम प्रशासक को मांगपत्र सौंपा गया।प्रदर्शन में मंटू मुंडा, रमेश मुंडा, बिरसा मुंडा, बबलू, संतोष नायक, करमा लोहरा, शिवा मुंडा, सोनू लकड़ा, आदि शामिल थे।

## डीएसपीएमयू के अधिकारियों का शौचालय टिप-टॉप, छात्र शौचालय में गंदगी ही गंदगी

रजनीश



**महिला शौचालय में लाइट और पानी नहीं**

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं गंदे और बदबूदार शौचालय में जाने के लिए मजबुर हैं। विश्वविद्यालय के पुराने भवन के शौचालय के अंदर जाना तो दूर, आस- पास से गुजरने पर बदबू आती है। पुरुष और महिलाओं दोनों का शौचालय बहुत गंदा है। यदि आप महिला शौचालय जाते हैं तो वहां अपको सांसे रोकनी पड़ेगी। शौचालय में पानी नहीं आता है। इसके अलावा कुलपति, कुलसचिव और जिस भवन में बड़े अधिकारी बैठते है, उस भवन में शौचालय को टिप-टॉप रखा गया है। महिला शौचालय में जब राष्ट्रीय नवीन मेल की महिला संवाददाता शौचालय के अंदर गई तो देखा कि शौच के लिए जो टंकी बनाया गया है। वह टंकी या तो भर गया या फिर उसका पाइप जाम है। क्योंकि शौचालय के पेन में उपर तक गंदगी और यूरीन था, जो बह कर टंकी में नहीं जा रहा था। पूरा गंदगी उपर तक है। महिला शौचालय के अंदर लाइट नहीं थी। अंदर लाइट के लिए खिड़की था जो सुरक्षा के लिहाज से सही नहीं है। वहीं पुरुष शौचालय में भी पानी की व्यवस्था नहीं है। पुरूष शौचालय भी पूरी तरह से गंदा है। पुरूष शौचालय के अंदर जाने के बाद एक मिनट रुकना संभव नहीं है। एक दो छात्रों ने नाम ना छापने की शर्त पर कहा कि इस गंदे शौचालय में जाने के कारण यूरिन संक्रमण हो गया था। छात्र नेता बताते है कि एक साल पहले लाखों रुपए खर्च कर के शौचालय की मरम्मती हुई। उसके बाद भी शौचालय को प्रति दिन सफाई नहीं किया जाता है।

## एक नजर

### सिल्ली में झामुमो का पंचायत स्तरीय कार्यक्रम स्थगित

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत आगामी 29 सितंबर को रांची जिला झामुमो कमेटी के द्वारा प्रखंड के बिसरिया पंचायत स्तरीय झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन एवं मिलन समारोह का आयोजन झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की उपस्थिति में होना तय हुआ था परंतु झामुमो रांची जिला समिति की व्यस्तता होने के कारण अगले आदेश तक यह कार्यक्रम को रद्द किया गया है। उक्त जानकारी झामुमो रांची जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली प्रभारी रामानंद बेदिया ने दी।

### खलारी के मानकी जंगल के गड्ढे में मिला सीसीएलकर्मी का शव

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के मानकी सुभाषनगर पीसीसी पथ के किनारे एक पानी भरे गड्ढे में गुरुवार शाम एक शव मिला। आसपास के ग्रामीणों ने इसकी सूचना खलारी थाना पुलिस को दी। मृतक की पहचान केडीएच परियोजना के वर्कशाप में काम करने वाले 32 वर्षीय प्रेमकुमार सिंह के रूप में हुई है। प्रेम कुमार पिपरवार थाना क्षेत्र के बिलारी गांव का रहने वाला था तथा बचरा बसंत विहार कालोनी में सीसीएल क्वार्टर में रहता था। परिवारवालों के अनुसार प्रेम पिछले 10 दिनों से बचरा स्थित अपने क्वार्टर में नहीं आया था। गुरुवार की सुबह बचरा क्वार्टर पहुंचा था और कुछ देर रहने के बाद वापस चला गया था। मृतक की पत्नी और एक 5 वर्ष का बेटा है। जिस गड्ढे में प्रेम का शव मिला वह गहरा भी नहीं है। वहीं यह रास्ता जंगलों के बीच होकर गुजरता है तथा लोगों की आवाजाही कम रहती है। खलारी थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### विशाल जोड़ा खस्सी फुटबाल टूर्नामेंट के पहले मैच में चामा विजयी

**खलारी।** जय सरना मैदान बगड़ा टोली चोड़ा में गुरूवार को पांच दिवसीय विशाल जोड़ा खस्सी फुटबाल टूर्नामेंट की शुरूआत की गई। इस प्रतियोगिता में लड़कों की चौबीस व लड़कियों की आठ टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट शुभारंभ के दिन मुख्य अतिथि खलारी के मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर खेल की शुरूआत की। अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की प्रतियोगिता से ग्रामीण प्रतिभाएं सामने आती हैं। इससे सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है। टूर्नामेंट का पहला मैच चामा तथा करगे की टीम के बीच हुआ जिसमें चामा की टीम एक गोल से विजयी रही। इस अवसर पर सुनील सिंह, सोनू पांडेय, आयोजन कमेटी के अध्यक्ष विरू उरांव, उपाध्यक्ष संजय उरांव, सचिव इब्राहिम अंसारी, उप सचिव सोबनाथ उरांव सहित कमेटी के अन्य सदस्य व काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

सरल शब्दों के प्रयोग से सरकारी हिंदी और प्रभावशाली होगी : श्रेयषी मिश्रा

# तकनीक के युग में हिंदी का प्रयोग और ज्यादा आसान हुआ : डॉ. अंजेश कुमार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के द्वारा त्रैमासिक हिन्दी बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके उपरांत आमंत्रित अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। बैठक की शुरूआत करते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के कार्यालय प्रमुख ने कहा कि महत्वपूर्ण तिथियों पर कार्यालयों में हिन्दी में परिचर्चा का आयोजन कर हम इस कार्यालय के अधिकारीयों/ कर्मियों को भाषाई शुद्धता के साथ-साथ हिन्दी में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। आमंत्रित अतिथि के रूप में रांची स्थित राष्ट्रीय उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के सेवानिवृत्त हिंदी अधिकारी डॉ अंजेश कुमार थे। मौके पर उन्होंने कहा कि मैंने अपने कार्य अवधि में देखा कि दूसरे भाषा के लोग भी हिंदी सीखने की इच्छा रखते हैं। वैसे ही हिंदी भाषी लोगों को भी दूसरी भारतीय भाषा सीखने से परहेज नहीं करना चाहिए। इससे हिंदी का और विस्तार होगा और दूसरे भाषाई लोगों से संबंध भी सुधरेंगे। डॉ कुमार ने आगे कहा कि हिंदी का कार्यक्षेत्र फैला है, और गूगल ट्रांसलेशन जैसी तकनीकों से इसका और विकास हुआ है। आमंत्रित अतिथि वरिष्ठ पत्रकार श्रेयषी मिश्रा ने कहा कि हिन्दी भाषा के प्रयोग में साहित्यिक भाषा शैली की जगह आम बोल चाल की शैली में सरल भाषा का प्रयोग होना चाहिए, यह आसानी से समझ में आती है और संवाद बेहतर होता है। पत्र सूचना कार्यालय रांची के मीडिया एवं संचार अधिकारी राजेश सिन्हा ने कहा कि हमें हिन्दी को और सशक्त रूप से आगे बढ़ाने की जरुरत है, और इसके प्रयोग में एक पिछड़े दृष्टिकोण से देखने से बचना चाहिए। केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय ने कहा की इस तरह की बैठक से हिन्दी में कैसे शुद्धता के साथ अधिक से अधिक काम हो।

# मैकलुस्कीगंज में वायु सेना के पूर्व सार्जेंट के घर डेढ़ लाख की लूट



**खलारी।** मैकलुस्कीगंज थाना अंतर्गत हेसालौंग निवासी वायु सेना के पूर्व सार्जेंट श्रीभगवान सिंह के घर बुधवार देर रात हथियारबंद अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। श्रीभगवान सिंह खलारी स्थित भारत गैस के वितरक संजीवनी भारत गैस सर्विसेज के संचालक भी हैं। घटना के संबंध में श्रीभगवान सिंह ने बताया कि बुधवार देर रात करीब तीन बजे पांच की संख्या में अज्ञात लोग उनके घर में घुस आए। सभी के हाथ में कट्टा था तथा वे लोग मुंह बांधे हुए थे। सभी 20 से 30 साल के अंदर के उम्र के थे। घर में वे, उनकी पत्नी व एक बेटी थी। अपराधियों ने सभी को जगाया और हथियार के बल पर कब्जे में ले लिया। इसके बाद नगदी के तलाश में आलमारी का लाक तोड़ दिया। पलंग, अटैची आदि में रखा सामान बिखेर दिया। उन्होंने बताया कि उन्हें व उनकी बेटी को एक कमरे में तथा पत्नी को दूसरे कमरे में रखे हुए था। करीब एक घंटे तक घर की तलाशी लेने के बाद सभी चले गए। अपराधी करीब डेढ़ लाख रूपए नगद, सीसीटीवी कैमरा का डीबीआर, चार मोबाइल साथ ले गए। अपराधियों ने श्रीभगवान सिंह के परिवार के साथ किसी तरह की बदसलूकी नहीं की। सूचना मिलने पर पहुंचे मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविन्द कुमार, अवर निरीक्षक व जवानों ने घर व आसपास घूमकर जानकारी ली। इसी दौरान चारो मोबाइल फोन फेका हुआ मिल गया। दो फोन का बैटरी निकाला हुआ था, जबकि दो एंड्रायड फोन चालू हालत में था। अपराधी घर के पीछे तरफ की चारदीवारी फांद कर अंदर घुसे थे।

## न्यूज | बॉक्स

### तेज बारिश से घर हुआ जमींदोज, पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे डॉ. परमेश्वर भगत



**मांडर।** हम सभी ग्रामीण अत्यंत गरीबी रेखा के अंतर्गत आते हैं, हमारी कोई भी काम सीधे तौर पर नहीं होती हैं, सरकार की सभी योजना में बिचौलियों का बोलबाला है, अबूआ आवास में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचारी चरम सीमा पर है उक्त बातें मांडर प्रखंड के ग्राम करगे के ग्रामीणों ने अपनी आपबीती बताते हुए डॉ. परमेश्वर भगत से कही। ज्ञात हो कि पिछले माह तेज बारिश से मांडर प्रखंड अंतर्गत करगे गांव में कई गरीबों का घर गिर गया। तत्पश्चात ग्रामीणों ने अंचल प्रखंड का चक्कर लगा कर थक गए। ग्रामीणों के अनुरोध पर आज पूर्व डीडीसी सह भावी मांडर विधानसभा विधायक प्रत्याशी डॉ परमेश्वर भगत ने उक्त गांव के जमीनदोज हुए घरों का निरीक्षण कर लोगो से सीधा संवाद किया। तत्पश्चात डॉ. भगत ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उच्च अधिकारी से इसकी शिकायत की और अनुरोध किया कि पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द आपदा से संबंधित मुहैया राशि एवं विशेष कोटा से अबुवा आवास प्रदान किया जाए। पीड़ित परिवार का नाम मोहन उरांव, सुनीता उरांव, रंजित उरांव, बैला उरांव, सीता उरांव, मुनुवा उरांव, रतु उरांव और बूदी उरांव शामिल है।

### उलिहातु में ग्रामसभा आयोजित, सरकारी योजनाओं पर हुई चर्चा



**अड़की।** गुरुवार भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातु में ग्राम सभा का आयोजन हुआ। अयोजन में अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अड़की, थाना प्रभारी और ग्राम प्रधान सुखराम मुंडा मुखिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिसमे उलिहातु ग्राम की समस्याओं पर चर्चा हुई और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, पोस्ता की खेती के नुकसान, अफीम के कानूनी पहलू, डायल 112, डायन प्रथा, मानव तस्करी, और संडक सुरक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में उलिहातु और आसपास के लगभग 150 से अधिक ग्रामीण शामिल हुए।

### राजस्थान के सीएम का मारवाड़ी समाज करेगा स्वागत



**रांची।** राइजिंग राजस्थान प्रवासी एवं इंडस्ट्रीयल मीट के तत्वाधान मे 28 सितंबर को शाम 5:30 बजे से पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल मे राजस्थान प्रवासी एवं इंडस्ट्रीयल मीट का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे। एवं कार्यक्रम को संबोधन करेंगे कार्यक्रम को सफल बनाने तथा वृहत स्तर पर तैयारियां हेतु एक बैठक महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में किया गया। बैठक में मारवाड़ी समाज के सभी प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी संस्थाओं द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। बैठक में राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि अमित सिंघल, हिंगलाज दान रतनू, रोहित शर्मा, पूर्व सांसद महेश पोद्दार, पूर्व सांसद अजय मारू, निकुंज पोद्दार,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### इंजीनियरिंग छात्र-छात्राओं के बीच अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया गया



**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत रामडेरा पॉलिटेक्निक कॉलेज में सिल्ली थाना के द्वारा अवेयरनेस प्रोग्राम गुरुवार को चलाया गया। जिसमें इंजीनियरिंग के छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज में सीनयर छात्राओं के द्वारा नए एडमिशन लिए हुए छात्र- छात्राओं को रैगिंग का शिकार होना पड़ता है जो एक कानूनी अपराध है। अक्सर कॉलेज में रैगिंग से परेशान छात्र-छात्राए आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाते हैं। आये दिन कहीं ना कहीं घटना कॉलेज में सुनने को मिलती रहती है इसे देखते हुए जो भी छात्र या छात्राएं रैगिंग करते हुए पकड़े जाएंगे तो उनके ऊपर सख्त कानूनी करवाई की जाएगी। वहीं साइबर क्राईम, सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

### आम जनता रिम्स के आकर करें ब्लड डोनेशन : पीआरओ

**रांची।** रिम्स के ब्लड बैंक में ब्लड की कमी हो गई है। मरीजों को ब्लड चढ़ाने के लिए परिजनों को जद्दोजहद करना पड़ रहा है। विदित हो कि रिम्स झारखंड के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। पूरे झारखंड से लोग यहाँ इलाज कराने आते हैं। ऐसे में ब्लड का शॉर्टेज होना मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इस संबंध में रिम्स के पीआरओ डॉक्टर राजीव रंजन से राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने बात की। उन्होंने बताया कि रिम्स के ब्लड बैंक में ब्लड की कमी है। रोजाना जितनी जरूरत है उससे कम ब्लड है। इसकी कमी को दूर करने के लिए हमलोग लगातार ब्लड डोनेशन कैंप लगा रहे हैं। आम जनता से अनुरोध है कि तीन महीना में एक बार ब्लड डोनेशन जरूर करें। इससे शरीर स्वस्थ रहता है।

तिरुपति बालाजी मंदिरों का हो उच्च स्तरीय जांच : स्वामी श्री सीताराम

# मंदिरों का हो उच्च स्तरीय जांच : स्वामी श्री सीताराम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
तिरुपति मंदिर में प्रसादम को गंभीर रूप से अपवित्र करने पर राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण जी महाराज आहत हैं। उन्होंने कहा कि इस दुर्भाग्यजनक महापाप की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कर दोषियों को कठोरतम सजा होनी चाहिए। साथ ही भगवान के भक्तों को समाविष्ट कर ऐसी व्यवस्था की भी सुनिश्चित करनी चाहिए जिसमें इस तरह के षड्यंत्र की कोई संभावना न रह सके। उन्होंने कहा कि तिरुपति बालाजी मंदिर से मिलने वाले प्रसादम की पवित्रता के संबंध में आस्थावान हिंदुओं की अगाध श्रद्धा होती है। दुर्भाग्य से इस प्रसाद को निर्माण करने वाले घी में गाय व सूअर की चर्बी तथा मछली के तेल की मिलावट के अत्यंत दुखद हैं। सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आज देश में जितने मुख्य मन्दिर हैं सरकार से मुक्त कर निजीकरण किए जाने की जरूरत है। कहा की तिरुपति बालाजी मंदिर का संचालन आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित बोर्ड करता है। वहां केवल प्रसाद निर्माण के मामले में ही हिंदू आस्थाओं के साथ खिलवाड़ नहीं किया गया, अपितु हिंदुओं के द्वारा अत्यंत श्रद्धा भाव से अर्पित की गई राशि आणि चढ़ावा के सरकारी अधिकारियों व नेता, मंत्रियों द्वारा दुरुपयोग के भी कष्टकारी समाचार मिलते रहते हैं।

### सीएमपीडीआई ने चलाया विशेष अभियान

**रांची।** सीएमपीडीआई रांची स्थित अपने मुख्यालय तथा 6 राज्यों में फैले सभी क्षेत्रीय संस्थानों में विशेष अभियान 4.0 चला रही है। इस विशेष अभियान 4.0 का उद्देश्य स्वच्छता को संस्थागत बनाना और कार्यालयीन स्थानों के विस्तार, पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को अपनाने, अपशिष्ट से धन निर्माण, कचरा निपटान, समावेशिता आदि पर ध्यान केन्द्रित करना है।
सीएमपीडीआई ने अब तक स्वच्छता अभियान के लिए 33 स्थलों की पहचान की है, जिससे 52 हजार 764 वर्ग फुट क्षेत्र की सफाई हो जाएगी जबकि 214 भौतिक फाइलों को हटाया जाएगा और 824 ई-फाइलों को बंद किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सीएमपीडीआई ने 2023 में विशेष अभियान 3.0 के तहत 32 साइटों के लक्ष्य के मुकाबले 37 साइटों को साफ किया। 100 के लक्ष्य के मुकाबले 1770 भौतिक फाइलों को हटाया गया और 700 के लक्ष्य के मुकाबले रिकार्ड संख्या में 12 हजार 269 ई-फाइलें बंद करके सभी लक्ष्यों को बड़े अंतर से प्राप्त किया।

# कैंसर से पीड़ित पत्रकार अनवर फिदवी ने मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
कैंसर से पीड़ित पत्रकार ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कैंसर के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है। अनवर हुसैन उर्फ अनवर फिदवी पिछले दो दशकों से विभिन्न उर्दू दैनिक समाचार पत्रों से जुड़े हैं। उन्होंने मदद की आस जताई है। बीमारी के कारण वे पिछले कई महीनों से आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। झारखंड जर्नीलिस्ट एसोसिएशन ने 2 अगस्त 2024 को उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री से अनवर की मदद के लिए एक मांग पत्र सौंपा। हालांकि, उपायुक्त ने इस पत्र को एक महीने तक अपने पास रखा और 12 सितंबर 2024 को झारखंड सरकार के अवर सचिव को पत्रांक संख्या 1187 के माध्यम से भेजा। अनवर फिदवी का इलाज रांची स्थित टाटा कैंसर अस्पताल में चल रहा है, जहां वे कीमोथेरेपी और महंगी दवाओं के खर्च में आर्थिक रूप से टूट चुके हैं। हजारीबाग संगठन के जिला अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता ने भी समाजिक संगठनों से अनवर की मदद करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि वे ऐसे पत्रकार, जो हमेशा समाज की आवाज उठाते रहे हैं, आज आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं। उन्हें आशा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनकी आवाज सुनेंगे और उनकी मदद करेंगे।

स्कूली बच्चियों को बैड टच और गुड टच में अंतर बता रही खुशबू

# बच्चियां ना हो किसी भी शोषण का शिकार इसलिए जरूरी है यह ज्ञान : खुशबू



*बच्चियों को पढ़ाई के साथ साथ ऐसे विषयों का भी ज्ञान देना जरुरी है। जिसे समझ कर बच्चियां सतर्क और सावधान रहेगी*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड राज्य में महिला सुरक्षा एक अहम मुद्दा है। इस मुद्दे पर अक्सर कई संस्थानों द्वारा मुहिम चलाई जाती है। महिला सुरक्षा को लेकर प्रशासन से लेकर सरकार तक जागरूकता और शिक्षा की बातें करते है। इसी बीच एक तस्वीर बुंडू की सामने आ रही है जहां बुंडू की महिला थाना प्रभारी खुशबू विद्यालयों में जाकर बच्चियों को गुड टच बैड टच में अंतर, आत्म सुरक्षा जैसे बातों से संबधित शिक्षा दे रही हैं। थाना प्रभारी खुशबू ने बताया कि नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामले आते है। पोक्सो एक्ट जैसे मामले भी आते हैं। ऐसे में बच्चियों को पढ़ाई के साथ साथ ऐसे विषयों का भी ज्ञान देना जरुरी है। जिसे समझ कर बच्चियां सतर्क और सावधान रहेगी। बुंडू महिला थाना प्रभारी ने बताया कि महिला थानों में अक्सर दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, पति-पत्नी कलह, पारिवारिक कलह जैसे मामले आते हैं। एक महीने में महिला थाने में लगभग 100 मामले आते हैं। जिन्हें जल्द से जल्द हल करने का प्रयत्न किया जाता है। हालांकि कई बार ऐसे मामले भी आते है जिन्हें हल करने के लिए पुलिस को साइकोलॉजिस्ट की जरुरत भी पड़ती है। साथ ही तकनीकी सुविधाओं की भी जरुरत पड़ती है। बुंडू महिला थानों में ज्यादा तर ऐसे मामले आते हैं जिसे सुलह करवाया जा सकता है। वर्तमान समय में दहेज मामले, प्रेम जैसी बातें ज्यादातर देखने को मिलती है जिससे समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना बहुत ही जरूरी है, नहीं यह और फैलता जायेगा।

श्री रामायण आदर्श प्रचार मंडल के तत्वाधान में शारदीय नवरात्र महोत्सव का भव्य आयोजन

# 76 वर्षों से होते आ रहा है नवाह्न पारायण पाठ व दुर्गा पूजा महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री रामचरित्र मानस के नवाह्न पारायण पाठ एवं दुर्गा पूजा का आयोजन करने वाली राज्य की सबसे पुरानी संस्था श्री रामायण आदर्श प्रचार मंडल के द्वारा सन 1948 से शारदीय नवरात्र में मारवाड़ी स्कूल के प्रांगण में आयोजन होता आ रहा था। गत वर्ष संस्था के 76 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस वर्ष भी नवरात्र महोत्सव का भव्य आयोजन चिन्मय आश्रम, दक्षिण पथ लेक रोड में संस्था द्वारा किया जा रहा है। जहां तीन अक्टूबर से प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक रामचरितमानस के नवाह्न पारायण पाठ एवं आरती किया जाएगा। 12 अक्टूकर को विजयादशमी पर सुबह 8:00 से 10:00 तक सुंदरकांड पाठ एवं हवन का आयोजन चिन्मय आश्रम, लेक रोड दक्षिण पथ में किया जाएगा। वहीं वृहद भंडारे का आयोजन दोपहर 12:00 बजे से जेजे रोड, साबू ट्रेडर्स के पक्के पर अपर बाजार में किया जाएगा। इस आयोजन को भव्य बनाने हेतु संस्था के सभी सदस्य पूर्ण रूप से समर्पित है। बैठक में चयनित पदाधिकारी की सूची में संरक्षक पुरुषोत्तम साबू, गौरी शंकर साबू, ज्योति बजाज, रमेश धरनीधरका एवं संजय सराफ। अध्यक्ष- मुदित धरनिधरका, उपाध्यक्ष- विशाल सरायका, सचिव- गिरीश अग्रवाल, सह सचिव- अजय गोयल, कोषाध्यक्ष- संजय सराफ, सह कोषाध्यक्ष- शरद धरनिधरका, प्रवक्ता- अमित प्रकाश बजाज, सह प्रवक्ता- पंकज चौधरी होंगे। उपरोक्त जानकारी संस्था के प्रवक्ता अमित प्रकाश बजाज द्वारा दी गई।

पड़हा जतरा को लेकर हुई बैठक

# शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयी




**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
मांडर के मुड़मा में आगामी 18 एवं 19 अक्टूबर को लगने वाले पारंपरिक राजकीय ऐतिहासिक पड़हा जतरा के सफल संचालन को लेकर गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक केंद्रीय राजी पड़हा जतरा मुडमा संचालन समिति के मुख्य संयोजक धर्मगुरु बंधन तिग्गा की अध्यक्षता में आयोजित की गइ। बैठक में पाहन, पड़हा राजा, बेल, दीवान, और कोटवार सहित अन्य पारंपरिक सदस्यों ने हिस्सा लिया व पारंपरिक विधि-विधान पर गहन विचार-विमर्श किया। दोपहर में स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें जतरा के दौरान पेयजल, बिजली की नियमित आपूर्ति, शौचालय की व्यवस्था, और जतरा के इर्द-गिर्द शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि आगामी 1 अक्टूबर को एक और बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ सांसद, विधायक, जिला परिषद, मुखिया, पंचायत समिति और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा।

# स्वच्छता व एक पेड़ मां के नाम जागरूकता कार्यक्रम राज्यभर में किया गया आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
स्वच्छता ही सेवा-2024, 'एक पेड़ मां के नाम' आदि विषयों पर झारखंड के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को को राजकीय कृत श्री सद्गुरु प्रताप हरी प्लस टू उच्च विद्यालय चैनपुर पलामू, ओकनी सदर प्रखंड हजारीबाग तथा राजकीय मध्य विद्यालय सिलादोन खूंटी में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही साथ अधिक से अधिक स्वच्छता जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु राजकीय कृत श्री सद्गुरु प्रताप हरि प्लस टू उच्च विद्यालय चैनपुर पलामू में शपथ ग्रहण जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, पौधरोपण आदि अभियान चलाया गया। साथ ही साथ विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन और विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं व्यक्तिगत कलाकार मुन्ना लोहार द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय सिलादोन खूंटी में अपने गीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया , साथ ही साथ पौधारोपण भी विद्यालय प्रांगण में किया गया। इसके अलावा ओकणी सदर प्रखंड हजारीबाग में भी पंजीकृत दलों द्वारा अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान कलाकारों को विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण व अन्य उपस्थित लोगों का पूरा सहयोग मिला। ज्ञात हो कि इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान का थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता है। इंडिविजुअल कलाकार मुन्ना लोहार की प्रस्तुति बहुत सराहनीय रही । लोग मनोरंजन के साथ स्वच्छता और पेड़ लगाने के अभियान के प्रति मोटिवेट हुए। मुन्ना लोहार ने स्वयं भी पेड़ लगाकर उपस्थित जनों को इस स्वच्छता व पेड़ लगाने की अभियान के लिए प्रेरित किया। आज के सभी कार्यक्रमों को लोगों ने प्रेरित करने वाला व लाभप्रद बताया ।

## एक नजर

### भाजपा की परिवर्तन यात्रा का डाड़ी प्रखंड में स्वागत करने का लिया निर्णय

**गिद्दी।** भाजपा डाड़ी प्रखंड कमेटी कार्यकताओं की बैठक गुरुवार को बलसगरा में हुई। बैठक में कल 27 सितंबर को प्रखंड में भाजपा की परिवर्तन यात्रा को गिद्दी दामोदर नदी पुल के पास से स्वागत करने और यात्रा में शामिल लोगों को नया मोड़ कुजू तक ले जाने का की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूनामेंट का भव्य आयोजन पटेल स्टेडियम बलसगरा में करने का निर्णय लिया गया। परिवर्तन यात्रा में सांसद मनीष जायसवाल, राकेश प्रसाद और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रहेंगे। बैठक में जिप सदस्य सह भाजपा नेता सर्वेश कुमार सिंह, रंजीत पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, वकील महतो, रीमा देवी, सुरेश केशरी, अशोक कुमार उपस्थित थे।

### कर्मचारियों की लंबित पेंशन को लेकर केंद्रीय कोयला मंत्री से मिले यूनियन के पदाधिकारी


**रामगढ़।** टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन के राकोमयू के नेता मंगलवार को केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन में लगभग 7 वर्षो से लंबित 61 वर्ष में रिटायमेंट हुए कर्मचारियों के पेंशन से जुड़ी अहम जानकारी साझा की। नेताओं ने कहा कि टाटा स्टील में यह प्रावधान था कि 60 साल नौकरी के बाद जो कर्मचारी स्वस्थ पाए जाते थे, उनका एक साल अतिरिक्त सेवाकाल की वृद्धि की जाती थी। बाद में उनका 61 वर्षो तक का पेंशन जोड़कर एकमुस्त पेंशन के रुप में मिलता था। उन्होंने बताया कि इसमें लगभग 350 कर्मचारी जो टाटा स्टील में 61 आयु तक नौकरी कर सेवानिवृत हुए थे, उन्हें इस सुविधा के लाभ से वंचित होना पड़ा है।

### सड़क पर ही खड़ी होती है गाड़ियां, पूजा के दौरान खरीदारी में होती है दिक्कत

**मांडू।** मांडू चट्टी बाजार आसपास के ग्रामीणों की खरीदारी का मुख्य बाजार है। यहां पर भुतही, गरगाली, टकहा, बीस माईल, बोंगाहरा, पुंडी जैसे क्षेत्र के लोग रोजमर्रा की खरीदारी हो या त्यौहारों की खरीदारी इसी बाजार से करते हैं। बाजार नेशनल हाईवे के किनारे स्थित है। त्योहारों के समय दुकानदार सड़क किनारे हैं अपनी दुकान सजा लेते हैं। वही टेम्पू चालक भी अपनी वाहन को हाईवे पर जैसे तैसे खड़ा कर देते है। जिसके कारण बाजार में खरीदारी करने आए लोग अपने वाहनों को सड़क पर ही खड़ा करने को विवस रहते हैं। जिससे पूजा के समय जाम की स्थिति बनी रहती है। मांडू चट्टी बाजार में अमूमन सभी तरह के दुकाने है। जहां ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों को आसानी से सभी जरूरत की सामान उपलब्ध हो जाता है।

बेस में दो दिवसीय जितिया मेला का सांसद ने किया उद्घाटन

# जितिया पुत्रों के प्रति लंबी आयु की कामना का पर्व है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पंचायत बेस अवस्थित जितिया मेला मंडप मैदान में जितिया मेला समिति, बेस द्वारा दो दिवसीय जितिया मेले का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर किया। यहां पहुंचने पर सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से पारंपरिक नृत्य- संगीत के साथ फूल माला पहनाकर और माथे में मुकुट पहनाकर किया गया। यहां बड़ी संख्या में उपस्थित माता-बहनों और भाइयों के साथ सांसद मनीष जायसवाल ने पूजन स्थल पहुंचकर माथा टेका और उनके संग ढोल, मांदर और नगाड़े की थाप पर यहां अखाड़ा में सजे मंच में हो रहे पारंपारिक झूमर नृत्य को देख खुद मांदर पर थाप लगाकर और अखाड़ा नृत्य करके मेले के आयोजन समिति का हौसलावर्द्धन किया। यह मेला पूर्व में एक दिवसीय होता था लेकिन पिछले साल से ही सांसद मनीष जायसवाल के अपील पर आयोजन समिति ने विस्तार करते हुए दो दिवसीय आयोजन किया है। वर्तमान साल पहली बार सांसद मनीष जायसवाल के पहल से ही यहां मेले में झूला लगा है।

मानव विकास संस्था के तत्वावधान में कृषकों को मिला प्रशिक्षण

# अब किसी ग्रामीण को मजदूरी के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं : बीरबल

*ग्रामीणों को बिना मिट्टी का पौधा तैयार करने तथा उन्नत फसल के लिए प्रशिक्षण दिया गया*



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के ग्राम चामुदोहर में मानव विकास संस्था के तत्वावधान में कृषक गुरुकुल खोला गया। जिसमें ग्रामीणों को बिना मिट्टी का पौधा तैयार करने तथा उन्नत फसल के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के तहत महिला मंडल के सदस्य एवं किसान क्लब के सदस्यों के माध्यम से प्रैक्टिकल कर बिना मिट्टी के टमाटर, मिर्ची और बैंगन का पौधा तैयार करने की शुरूआत की गयी है। संस्था सचिव बीरबल प्रसाद ने ग्रामीणों को बताया कि गुरुकुल में हमलोग कम से कम पानी का प्रयोग करके और काम लागत में अधिक से अधिक खेती करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी पुरुष को बाहर जाकर काम करने की जरूरत नहीं होगी। घर में रह कर अपने ही गांव में खेती बारी करके अपने परिवार के लिए जीविकोपार्जन करेंगे। साथ ही प्रत्येक गांव में दो-दो नर्सरी तैयार करने को कहा जिससे लोग कम से कम पैसे में पौधों को बेच कर अपना जीविकोपार्जन कर सकते हैं। वहीं बीरबल प्रसाद ने कहा कि कृषक गुरुकुल में बरकट्ठा के ग्राम मेरमगड्डा, गोरहर, चामुदोहर और खैरियो में दो-दो यूनिट में गेंदा फूल की खेती की भी शुरूआत किया जा रहा है। संस्था का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेती बारी कर लोग आत्मनिर्भर बनें। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थाकर्मी राहुल कुमार, रोबिन कुमार, मरियादास बास्के, कार्तिक महतो, रोहित टुडू, अंजू मुर्मू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### डीपीएस छात्र राजेश कुमार का ताइक्वांडो खेल अंडर-14 कैटेगरी में जिला स्तर पर चयन



बरकट्ठा। प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के राजेश कुमार का ताइक्वांडो खेल अंडर-14 कैटेगरी में खेलो झारखंड के तहत जिला स्तर पर हुआ चयन हुआ है।विदित हो कि 5 अक्टूबर को गणपत राय स्टेडियम (खेल गांव रांची) में राज्य स्तरीय चयन के लिए रवाना होंगे। अगर वहां उनका चयन होता है तो वो झारखंड राज्य का नेतृत्व करेंगे। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडियन के राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में यह खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत आयोजित होता है। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। विद्यालय प्राचार्या स्वाती रंजन ने कहा कि विद्यालय में छात्रों के हर क्षेत्र के विकास का ध्यान रखा जाता है। छात्र जिस लक्ष्य का चुनाव करता है उसी के अनुरूप प्रशिक्षण भी दिया जाता है। प्रशिक्षक गुलाम हसन इस सफलता का श्रेय बच्चों के कठिन अभ्यास और उनके लगन को दिया।

### डीएवी के साईं को आर्चरी में मिला रजत पदक



**बरही ।** सीबीएसई द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल की 11वीं के छात्र साई विशाल ने तीरंदाजी में रजत पदक प्राप्त किया है. उक्त जानकारी डीएवी के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने दी. उन्होंने बताया कि बीते 22 से 25 सितंबर के बीच जमशेदपुर में आयोजित किया गया था. रजत पदक लाने वाले छात्र अब 22 से 26 अक्तूबर तक नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे. इस सफलता के लिए प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने रजत पदक विजेता साईं को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है. उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे डीएवी मैनेजमेंट का मेहनत रंग लाया है. उनके विद्यालय के शिक्षको ने समर्पित और निष्ठित होकर शिक्षा के साथ खेल व अन्य क्षेत्रों में विद्यार्थियों को अव्वल बनाने में सार्थक प्रयास किया है, इसके लिए उन्होंने डीएवी के सभी कर्मियो को हार्दिक बधाई दी है.

### युवा कांग्रेस, कांग्रेस पार्टी की रीढ़ : रियाज अहमद




**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रामगढ़ जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अजीत करमाली एवं संचालन ताहिर अली ने किया । सम्मेलन के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रियाज अहमद थे। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस कांग्रेस पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने कहा की हमने भी युवा कांग्रेस में काफी लंबे समय तक काम किया है। उन्होंने कहा की युवा कमेटी के बिना कोई भी चुनाव जीता नहीं जा सकता है। युवा कांग्रेस हर बूथ में पांच-पांच लोगों को जोड़कर आगामी आनेवाले विधानसभा चुनाव कि तैयारी में लग जाए। चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। इसी तरह हर प्रखंड, हर पंचायत में युवा कांग्रेस कस बूथ सम्मेलन आयोजन किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग कांग्रेस में शामिल हो और कांग्रेस की नीति सिद्धांतों का जन जन तक प्रचार प्रसार हो । उन्होंने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन कार्यक्रम में जिला सचिव आरिफ अंसारी, संजय महली, अनूप महतो, राजू कुमार, शाहिद अंसारी, मुहाजिद अंसारी, लखेश्वर कुमार, रोहित करमाली, जावेद खान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**कुजू।** क्षेत्र के सुगिया स्थित फुटबॉल मैदान में विगत बुधवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई। इस दौरान प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी फुटबॉल टूर्नामेंट सुगिया में आयोजित करने के संबंध में आपस में विचार- विमर्श किया गया। बैटक की अध्यक्षता प्रेमचन्द्र मुण्डा व संचालन बीरबल मुंडा ने किया। सर्वसम्मति से इस टूर्नामेंट में मनी प्राइज विजेता को 51 हजार रुपया बड़ा ट्रॉफी, उपविजेता को 41 हजार रुपया, छोटा ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। वहीं दोनों सेमी फाइनल के उपविजेता टीम को 51- 51 सौ रुपए प्रदान किया जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 16 टीम भाग लेंगी।

पीएम नरेंद्र मोदी 02 अक्टूबर को हजारीबाग में, गणमान्य लोगों ने स्थल का लिया जायजा

# राज्य के विकास और भविष्य के लिए इस यात्रा का है विशेष महत्त्व : सांसद



- झारखंड प्रांत में चल रही भाजपा के परिवर्तन यात्रा का करेंगे समापन
- झारखंड की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का दिलाएंगे संकल्प
- पीएम मोदी के हजारीबाग आगमन को लेकर जनता उत्साहित

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 02 अक्टूबर 2024 को हजारीबाग आगमन को लेकर गुरुवार को भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान का निरीक्षण कर जायजा लिया। इससे पहले सभी नेताओं ने झारखंड पुलिस एकेडमी के हेलीपेड और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के ग्राउंड का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम स्थल मटवारी स्थित गांधी मैदान पंहुचकर सभी ने तैयारी का जायजा लिया। टेंट- पंडाल का कार्य शुरू हो चुका है। यहां पहुंचे जिला प्रशासन के कई अधिकारियों से भी इन्होंने संयुक्त रूप से समन्वय हेतु वार्ता किया। कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के पश्चात राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने बताया की झारखंड प्रांत के सभी 6 मंडलों में भाजपा के संगठन के दृष्टि से चल रही परिवर्तन यात्रा के समापन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आगमन हजारीबाग में होने जा रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ राज्य की जनता के लिए अपार हर्ष और उत्साह की बात है की उनके प्रिय नेता जिनके हृदय में झारखंड बसता है वो फिर से झारखंड आ रहें हैं निश्चित रूप से जब पीएम मोदी झारखंड आते हैं तो खाली हाथ कभी नहीं आते। झारखंड के लिए हमेशा उपहारों और योजनाओं की सौगात लेकर आते हैं।

### युवती ने पंखे से लटककर की आत्म हत्या

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुसुंभा पंचायत की एक युवती नाम रूबी कुमारी पिता शंभू सिंह उम्र 19 वर्ष लगभग, गिरिडीह जिला के स्मार्ट वैल्यू (प्राइवेट कंपनी )मे कार्यरत थी । झारखंड के पवित्र प्राकृतिक पूजा कर्मा मनाने अपने घर कुसुंभा आई हुई थी , पूजा करने के पश्चात वह पुनः स्मार्ट वैल्यू में काम करने के लिए प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 सितंबर 2024 को जिला गिरिडीह राज्य झारखंड चली गई । महज चार दिनों के काम करने के बाद दिनांक 23 सितंबर 2024 को रूबी कुमारी जिला गिरिडीह के जिस किराए के मकान में रहती थी , उसी मकान के कमरे में पंखे से लटका हुआ रूबी कुमारी का शव मिला । जिसकी जानकारी गिरिडीह पुलिस प्रशासन को मिली , पुलिस प्रशासन के द्वारा तुरंत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर आनन फानन में मुफस्सिल थाना गिरिडीह में एफआईआर दर्ज की गई एवं जांच जारी है ।युवती के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वह इंसाफ के लिए भटक रहे हैं।

# प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को लेकर अंचलाधिकारी ने छात्रों को दिए टिप्स



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड अंतर्गत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में गुरूवार को अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा ने नवमी एवं दसवीं के छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए कई टिप्स दिए। उन्होंने मैट्रिक के बाद होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की जानकारी छात्राओं को दी। कहा कि मेडिकल परीक्षा के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री तथा बायोलॉजी विषय की विशेष तैयारी करनी होती है तथा इंजीनियरिंग की परीक्षा के लिए मैथ, फिजिक्स एवं केमिस्ट्री की तैयारी करनी पड़ती है। कहा कि इन परीक्षाओं को पास करने के लिए इंटरमीडिएट ऑफ साइंस में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उन्होंने नीट तथा जेईई परीक्षा की तैयारी के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। कहा कि ग्रेजुएशन के बाद विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षा में आपको शामिल होने का अवसर मिलता है। इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को नाइंथ व टेंथ की पढ़ाई बेहतर रूप से करनी चाहिए। उन्होंने अपने छात्र जीवन के उतार-चढ़ाव को रोचक ढंग से बताते हुए छात्राओं को प्रेरित किया।

विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो नेता ने की बैठक

# कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में झामुमो को विजयी बनाने का लिया संकल्प



*झामुमो कार्यकर्ताओं ने बरकट्ठा विधानसभा सीट से झामुमो को विजय बनाने का संकल्प लिया। वहीं बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने कहा कि इस बार भी बरकट्ठा सीट पर जेएमएम का झंडा लहराएगा*

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में बैठक आहूत की गई।बैठक प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कुदूस अंसारी की अध्यक्षता में हुई। वहीं पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव की उपस्थिति में पंचायत कमिटी, बूथ कमिटी और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने बरकट्ठा विधानसभा सीट से झामुमो को विजय बनाने का संकल्प लिया। वहीं बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बरकट्ठा सीट पर जेएमएम का झंडा लहराएगा। साथ ही राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बनेगी। हेमंत सरकार गरीबों व दलितों की सरकार है। वह हमेशा गरीबों का साथ देती है और योजनाओं से लाभ लेता है। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं से राज्य की जनता के बीच हेमंत काफी लोकप्रिय हो चुके हैं। बैठक में झामुमो केंद्रीय सदस्य बासुदेव प्रसाद, चन्द्रदीप पाण्डेय, प्रमोद गुप्ता, राजाराम मांझी, महेश मांझी, तालो मरांडी, रामदेव चौधरी, संजय कुमार साव, अकल मांझी, शिबू मांझी, राम सहाय मांझी, राजेंद्र ठाकुर, कारू साव, सोमर मांझी समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

राधा गोविन्द विवि फार्मेसी विभाग विश्व फार्मेसिस्ट दिवस मनाया

# समाज को स्वस्थ बनाने में फार्मेसिस्ट का महत्वपूर्ण योगदान होता है : कुलपति




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** 25 सितम्बर को राधा गोविंद विश्वविद्यालय फामेर्सी विभाग एवं राधा गोविंद फामेर्सी कॉलेज ने संयुक्त रूप से वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं केक काट कर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे पर सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि समाज को स्वस्थ बनाने में फार्मेसिस्ट का महत्वपूर्ण योगदान होता है। फार्मेसी विभाग के डॉ के पी सिंह ने दवाओं के प्रयोग एवं दुष्प्रभाव के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। सचिव प्रियंका कुमारी ने फार्मेसिस्ट के विस्तृत योगदान के बारे में चर्चा की और उन्होंने बताया कि फार्मासिस्ट का भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में भी अहम योगदान प्रदान करता है। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किए गए। इसके अलावा क्विज, भाषण, पेंटिंग, कबड्डी, शतरंज, लूडो एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने काफी उत्साह के साथ सभी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। राधा गोविंद फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य साई प्रकाश पाणिग्राही ने अच्छे फार्मासिस्ट बनने के लिए छात्रों को उत्साहित किया। मौके पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, फामेर्सी विभाग के डॉ कौशल कुमार महतो, जयिता राय, झरना पलाई, सुरोजित बर्मन, अरूप गोस्वामी, सुमित महाराणा, सस्मिता भाग्यश्री, राम सोनी, आलोक कुमार, डॉ राहुल कुमार, सूर्य नारायण एवं विभाग के अन्य व्याख्याता शामिल थे।

खोडाहार हॉल्ट निर्माण संघर्ष समिति ने विरोध कर डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

# खोडाहार हॉल्ट बनने से मात्र एक गांव को लाभ मिलेगा, जबकि दर्जनों गांवों वंचित रह जायेंगे



**बरही।** खोड़ाहर हॉल्ट निर्माण संघर्ष समिति ने पूर्व मध्य रेलवे धनबाद के मंडल व उप मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर बरकाकाना कोडरमा रेल खंड पर खोड़ाहर के समीप रेलवे हॉल्ट निर्माण की मांग की. संघर्ष समिति के लोगों ने केदारुत में हॉल्ट निर्माण को लेकर किए जाने वाले सर्वे का विरोध किया. बताया गया कि वर्तमान में जिस स्थान पर हॉल्ट निर्माण की बात कही जा रही है उससे मात्र एक गांव को लाभ मिलेगा, जबकि दर्जनों गांव के लोग रेलवे के लाभ से वंचित रह जायेंगे. इसके साथ ही देश के दूसरे सबसे बड़े कृषि अनुसंधान केंद्र, पशुपालन विभाग के कर्मियो, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व कर्मियो को यह लाभ नहीं मिल सकेगा. दर्जनों गांव के किसान भी इसके लाभ से वंचित रह जायेंगे, जिससे उन्हें कृषि उत्पाद को एक जगह से दूसरे जगह तक के जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. इसके लिए उन्हें लगभग 15 किमी दूरियां तय करनी पड़ेगी. वहीं ओवरब्रिज के समीप हॉल्ट बनाए जाने से सभी लोगो को लाभ मिलेगा. साथ ही विभाग को अधिक रेवेन्यू भी मिलेंगे. इस बाबत पशुपालन विभाग, आईसीएआर, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय सहित ग्रामीणों ने पूर्व में भी मांग पत्र दिया जा चुका है.

हजारों साल पूरानी मूर्तियां बनी आकर्षण का केंद्र

# आस्था का बड़ा केंद्र है कमला माता मंदिर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** दैहर में सनातन देवी देवताओं की अदभुत मुर्तियाँ हैं। सारी मुर्तियाँ बेहद प्राचीन हैं। इतिहास कार इसे सातवीं आठवीं शताब्दी के होने का दावा करते हैं। सभी मुर्तियां हजारों साल पूराने होने के बावजूद काफी जीवंत हैं। इन्हें काफी अच्छे से सहेज कर रखा गया है। ग्रामीण काफी भक्ति भाव से हर दिन पूजा अर्चना करते हैं। मुर्तिकला निर्माण तथा स्थापत्य कला के ऐसे लगभग एक दर्जन से अधिक प्रतिमायें भारत की गौरवशाली अतीत तथा इस क्षेत्र के पौराणिक होने के बड़े प्रमाण के साथ आज भी दैहर के कमला माता मंदिर में 1950 से स्थापित किया गया था। सभी मुर्तियां उस समय ग्रामीणों के उत्खनन में बरामद हुआ था। ग्रामीणों ने खुदाई में सौ से अधिक मुर्तियाँ बरामद की थी। इनमें से कई खंडित मिले, कुछ की देखरेख के अभाव में चोरी हो गई। सारी प्रतिमायें लगभग दो से ढाई फीट की तथा काले पत्थर की हैं। इनमें सबसे अधिक भगवान बिष्णु की प्रतिमा अलग अलग मुद्रा में हैं। वहीं आदि देव भगवान भाष्कर की बेहद आकर्षक मुर्ति है। गजानन का चार हाथों का नृत्य के भाव में प्रतिमा है। उमा महेश्वर की प्रतिमा रोचक प्राचीन इतिहास का धोतक है। ग्रामीण काफी भाव से देखभाल कर रहे हैं। आरंभ में मिट्टी के मंदिर में सभी को स्थापित किया गया। बाद के सालों में मंदिर का निर्माण बेहतर किया गया। छ साल पूर्व कमला माता मंदिर परिसर का सुंदरीकरण तत्कालीन विधायक मनोज यादव के अनुशंसा पर किया गया। आज यह पूरा परिसर बेहद आकर्षक तथा सुंदर रुप से स्थापित है। मंदिर के प्रति लोगों में आस्था अदभुत है। हर ग्रामीण छोटे बड़े आयोजन में मत्था टेककर शुरूआत करते हैं। परिसर में बेहद भव्य दुगार्पूजा का आयोजन होता है जिसमें पूरे नौ दिनों तक राष्ट्र स्तर के प्रवक्ता भगवत पाठ करते हैं।

## एक नजर

### युवाओं को ठगना बंद करें हेमंत सोरेन- अनिरूद्ध सिंह

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा गुरुवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा लिए गए परीक्षा में हुई धांधली का आरोप लगाकर जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया।मौके पर भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार एक भी परीक्षा निवाद रूप से संपन्न कराने में सफल नहीं हो पाई है। यहां हर परीक्षा का परिणाम पैसों में बिकता है इसीलिए परीक्षा से पहले ही चाहे वह सीजीएल हो या जेपीएससी हो पेपर लीक हो जाते हैं मौके पर जिला महामंत्री विनोद बडाईक चंदन प्रसून, उपाध्यक्ष सुबास महतो, राहुल मिश्र, निशांत कुमार, हिमांशु कुमार, रोहित कुमार, शिव शंकर कुमार, मनोज कुमार , गजानंद बेसरा सुरजन बडाईक उपस्थित थे ।

### कांग्रेस विस युवा अध्यक्ष ने मदिरा व्यवसाय को लेकर दिया ज्ञापन

बरही । बीते दिन कांग्रेस के बरही विस युवा अध्यक्ष मनोहर यादव ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मुलाकात किया. इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगो को व्यवसाय उपलब्ध करवाने पर चिंता जाहिर किया. साथ ही ज्ञापन पत्र भी सौंपा. युवा नेता ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में मदीरा व्यवसाय पर अब तक किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं लगाई है, जबकि वह व्यक्तिगत रूप से इस प्रकार के धंधे के पक्षधर नही हैं. फिर भी राज्य सरकार ने मदीरा व्यवसाय के लिए विदेशी कंपनियों को ठेका दे रखा है. जो राज्य के विभिन्न लाइसेंस प्राप्त शराब दुकानों में आपूर्ति कर रहे है. ऐसे में स्थानीय मदिरा व्यवसाई का हक मारा जा रहा है. इस व्यवसाय में लगे लोग खुद को ठगे से महसूस कर रहे है. राज्य का पैसा बाहर जा रहा है, जो अनुचित है.

### सहायक अध्यापक संघ ने डीईओ व डीएसई से की मुलाकात

**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के टेट पास सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश महासचिव संजय मेहता के नेतृत्व में सहायक अध्यापकों ने जिले के डीईओ प्रवीण रंजन और डीएसई आकाश कुमार से मिलकर ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में लिखा है, कि हजारीबाग जिला में लगभग 3650 सहायक अध्यापक कार्यरत हैं जो अल्प मानदेय पर 24 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। हाल ही में जिले में संचालित खेलो झारखंड प्रतियोगिता में खेल शिक्षक के अतिरिक्त सहायक शिक्षकों एवं सहायक अध्यापकों का प्रतिनियोजन जिला कार्यालय से किया गया है। जिसमें एक -दो प्रखंड से ही बार-बार सहायक शिक्षक एवं सहायक अध्यापकों का प्रतियोजन किया जाता है। खेलो झारखंड में या अन्य किसी भी तरह के कार्यक्रमों में जिले के नजदीकी प्रखंडों से सहायक अध्यापकों का प्रतिनियोजन किया जाय, विभिन्न परीक्षाओं जैसे मैट्रिक, शिक्षकों का प्रतिनियोजन जिला कार्यालय के द्वारा किया जाता है।

---

#### प्रसव के नाम पर उगाही करने के मामले में प्रशासन ने लिया संज्ञान

# अस्पताल पहुंचे चिकित्सा पदाधिकारी व थाना प्रभारी, निदेशक को लगाई जमकर फटकार

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**



प्रसव के नाम पर हजारों रुपयों की उगाही करने, डिलीवरी में शिशु की मौत होने और पुरा बिल चुकता करने तक महिला को अस्पताल में ही रखने के मामले में प्रशासन ने संज्ञान लिया है.इस मामले को लेकर गुरुवार को प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. देवव्रत और तिसरी के थाना प्रभारी रंजय कुमार भंडारी रोड स्थित लक्ष्मी अस्पताल पहुंचे. हालांकि इससे पहले ही अस्पताल प्रबंधन ने उस महिला को छोड़ दिया था. मौके पर एक भी डॉक्टर या एएनएम नहीं पाए गए. इस दौरान डॉ. देवव्रत ने अस्पताल के डायरेक्टर को जमकर फटकार लगाई. उन्होंने पैसे के लिए प्रसुता को नहीं छोड़ने के मामले को अमानवीय बताया। साथ ही बगैर सीजर किए नॉर्मल डिलीवरी में 32000 का भारी भरकम बिल बना देने के सवाल पर डायरेक्टर ने चुप्पी साध ली. वहीं थाना प्रभारी रंजय कुमार ने भी अस्पताल प्रबंधन को फटकारते हुए गरीबों का दोहन न करने की बात कही। मौके पर डॉ. देवव्रत ने अस्पताल के डायरेक्टर जमाल अंसारी से अस्पताल द्वारा पंजीयण व अन्य कागजातों की मांग की. जिसपर डायरेक्टर ने बक्से में कागजात रहने का हवाला देकर एक घंटे का समय मांगा. वहीं अस्पताल में मरीज एडमिट रहने के बावजूद डॉक्टर या कंपाउंड नहीं रहने को लेकर भी प्रभारी ने सवाल खड़े किए. जिसके बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सारे कागजातों के साथ अस्पताल प्रबंधन को अपने कार्यालय आने को कहा. इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.देवव्रत ने कहा कि मामले को लेकर उन्हें लिखित शिकायत मिली थी. जिसको लेकर उन्होंने सीएस के आदेश पर लक्ष्मी अस्पताल का निरीक्षण किया. अस्पताल प्रबंधक से सभी कागजात मांगे गए हैं, जिसके बाद रिपोर्ट तैयार कर सिविल सर्जन को भेजा जाएगा और सीएस के आदेश पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### डेंटल कॉलेज व श्रीनिवास अस्पताल ने निःशुल्क दंत व स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**हजारीबाग।** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में चरही स्थित बेहरा पंचायत भवन में स्थानीय मुखिया देवकी महतो के सहयोग से दिन गुरूवार को निशुल्क दंत एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ नेत्र एवं रक्त परीक्षण के साथ-साथ टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट एवं दवा वितरण किया गया। शिविर का कुल 45 मरीजों ने लाभ उठाया। डॉक्टरों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। हजारीबाग डेंटल कॉलेज डेमोटांड के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हजारीबाग डेंटल कॉलेज का उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है। शिविर के मरीजों के दांतों की सफाई जैसे बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है और इसके लिए अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हमारी डेंटल कॉलेज परिवार की कोशिश है कि निशुल्क शिविर का लाभ जन- जन तक पहूंचे तथा इससे हर जरूरतमंद लाभान्वित हो।

### परिवर्तन यात्रा में सांसद रवि किशन ने झारखंड सरकार के खिलाफ बरसे

**बड़कागांव।** हिंदू में जातिवादी नहीं सिर्फ हिंदूवादी होनी चाहिए। जात-पात में बाटोगे तो हिंदू काटोगे। लव जिहाद के माध्यम से झारखंड में हिंदुओं की संख्या साजिश के तहत घटाई जा रही है। भाजपा की सरकार झारखंड में बनते ही केंद्र सरकार की खजाना झारखंड के लिए खुल जाएगी। जिस जिस राज्य में डबल इंजन की सरकार रही है उस राज्य में विकास की गंगा बह रही है। उक्त बातें भोजपुरी फिल्म स्टार सह गोरखपुर यूपी के सांसद रवि किशन ने बड़कागांव स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के बतौर कही। भाजपा द्वारा पूरे झारखंड में परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की गई है। सांसद श्री किशन ने सभा को भोजपुरी से का हाल बाद सब बनी के से शुरूआत करते हुए आगे कहा कि झारखंड में एक साजिश के तहत हिंदुओं की संख्या घटाने के लिए लव जिहाद चल रही है।

---

#### तिसरी में आदिवासी अधिकार सम्मान सम्मेलन का आयोजन

# विधायक बने और हेमंत सरकार बनी तो फिर से ढ़िबरा चालू होगा : राजकुमार



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**
तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में गुरुवार को भाकपा माले द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आदिवासी अधिकार सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोगों का जुटान हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत दुखन मुर्मू और संचालन अरविन्द मुर्मू ने किया। वहीं मौके पर मुख्य रूप से धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा चलाई जारी महत्वाकांक्षी योजनाओं की जमकर सराहना की साथ ही मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने अबुआ आवास,मईया सम्मान योजना, 200 यूनिट मुफ्त बिजली समेत कई महत्वाकांक्षी योजनाओं से लोगों का भला किया है। वहीं दूसरी तरफ केंद्र की मोदी सरकार के महंगाई के मार से जनता कराह रही है। खाद्य पदार्थों के दाम आसमान छू रहे हैं,दवाइयों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। भाजपा आम जनता की नहीं बल्कि पूंजीपतियों की पार्टी है। वहीं उन्होंने कहा कि यदि वे विधायक बनते हैं और राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार आती है तो निश्चित रूप से ढ़िबरा चालू होगा।

### न्याय यात्रा रांची के लिए हुआ रवाना

**रामगढ़।** आदिवासी धर्म गुरुओं के मान सम्मान के रक्षा के लिए दुर्गा महारानी सेना आध्यात्मिक अंग लुगु बाबा सेवा समिति स्वेंभू बजरंगबली सरकार एवं जाहेर थान हेतु न्याय यात्रा गुरुवार को रामगढ़ के पटेल चौक से रांची रवाना हुई। रांची के लिए रवाना होने से पूर्व पटेल चौक रामगढ़ में प्रिंस राज वर्धन ने बताया कि यह न्याय यात्रा बूटी मोड़ से राजभवन तक जाएगी। इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।


**कार्यालय ,वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग**
**पश्चिमी वन प्रमंडल**
**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन विभाग में वनरक्षी, वनपाल, कार्यालय कर्मी के पद पर नियुक्ति कराने की गलत सूचना समाचार पत्रों, ई–मेल इत्यादि के माध्यम से प्राप्त हो रही है। अतः इस सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सतर्क किया जाता है कि हजारीबाग जिला स्तर पर वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कार्यालय में वनरक्षी, वनपाल, कार्यालय कर्मी या कोई अन्य पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया नहीं की जा रही है। कोई भी नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना से राज्य स्तर पर किया जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति आपसे वन विभाग में किसी भी पद पर नियुक्ति के नाम पर राशि का मांग करता हो तो यह आपके साथ धोखाघड़ी किया जा रहा है, ऐसे लोगो से सतर्क रहें तथा ऐसी स्थिति में इसकी सूचना वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमण्डल के कार्यालय में दें या मोबाईल संख्या 8809417894 ई0मेल– **dfo-hazaribaghwest@gov.in** पर सूचित करें।

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR 337240 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)D


---

#### उपायुक्त ने किया ग्रामीण विकास विभाग, पंचायत राज विभाग व जेएसएलपीएस की समीक्षा

# अबुआ आवास निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को ग्रामीण विकास विभाग, पंचायत राज विभाग एवं जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा ग्रामीण विकास के तहत विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। इस दौरान अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए लाभुकों का आवास निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिए गया। तथा छत ढ़लाई हो चुके घरों में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजन करने की बात कहीं। इसके अलावा अबुआ आवास योजना लाभुकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त राशि का भुगतान करना है, जिसकी समीक्षा कर ससमय राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को दो दिन के अंदर जियो टैगिंग कर रिपोर्ट ग्रामीण विकास विभाग को देने का निर्देश दिया। साथ ही जिन लाभुकों के द्वारा लिल्टन लेवल का निमार्ण कार्य किया गया उसका तीसरी किस्त का राशि ससम पर भुगतान करने की बात कहीं। उपायुक्त महोदय ने प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण की समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाते हुए आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहां। उन्होंने ने मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिये।

### हाथियों के आने की सूचना पर विधायक ने गांवों का किया दौरा

**ठेठईटांगर।** प्रखण्ड में एक बार फिर से लगभग 2 दर्जन हाथियों के झुंड के आने की ग्रामीणों से मिली सूचना पर गुरुवार को क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं के साथ अंबापानी, बरपानी, केराटोली, गिरजाटोली आदि क्षेत्र का भ्रमण कर हाथियों से बचाव के सामग्री जुट बोरा, डीजल, मोबिल, पटाखें, टार्च आदि ग्रामीणों के बीच वितरित किया। इस दौरान ग्रामीणों से विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने सुरक्षा के लिए सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या या आफत खासकर हाथियों के आने की जानकारी उन्हें जरूर दें ताकि समय रहते उनसे जानमाल की रक्षा हेतु आवश्यक कार्य किया जा सके। हाथियों के आने की सूचना पर ग्रामीण कभी उन्हें किसी भी तरह से न छेड़े। गांव के आस-पास से हाथियों को दूर रखने के लिए लाल मिर्च और खैनी डांटी को चूर कर उसे आग में जलाए ताकि उसके धुआं से हाथी भाग जाए। वहीं विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिया की गांव वालों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए और उनके सम्पर्क में रखकर स्थिति पर नजर बनाए रखे। वही उन्होंने यह भी कहा कि अगर सूचना के बाद भी वन विभाग कोई कार्रवाई नही करता है तो उनपर भी कार्रवाई किया जाएगा।मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, ठेठईटांगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज, मुहम्मद वहीद असजद अफ्रीदी कासिफ राजा और ग्रामीण उपस्थित थे।


**JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD.**
**MCH BUILDING, RCH CAMPUS, NAMKUM, RANCHI – 834010.**
**(CIN – U855100JH2013SGC001276)**
**E-mail:jmhidpc2014@gmail.com**
**Website: https://jmhidpcl.jharkhand.gov.in/**
**GST NO: 20AADCJ4293L2ZH, PAN NO: AADCJ4293L**

**Bid Ref. No. JMC/NIT-24/Vehicles/18 Date: 24.09.2024**

**Hiring of Vehicle for Drugs and Medical Good Transportation.**

The **(JMHIDPCL), Ranchi** hereby invites separate **Technical Bid** and **Financial Bid** (two envelope system) through e-procurement from eligible Bidder.
The Bid documents with detailed conditions can be viewed and downloaded through website http://jharkhandtenders.gov.in and should be submitted through e-procurement system only. The eligible Bidder(s) willing to participate must be registered in e-procurement portal.

| Particulars | Date & Time |
|---|---|
| Date of Publication of Bid | 27-09-2024 |
| Bid Submission Start Date | 09-10-2024 |
| Bid Submission Closing Date & Time | 14-10-2024 03:00 PM |
| Bid Opening Date for Technical Proposal | 15-10-2024 03:00 PM |
| Application Fee (Non-Refundable) | 5900/- (Rupees Online payment Gateway) |
| Earnest Money Deposit | Rs 50,000/- (Rupees Online payment Gateway) |
| Contact/ Helpline No. of E-Procurement Cell | +91-8709368893 |
| Pre-bid meeting Date & Time | 01-10-2024 at 03:00 PM |

Note: The above dates may change due to declaration of holidays. In the event of any of the dates being declared as a holiday for the office of the JMHIDPCL, the Bids will be opened on the next working day at the appointed time.
JMHIDPCL reserves the right to amend or withdraw any of the terms and conditions contained in the Bid document including quantity/ number of items to be supplied or to reject any or all Bids without giving any notice or assigning any reason. The decision of the Managing Director, JMHIDPCL in this regard shall be final.

**Managing Director.**
**JMHIDPCL.**

PR 337257 Jharkhand Medical & Health Infrastructure Dev & Procurement Corp Ltd(24-25).D


---

#### जन जागरण केंद्र व कौशल विकास कार्यक्रम में शामिल हुई शेफाली गुप्ता

# महिलाओं को आर्थिक विकास व रोजगार के नए अवसर देने की दिशा में प्रयासरत हूं



**हजारीबाग।** शहर के मटवारी स्थित जन जागरण केंद्र हजारीबाग में उद्धमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम में बतौर अतिथि ओम आरोहणम्‍ संस्थान के संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। ओम आरोहणम्‍-संस्थान के संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता एवं अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का किया। मुख्य रूप से सेवानिवृत्त सरकारी ऑफिसर आर डी त्रिपाठी, क्षेत्रिय प्रशिक्षिका ज्योत्सना गुडिया, सक्सेसफुल एंटरपेनियर राकेश कुमार, डीआईसी सिरीश त्रिपाठी, संजय सिंह एवं उमेश प्रताप सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। जहां भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता एवं अन्य गणमान्य लोगों ने हजारीबाग की 27 बहनों एवं दीदीयों को पीएम जनकल्याणकारी योजना से आत्मनिर्भर बनने हेतु 45 दिन का ट्रेनिंग पूर्ण करने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र के हर पंचायत एवं गांव- गांव में जाकर प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया। जिसका प्रतिफल से हमारी कई बहनों एवं दीदीयों ने जागरूक होकर आत्मनिर्भर बनने का सकारात्मक प्रयास किया है।

### फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा के अनदेखे नायक : डॉ पीके नायक

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के हुटपा पंचायत में आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के फामेर्सी विभाग की ओर से एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 लोगों का रक्तचाप, मधुमेह, वजन, पल्स आदि की जांच फामेर्सी विभाग के डॉ आलोक राय के देखरेख में डी. फार्म के सहायक प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने किया। मौके पर लोगों को उचित परामर्श भी दिए गए। साथ ही आवश्यक दवाइयां भी निः शुल्क प्रदान की गई। जांच शिविर को लेकर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दरअसल इस तरह के शिविर नागरिकों के स्वास्थ्य की स्थिति को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से कई गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सकता है और उनका उपचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी क्षेत्र के अलग-अलग गांवों और पंचायतों में ऐसे शिविर लगाए जाएंगे ताकि स्वास्थ्य को लेकर लोगों में और जागरूकता बढ़े।


**Office Of The Executive Engineer**
**Water Ways Division, Hazaribagh.**
**Very Short Notice Inviting e- Quotation**
**Office Email Id- eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in**

**No: WRD/WWDivision, Hazaribag/Quotation-04 /2024-25 Date: 25.09.2024**

Rates through e-quotation of materials/ Items are invited for framing of estimate for repair/Purchase/Supply of items in Inspection Bunglow as annexed in Annexure-I from reputed manufacturer/Authorised dealers/suppliers and other stakeholders authorised for respective items having valid GSTIN of materials. The rate shall be submitted online in the website www.jharkhand tenders.in . Details of material, design criteria and its specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 26.09.2024 at 11:00 hours to 02.10.2024 at 15:00 hrs.

The quotation will be opened on 04.10.2024 at 12:00 hours. The quotation is invited to access the rate for repair /purchase/supply of items for framing of estimate.

**Executive Engineer, Water Ways Division,**
**Address-WaterWays Division, Hazaribag**
**Mobile number-7280967608**

PR.NO.337122 Water Resource(24-25):D


---

# बरकट्ठा पुलिस ने दो ब्राउन शुगर तस्कर को दबोचा, भेजा जेल



**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने दो ब्राउन शुगर तस्कर को दबोचा है। इस संबध में थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कहा है कि गुप्त सूचना मिली की घंघरी में दो व्यक्ति के द्वारा ब्राउन शुगर का कार्य किया जा रहा है। छापामारी करने के क्रम में पुलिस ने दो लोगों को दबोचा।जिसके बाद पूछताछ किया गया।दोनो से करीब 14 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। जिसकी पहचान अंजन कुमार राणा पिता चमारी राणा ग्राम सोहरा थाना चौपारण तथा रामकिसुन राणा पिता रामेश्वर राणा ग्राम कुनडुवा थाना बरही ज़िला हजारीबाग निवासी को गिरफ्तार किया। इस मामले को लेकर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 187/24 में प्राथमिकी दर्ज की गई। साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### गोविंदपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच बैग और कॉपी का वितरण

**रामगढ़।** विगत बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के परिसर में वर्ग प्रथम से अष्टम तक के 110 बच्चों को बैग और कॉपी प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मांडू चट्टी की मुखिया अनीता देवी एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बालेश्वर भुईयां उपस्थित हुए । मुख्य अतिथि मुखिया अनीता देवी ने बच्चों को बैग और कॉपी देते हुए प्रतिदिन समय पर स्कूल आने को कहा।

### कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने प्रखंड के दर्जनों गांव में चलाया जनसंपर्क

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा के कांग्रेस नेता सह उप विजेता डॉ आरसी मेहता के नेतृत्व में कार्यकताओं के साथ सदर प्रखंड के हथामाढी बांका कुद रेवाली बाना दाग कटकमदाग मसरतों इत्यादि दर्जनों गांव में जनसंपर्क किए जनसंपर्क। नगवां के अनुसूचित जाति की स्थिति को देखते हुए डॉ मेहता ने नुक्कड़ सभा में कहा कि हजारीबाग जिले में किसन मजदूर बेरोजगारो की स्थिति अच्छी नही है ।आजादी के बाद भी इनकी स्थिति दयनीय है, जो चिंता का विषय है सरकार को किसान मजदूर पर विशेष सहानुभूति और सहयोग की जरूरत है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से मांग करता हूं, कि किसान मजदूर बेरोजगार विद्यार्थियों को को विशेष सुविधा दिया जाए जनसंपर्क के दौरान सैकड़ो लोगो से मिले और सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए सैकड़ो लोगो से रूबरू हुए। ग्रामीणों से सवाल जवाब भी किया गया है सबो ने जवाब देते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की बात कहीं। कांग्रेस के नेता डॉ आरसी मेहता ने ग्रामीणों से सवाल जवाब किया।

# ठाड़ीमहुआ गांव में डायरिया का प्रकोप, ग्रामीणों में दहशत



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड के ताराटांड़ पंचायत के ठाड़ीमहुआ निवासी झगरू भोक्ता ने बताया कि मेरा पुत्र दिपक भोक्ता डायरिया बिमारी की चपेट में आकर पीएमएसीएच धनबाद में भर्ती है जिसकी हालत काफी नाजुक बनी हुई है। और मेरा पत्नी पतिया देवी व बहु शांति देवी दोनों अहिल्यापुर मोड़ में एक निजी अस्पताल में इलाजरत है। कहा सुद लेने वाला भी कोई नहीं है। सूचना पाकर एएनएम व सहिया उक्त डायरिया फैले आवास पहुंचे व उक्त घर के चारों ओर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया और उससे बचने के लिए उक्त घर वालों व आस पास के लोगों को सुझाव दिया। बताते चलें कि उप स्वास्थ्य केन्द्र ताराटांड़ जो एक सामुदायिक भवन में संचालित है और ग्रामीणों ने बताया कि यह कभी कभी खुलता है। अगर सही समय पर उक्त परिजनों को डायरिया बचाव को लेकर सही दिशा स्वास्थ्य टीम के द्वारा मिला होता तो उक्त परिजन परेशान नहीं होते। इधर गांडेय सीएचसी के प्रभारी डा अबु कासिब हसन ने बताया कि ठाड़ीमहुआ गांव में स्वास्थ्य टीम पहुंची व मदद करने में जुटे हैं।


**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**-:आम सूचना:-**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

हेमचन्द घोष
↓
उमा शंकर घोष | शिव शंकर घोष (मृत) | गौरी शंकर घोष (मृत) | विजय शंकर घोष (मृत) | तारा शंकर घोष (मृत) | निहार बाला घोष (मृत)
उमा शंकर घोष ↓
दीपक कुमार घोष | सीमा घोष

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 337236 District(24-25).D

संपादकीय

# स्वर्गीय घाटी में शांति से रिकॉर्ड मतदान

कभी लाल चौक पर तिरंगा फहराना युद्ध जीतने जैसा खतरनाक काम था आज वहां शान से तिरंगा लहरा रहा है और रिकॉर्ड मतदान हो रहा है जो शुभ संकेत है। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में लोग, बिना किसी भय के मतदान कर रहे हैं। दहशतगर्दों द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा डालने की तमाम धमकियों के बीच केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के एक लाख जवानों ने राज्य में 3 टायर सिक्योरिटी सिस्टम लागू किया है। यह एक ऐसा अचूक सिस्टम है, जिसमें पॉलिटिकल पार्टी के कार्यकर्ता और आम लोग, चुनाव प्रचार से लेकर मतदान करने तक की प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। बुधवार को दूसरे चरण का मतदान है। इसमें भी लोगों की भारी संख्या मतदान करने निकली है। 18 सितंबर को पहले चरण की वोटिंग में 24 सीटों पर 61 फीसदी मतदान हुआ था। जम्मू कश्मीर में तीसरे चरण के तहत एक अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। मतगणना चार अक्तूबर को होगी। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के विश्वस्त सूत्रों ने बताया, ऐसे कई खुफिया अलर्ट मिलते रहे हैं, जिसमें आतंकियों द्वारा मतदान प्रक्रिया को बाधित करना भी शामिल है। चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों के कैंप, नाके एवं बैरक को निशाना बनाने जैसे इनपुट भी मिले हैं। इनके सबके मद्देनजर जेकेपी के साथ मिलकर थ्री टायर सिक्योरिटी सिस्टम लागू किया गया है। इसमें कहीं से कोई ऐसी गुंजाइश नहीं छोड़ी गई, जिसमें किसी दहशतगर्द को मतदान केंद्र या वोटरों तक आने का मौका मिले। चुनाव आयोग के निदेशों के मुताबिक, सभी उम्मीदवारों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की गई है। पहले चरण के मतदान के बाद कई जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था को और ज्यादा पुख्ता बनाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सुरक्षा बलों को एक फुल प्रूफ सिक्योरिटी सिस्टम तैयार करने का निर्देश दिया था। जम्मू कश्मीर में मौजूद आतंकी संगठन, चुनाव में बाधा पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं, इसके मद्देनजर जेएंडके में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के एक लाख से अधिक जवानों को चुनाव प्रक्रिया में उतारा गया है। थ्री टायर सिस्टम के अनुसार, इलेक्शन बूथ पर जेकेपी के साथ मिलकर अचूक सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों ने बूथ की अचूक सुरक्षा की है। इस सुरक्षा घेरे में आतंकियों का प्रवेश करना बेहद मुश्किल है। दूसरा सुरक्षा घेरा, निकटवर्ती अप्रोच रोड पर बनाया गया है। इसके बाद तीसरा घेरा, नाका पार्टी द्वारा तैयार किया गया है। ड्रोन व सीसीटीवी कैमरे की मदद से भी चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है। केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश 18 अगस्त को ही जारी कर दिया गया था। राज्य में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 465 अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा 315 कंपनियां, बाहर से बुलाई गई हैं। साथ ही राज्य में 150 कंपनियां ऐसी रही हैं, जो पहले से ही वहां पर तैनात थी। केंद्रीय बलों की इन कंपनियों को उनके ओरिजनल प्लेस पर ही तैनात किया गया है। मतलब, जम्मू कश्मीर के जिस क्षेत्र में ये कंपनियां तैनात थी, उन्हें वहीं पर ही चुनाव में तैनात कर दिया गया है।

> जम्मू-कश्मीर के विस चुनाव में लोग, बिना किसी भय के मतदान कर रहे हैं। दहशतगर्दों द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा डालने की तमाम धमकियों के बीच केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के एक लाख जवानों ने राज्य में 3 टायर सिक्योरिटी सिस्टम लागू किया है।

# विकसित भारत के लिए पर्यटन : हमारे प्रथम 'अतुल्य भारतीय' का विजन




गजेंद्र सिंह शेखावत
केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, भारत सरकार।



एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एम्बेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीक उसी तरह यहाँ भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है। पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए मैंने सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं। मैं यह देखकर अत्यंत विस्मित और प्रेरित होता हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री सदैव पर्यटन को अत्यंत महत्व देते हैं। एक प्रधानमंत्री के रूप में वे निरंतर हमें यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए 'सरकार के प्रत्येक स्तर' पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लम्बा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है। इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विजीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पिछले वर्ष जी-20 के कारण पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए। एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को 'देखो अपना देश' हेतु प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए। हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है। पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए मैं आप सबको यह बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। तब से मेरा निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें। अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है। वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है। माननीय प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोजमर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई। स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया। पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई। इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी। इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था। एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है-एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है। स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब 'सरकार के हर स्तर पर' चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं। साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें। इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें। माननीय प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विजन से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें।

अलग बात

## नागरिक करें देशभक्तों का तर्पण



डॉ. प्रभात ओझा

शीर्षक में दिया सुझाव प्रेरक लग सकता है। देशभक्ति के ज्वर में यह भी क्यों न हो! श्राद्ध और पितरों के तर्पण के मामले में लोग पहले से अधिक जानकार हो रहे हैं। इस कार्य में व्यापकता आई है। परंपराएं बताती हैं कि जिनके वशंज नहीं हों, ऐसे लोगों का तर्पण उनके जानने वाले कर सकते हैं। जिनके निधन की तिथि पता न हो, उनका तर्पण अमावस्या के दिन करने का विधान है। इस बार अमावस्या 02 अक्टूबर को है। संयोग ही है कि यह महात्मा गांधी और प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती है। संभव है कि गांधी-शास्त्री के परिजन अपने पितरों का तर्पण करते हों। हम भी करें, तो हर्ज नहीं। फिर यह सुझाव तो ऐसे सभी सेनानियों और सीमाओं पर बलिदान देने वालों के लिए है। महाभारत के तेरहवें अध्याय में जरत्कारु ऋषि का संदर्भ आता है। संन्यासी जरत्कारु को पेड़ से लटकती आत्माएं दिखीं। पूछने पर उन्होंने बताया कि उनके कुल में एक ही व्यक्ति बचा है और वह जरात्कारु है। वह तर्पण करे तो आत्माओं को शांति मिले। इस पर ऋषि पुनः गृहस्थ हुए और उन्होंने पितरों का तर्पण सम्पन्न किया। कहने का आशय यह कि जिनके वंशज किसी कारण श्राद्ध नहीं कर सके अथवा जिन्होंने देश-समाज के लिए अविवाहित रहते अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, उनका तर्पण कौन करे। परंपराएं ही बताती हैं कि श्राद्ध स्थलों पर उन आत्माओं का भी तर्पण किया जाता है, जो आपसे किसी भी तरह जुड़े रहे हों। ऐसे लोग आपके आसपास के अथवा आपके अनुचर भी हो सकते हैं। यहां तक कि पालतू पशुओं तक के तर्पण का विधान है। यहीं रुककर सोचिए, जिन्होंने देश-समाज के लिए अपना बलिदान किया, उनका तर्पण हम क्यों न करें। आखिर देश के लिए समर्पित हर व्यक्ति हमारा ही तो है। एक तर्क आड़े आता है कि क्या किसी भी तरह का तर्पण उन लोगों तक पहुंचता है, जिनके लिए यह किया जाता है। यहीं पर 'श्राद्ध' शब्द से संतुष्टि मिलती है। हमारे यहां परंपराओं का विरोध फैशन-सा हो गया है। यहां कुछ तथ्य ध्यान में लाना चाहिए। क्या जो लोग कथित रुढ़ियों से तंग आकर धर्म परिवर्तन करते हैं, नयी जगह जाकर वहां की परंपरा का पालन नहीं करते! किसी भी पश्चिमी देश का उदाहरण लें। क्या किसी के चित्र के सामने फूलों का गुच्छा रखना उसकी आत्मा के प्रति श्रद्धा नहीं है। इस पुनीत कार्य को पूरी तरह समझना तभी सम्भव हो पाता है, जब हम इसके उद्देश्य पर ध्यान दें। एक मनःस्थिति में यह लग सकता है कि इस तरह के कर्मकांड निराधार हैं। उसी तरह जैसे श्राद्ध के नाम पर फिजूलखर्ची। आमतौर पर उधार लेकर भी शादी-ब्याह की भव्यता के समाचार मिलते रहते हैं। जिन्होंने अपने माता-पिता को परेशानियों में भी अपनी संतानों के विवाह में खर्च करते देखा है, वे भला क्या करें। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

## बच्चों को सोशल मीडिया से दूर करना क्यों जरूरी



आर.के. सिन्हा

अगर आप अपने आसपास किसी भी उम्र के इंसान से अनौपचारिक बात कर लें, आपको पता चल जाएगा कि आज के समय सोशल मीडिया की लत पूरे समाज को दीमक की तरह खा रही है। खासतौर पर नादान बच्चे इसकी गिरफ्त में हैं। इसके खतरों को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया सोशल मीडिया के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा लागू करने पर विचार कर रहा है। वहां 14 से 16 साल के बच्चों तक को सोशल मीडिया से दूर रखा जा सकता है। इसका उद्देश्य बच्चों को डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक समय बिताने की बजाय खेलकूद के मैदान से जोड़ना है। क्या इस तरह का कोई कदम भारत में नहीं उठाया जाना चाहिए? यह जानने के लिए रॉकेट साइंट की जरूरत नहीं है कि सोशल मीडिया ने हमारे देश में बच्चों को खेल मैदानों और अपने परिवार के सदस्यों व दोस्तों तक से दूर कर दिया है। आप अपने घर और आसपास के बच्चों को देख लें। वे फेसबुक, व्हाट्सअप, इंस्टा आदि से चिपके रहते हैं। आप देश के किसी भी शहर के किसी स्टेडियम में चले जाइये, वहां बुजुर्ग सैर करते मिल जाएँगे पर आपको बच्चे बहुत कम संख्या में खेलते मिलेंगे। हालांकि आज से बीसेक साल पहले तक राजधानी दिल्ली से लेकर छोटे शहरों के सारे मैदानों में बच्चे खेलते-कूदते नजर आ जाते थे। राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, तालकटोरा स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम और दूसरे मैदानों में बच्चे प्रैक्टिस करते हुए खूब पसीना बहाते थे। वह अपने कोचों की देखरेख में प्रैक्टिस कर रहे होते थे। पर पिछले कुछ वर्षों से देख लें क्या हो गया है बच्चों का हाल। जब बच्चे खेलेंगे नहीं तो देश को ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक कहां से मिलेंगे? चीन में भी नाबालिगों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कानूनी रूप से रोक लगा दी गई है। यह सही है कि आज के समय में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है लेकिन इसका अंधाधुंध इस्तेमाल, खासकर बच्चों के लिए, बहुत खतरनाक साबित हो रहा है। सोशल मीडिया से बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण और अनेकों प्रकार के व्यसन का शिकार हो रहे हैं। इसलिए, बच्चों को इन दुष्प्रभावों से बचाना हमारी अहम जिम्मेदारी हो गई है। बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कुछ जरूरी कदम तो उठाने होंगे। उदाहरण के रूप में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की उम्र सीमा का पालन हो और बच्चों को उचित आयु तक इन प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोका जाए। बच्चों के लिए उचित आयु सीमा वाले विशेष ऐप्स और वेबसाइटों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

**जीवन के क्षण-भंगुर स्वप्नों के साथ मोह न रखें। ईश्वर और मात्र ईश्वर के लिए ही जीयें। इस संसार में मुक्ति और सुरक्षा का केवल यही मार्ग है, ईश्वर से परे कोई और सुरक्षा नहीं है।**


## अनिश्चित संसार में सुरक्षा



श्री श्री परमहंस योगानंद

योग सिखाता है कि जहाँ ईश्वर है, वहाँ कोई भय, कोई दुःख नहीं होता। एक सफल योगी टूटते संसारों के विध्वंस में अडिग रह सकता है; वह इस ज्ञान के साथ सुरक्षित है कि, प्रभो! जहाँ मैं हूँ, वहाँ आपको आना ही होगा। जीवन के क्षण-भंगुर स्वप्नों के साथ मोह न रखें। ईश्वर और मात्र ईश्वर के लिए ही जीयें। इस संसार में मुक्ति और सुरक्षा का केवल यही मार्ग है; ईश्वर से परे कोई और सुरक्षा नहीं है। चाहे आप कहीं भी जाएँ, माया आप पर आक्रमण कर सकती है। अभी मुक्त हो जाएँ। अभी ईश्वर के पुत्र बनें; अनुभव करें कि आप उनके बच्चे हैं, ताकि आप इस माया-स्वप्न से सदा-सदा के लिए मुक्त हो सकें। गहनता से और निष्ठापूर्वक ध्यान करें और एक दिन आप समाधि में ईश्वर में जागृत हो जाएँगे और अनुभव करेंगे कि यह कितनी मूर्खता है कि लोग सोचते हैं वे कष्ट भोग रहे हैं। आप और मैं, और वे सब शुद्ध आत्माएँ हैं। संसार के डरावने स्वप्न से भयभीत न हों। ईश्वर के अनश्वर प्रकाश में जागृत हों! एक समय था, जब मेरे लिए जीवन अचानक चलचित्र को असहाय रूप में देखने के समान था और मैं भयान होने वाली त्रासदियों को बहुत अधिक महत्त्व दे रहा था। तब, एक दिन जब मैं ध्यान कर रहा था. तो मेरे कमरे में एक महान प्रकाश प्रकट हुआ और ईश्वर की आवाज ने मुझसे कहाः तुम क्या सोच रहे हो? **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

आज का दोहा

**मन अशुद्ध, तन शुद्ध सा, गहने की पहचान।**
**क ई शख्सियत इस तरह, घूम रहीं हैं जान।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

देश की बात

## कब तक भारत शरण देता रहेगा?



राकेश दुबे



प्राचीन काल से भारत शांति का पक्षधर रहा है। शांति, सद्भाव तथा शिष्टाचार भारतीय संस्कृति के ही मूल लक्षण हैं। 'जियो और जीने दो' अर्थात जीवन जीना अधिकार तथा समस्त प्राणियों को जीने देना कर्तव्य। यह सिद्धांत जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर 'महावीर स्वामी' के उपदेशों का हिस्सा है, जो वर्तमान में जंगी जुनून में मदहोश होकर विश्व को तीसरे विश्व युद्ध से रोकने का एक प्रकाशमान दर्शन है। वर्तमान में मजहबी कट्टरवाद तथा आतंकवाद जैसे संवेदनशील मुद्दे वैश्विक स्तर पर एक बड़ा खतरा बन चुके हैं। युद्ध, मजहबी उत्पीड़न व आतंकवाद जैसी भीषण आपदाओं के कारण अपना मुल्क छोड़नेवाले बेगुनाह लोगों के लिए भारत ने हमेशा मसीहा की भूमिका निभाई है। यहां तक कि भारत से गद्दारी करने वाले लोगों के प्रति भी भारत का नजरिया नैतिकता का ही रहा है। याद कीजिये, भारत विभाजन के बाद जोगिंद्रनाथ मंडल दलित व पिछड़े वर्ग का रहनुमां बनकर पाकिस्तान चले गए थे। पाकिस्तान के गर्वनर जनरल मोहम्मद अली जिन्ना ने जोगिंद्रनाथ मंडल को पाक हुकूमत की काबीना में 'कानून व श्रम' मंत्री नियुक्त कर दिया। वजूद में आते ही पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर मजहब के नाम पर संघर्ष शुरू हो गया था। पाक में भाईचारे के पैरोकार बनकर गए जोगिंद्रनाथ मंडल को दोबारा भारतभूमि पर ही शरण लेनी पड़ी थी। मजहबी हिकारत से आहत होकर जगन्नाथ आजाद ने अपने पूर्वजों की पुश्तैनी विरासत को अपनी जन्मभूमि मियांवली में त्याग कर पाकिस्तान को अलविदा कह कर भारत में ही शरण ली थी। बांग्लादेश की मौजूदा मजहबी जमातें भी आज उसी तहरीर को दोहरा रही हैं। अपने चर्चित उपन्यास 'लज्जा' के जरिए बांग्लादेश के मजहबी कट्टरपंथ को बेनकाब करने वाली लेखिका 'तस्लीमा नसरीन' को सन 1994 में अपना मुल्क बांग्लादेश छोड़ना पड़ा। वहां की कट्टरपंथी जमातों तथा कई आतंकी संगठनों ने तस्लीमा नसरीन के खिलाफ मौत का फरमान जारी कर दिया था। तस्लीमा नसरीन ने सन 2004 से भारत में शरण ली है। बांग्लादेश में हिंसक कारवाईयों से हालात इस कदर बेकाबू हैं कि अल्पसंख्यक समुदाय के लाखों लोग भारत में शरण लेने को आमादा हैं। 1980 के दशक में श्रीलंका में गृह युद्ध के कारण हजारों तमिल शरणार्थियों को भारत के दक्षिणी राज्यों में पनाह दी गई। अफगानिस्तान पर सन 1979 में सोवियत आक्रमण तथा तालिबान की हुकूमत के दौर में अस्थिरता का माहौल पैदा होने से हजारों अफगान नागरिक भी भारत में शरण लेने को मजबूर हुए। नेपाल, तिब्बत व भूटान जैसे देशों की एक बड़ी आबादी भारत में निवास करती है। दूसरे मुल्कों की स्वतंत्रता को कायम रखने व अकलियतों के हकूक की आवाज भारत हमेशा बुलंद करता है। मजहब की रहनुमाई करने वाले कई देश हैं, लेकिन जातिवाद व मजहबी हिकारत के कारण बेघर हो रहे लोगों को शरण देने की जहमत कोई भी मुल्क नहीं उठाता। बहरहाल कई देशों में आतंक व मजहबी उन्माद का शिकार होकर बेवतन हो रहे मजलूमों को शरण देकर भारत एक मुद्दत से मानवता के तकाजे निभा रहा है। पड़ोसी मुल्कों पर चीन का दबदबा तथा विदेशी खूफिया एजेंसियों की बढ़ती पैठ से उत्पन्न माहौल भारत की सुरक्षा को सीधी चुनौती है। अतः एटमी ताकत से लैस व विश्व की चौथी ताकतवर सैन्यशक्ति की हैसियत रखने वाले भारत को अपनी सैन्य ताकत का पैगाम भी देना होगा। पड़ोसी मुल्कों में भारत विरोधी गतिविधियां देश के हित में नहीं हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# जनता दरबार में आई शिकायतों का शीघ्र होगा समाधान : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में पथ निर्माण कराने, वृद्धा पेंशन राशि को बैंक से दिलाने, सेवंत लाभ दिलाया, राशन दिलाने के संबंधी, जमीन विवाद सहित अन्य विषयों से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

## उपयुक्त की अध्यक्षता में जिला व अनुकंपा समिति की हुई बैठक




**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्थापना एवं जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपायुक्त ने बारी-बारी से स्थापना एवं अनुकम्पा समिति से संबंधित मामलों पर अद्यतन प्रतिवेदन के आधार पर अधिकारियों संग विस्तृत समीक्षा की। साथ हीं सभी मामलों के निष्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। बैठक में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों का अनुकम्पा में नियुक्ति से संबंधित 09 मामले, सेवा संपुष्टि हेतु 01 एवं एसीपी/एमएसीपी से संबंधित 07 मामलों पर समीक्षा की गई। अनुकम्पा में नियुक्ति हेतु 04 मामलों पर अनुमोदन दिया गया। वहीं 01 मामले पर विभाग को मार्गदर्शन हेतु भेजने का निर्देश दिया। साथ 04 मामलों पर आवश्यक कागजात/प्रमाण अप्राप्त था जिसके तहत उपायुक्त महोदय ने प्रमाण पत्र मंगवाते हुए अगली बैठक में विचार विमर्श करने की बात कहीं। सेवा सम्पुष्टि हेतू प्राप्त 01 मामलों की समीक्षा करते हुए स्वीकृति दिया गया। साथ ही एसीपी/एमएसीपी से संबंधित प्राप्त सभी मामलों पर आवश्यक समीक्षा करते हुए स्वीकृति दी गई। इसके अलावा जिले के कई कार्यालय में स्थानांतरण प्रतिनियुक्त एवं अंतर जिला स्थानांतरण से संबंधित मामलों पर आवश्यक निर्णय लिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की, जिला आपूर्ति पदाधिकारी संदीप भगत सहित स्थापना शाखा के कर्मी गण उपस्थित थे।

# डीसी ने होमगार्ड की नियुक्ति में दौड़ स्थल का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**चाराडीह क्लस्टर में कुल 25 संगठन हैं, जिनमें ग्राम सभा के 357 समूहों में 4,960 महिलाएं शामिल हैं।**

**2,500 महिलाओं को रोजगार से जोड़ा गया है। अध्यक्षता पुष्पा देवी और संचालन सीमा पंडित ने किया।**

**कोडरमा।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तत्वाधान में बुधवार को बेकोबार पंचायत भवन में चाराडीह क्लस्टर का वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, ज़िप सदस्य लक्ष्मण यादव,उप मुखिया पार्वती देवी,मुखिया कन्हैया यादव, मुखिया प्रतिनिधि किशोर साव, पंसस अरुण साव, बीपीएम शिखा वर्मा,पूर्व उपप्रमुख बृजनंदन यादव ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों का स्वागत किया गया। नीलू देवी ने कोमल है कमजोर नहीं, यह नारी शक्ति शीर्षक पर नृत्य पेश किया। मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता ने कहा कि महिलाएं अब स्वावलंबन की राह पर अग्रसर हो रही हैं और नारी शक्ति पहले से कहीं अधिक सशक्त बन रही है। हर युग में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा से समाज में मिसाल पेश की है और आज भी समूह की महिलाएं तन, मन और धन से रोजगार को बढ़ाने अद्वितीय कार्य कर रही हैं,जो काबिल-ए-तारीफ है। ज़िप सदस्य लक्ष्मण यादव ने कहा कि महिलाएं 10 से 15 सदस्यीय समूह बनाकर अपने परिवारों और समुदाय की आर्थिक स्थिति को सशक्त बना रही हैं। आईपीआरएस देविका कुमारी ने जानकारी दी कि चाराडीह क्लस्टर में कुल 25 संगठन हैं, जिनमें ग्राम सभा के 357 समूहों में 4,960 महिलाएं शामिल हैं। ये महिलाएं प्रति सप्ताह 10 रु जमा करती हैं, जो अब करोड़ों रु की राशि बन चुकी है।इस फंड से कोडरमा प्रखंड मैदान में दीदी कैफे के अलावा अन्य रोजगार परियोजनाओं में ऋण भी दिया जाता है, जिससे 2,500 महिलाओं को रोजगार से जोड़ा गया है। अध्यक्षता पुष्पा देवी और संचालन सीमा पंडित ने किया। मौके पर सचिव अनिता देवी, कोषाध्यक्ष मालती देवी, कौशल्या देवी, सोनी देवी, आरती देवी, गुलशन आरा, गुड़िया देवी, सोहदरी देवी, प्रियंका देवी और सुनैना देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी और उनकी आर्थिक प्रगति के लिए किए गए कार्यों की चर्चा भी की गई।

# न्यूज बॉक्स

## कोडरमा में अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की मौत, पांच घायल

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत केडिया धर्म कांटा के समीप बुधवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की मौत हो गई जबकि ऑटो पर सवार पांच लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ऑटो कोडरमा से बाईपास नरेश नगर जा रही थी। इस दौरान किसी वाहन ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में ऑटो चालक रविंद्र कुमार उर्फ बंटी कुमार (45), झुमरी तिलैया की मौत हो गयी जबकि ऑटो पर सवार भोला भुइयां, अजीत कुमार, दीपक कुमार, शिव कुमार और सोनू कुमार घायल हो गए। घटना के बाद सभी को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। कोडरमा पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

## मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने किया जिले भर में टॉप

**सिमडेगा।** झारखंड नर्सिंग काउंसिल द्वारा आयोजित ए एन एम की परीक्षा में मदर टेरेसा कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा रानी देवगम एवं बिनीता कुमारी ने जिले में टापर किया है तथा ए एन एम द्वितीय बर्ष की एएनएम परीक्षा में हेमलता मूर्मू एवं अंजली भारती ने टॉप किया है। साथ ही सभी तीस छात्राओं ने सर्वोत्कृष्ट अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया है। निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा एवं ए एन एम की प्राचार्या प्रभा सुरीन ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए मंगलमयी शुभकामनाएं दी है।

## राजद का जान है तो जहान है अभियान की शुरुआत

**कोडरमा।** सड़क सुरक्षा नियम का पालन नहीं करने पर जान खतरे में पड़ जाती है। साथ ही वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवारों को हेलमेट नहीं पहनने पर हज़ार रु फाइन देना भी पड़ जाता है। बिना हेलमेट पहनकर बाइक चलाने वाले कई युवकों और बाइक सवार की मौत जिले में हुई है। आमजनों के बीच रोड सेफ्टी नियम के प्रति जागरूक करने राजद ने अनोखा अभियान की शुरुआत बुधवार को की। पार्टी जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव, युवा राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद यादव,जिला उपाध्यक्ष मो मुबारक ने डोमचांच के बगड़ो चौक से अभियान की शुरूआत की। इस अभियान को जान है, तो ज़हान है का नाम दिया गया है। पार्टी परिवार के नेतृत्व में बाइक सवारों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया गया। बिना हेलमेट के बाइक सवारी करने वालों के बीच हेलमेट का वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने जिलेवासियों को हेलमेट पहनकर ही बाइक से सफर करने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि हेलमेट नही पहनकर बाइक चलाने से वाहन चेकिंग के दौरान परिवहन विभाग चालान काटती है और लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इस परेशानी से बचने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर आदर्श नागरिक बनकर हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाने की जरूरत है।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**कोडरमा।** डीसी और अभिहित पदाधिकारी सह एसीएमओ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुगी ने शिकायत के आधार पर मेसर्स आशा ब्रेड गुमो तिलैया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में ब्रेड और पांव का सैंपल संग्रह करते हुए जांच के लिए राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा गया। साथ ही परिसर में व्यक्तिगत सुरक्षा समय- समय पर पानी और ब्रेड की जांच कराने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करें। मानकों का पालन नहीं करने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर खाद्य सुरक्षा टीम मौजूद थे।

## आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

**झुमरी तिलैया।** वंदे भारत एक्सप्रेस में स्टोन पेल्टिंग व मोटरसाइकिल डैश की घटना की परिप्रेक्ष्य में कोडरमा आरपीएफ द्वारा बुधवार को गुरपा स्टेशन के आसपास जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान कोडरमा आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। जागरूकता अभियान गुरपा स्टेशन के आस पास के गांव में व ट्रेन से उतरने वाले यात्रियों के बीच चलाया गया।

## जिले के 28 लाभुकों को मिला उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण

**कोडरमा।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्वरोजगार घटक अंतर्गत 28 लाभुकों को व्यक्तिगत ऋण स्वीकृत और स्वयं सहायता समूह के स्वीकृत बैंक ऋण में से प्रत्येक समूह के तीन सदस्यों को छह दिनी उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण प्रदाता संस्था सारथी सोसाइटी के जरिए बुधवार को दी गई। प्रशिक्षण के बाद नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा ने इन सभी प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। श्री कुशवाहा ने कहा कि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण लाभुकों के व्यवसाय को और बेहतर तरीके से करने और लाभ प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन शहरी गरीबी उन्मूलन की महत्वपूर्ण योजना है। इसके अन्तर्गत सरकार द्वारा उद्यमिता विकास के लिए शहरी गरीबों को अत्यंत कम दर पर बैंकों द्वारा ऋण प्रदान किया जाता है। लेकिन व्यवसाय को सफलतापूर्वक व्यवस्थित ढंग से चलाने में व्यावासिक कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया था, ताकि लाभुकों का व्यवसायिक कौशल हो सके।

## स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर बैठक

**झुमरी तिलैया ।** स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर मंगलवार को नगर प्रशासक अंकित गुप्ता ने सुपरवाइजर के साथ एक बैठक की। बैठक में चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के में शहर के लगभग 20 वार्डों में नाली की सफाई के साथ ब्लीचिंग पाउडर व डेंगू को लेकर फागिंग चलाया जायेगा। इधर कोडरमा ब्लॉक स्थित तालाब की भी साफ-सफाई की गई। वहीं नगर प्रशासक ने दुर्गा पूजा को देखते हुए सफाई अभियान के लिए अतिरिक्त मजदूर लगाये जायेंगे। वहीं शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने को लेकर 500 छोटे डस्टबीन का वितरण करने की बात कही। वहीं शहर में खराब पड़े स्ट्रीट लाईट को ठीक करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# दुर्गा पूजा को लेकर ठेठईटांगर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक





नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** दुर्गा पूजा को लेकर अंचलाधिकारी कमलेश उरांव की अध्यक्षता में गुरुवार को दुर्गा पूजा की बैठक थाना परिसर मे संपन्न हुई ।जिसमें निर्णय लिया गया कि पेड़ की दाल की कटाई, बिजली के झूलते हुए तार को दुरुस्त कराना, दुर्गा पूजा स्थल पर मोरम की व्यवस्था करना आदि का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी मुरताज अंसारी ने शांति समिति के लोगों से आग्रह किया दशहरे का पर्व सभी समाज के लोग आपसी सामंजस बनाते हुए शांति से आपसी भाईचारा एकता बनाते हुए दशहरा का पर्व मनाए। उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने भी जिम्मेदारी लेते हुए बोला यहां का इतिहास रहा है सभी समुदाय के लोग हर धर्मवालियों के पर्व को मिल जुल कर मनाते हैं।अंचलाधिकारी कमलेश उरांव ने शांति समिति के लोगों को आग्रह किया किसी भी तरह आज सामाजिक तत्व अशांति फैलाने की कोशिश करते हैं तो इसकी सूचना थाना प्रभारी को दें।बैठक में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ,नरेंद्र बडाईक, पप्पू कुमार ,रिंटू सिंहा मिथिलेश पांडे, सोनू यादव, सुमित कुमार, मुमताज आलम ,मनोज कुमार सिंह ,अमन कुमार, मोहम्मद अलाउद्दीन ,सैहून टेटे ,मोहम्मद राजा ,मोहम्मद असजद अफरीदी ,अरुण कुमार ,मोहम्मद वाहिद ,संतोष सिन्हा, मोहम्मद एहतेशाम ,मोहम्मद तबरेज आलम, गोविंदा कुमार,ओम शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

### सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी नजर

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : अंचलाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता



**केरसई।** दुर्गा पूजा को लेकर केरसई थाना में शांति समिति की बैठक की गई ।शांति समिति की बैठक में केरसई प्रखण्ड के सातों पूजा समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।
बैठक को संबोधित करते हुए केरसई प्रखण्ड के अंचलाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी देवीकान्त सिंह ने कहा कि केरसई प्रखण्ड के इतिहास के अनुरूप धूमधाम एवं शांतिपूर्ण दशहरा पूजा संपन्न करनी है इसमें प्रशासन के साथ-साथ पूजा समिति शांति समिति एवं बुद्धिजीवियों की सहयोग की आवश्यकता है,साथ ही उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाएगी अफवाह एवं धार्मिक उन्माद फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।थाना प्रभारी नवीन कुमार ने कहा कि नवरात्र के दौरान पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस फोर्स के साथ गस्ती किया जाएगा किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी किसी भी तरह की घटना दुर्घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें साथ ही उन्होंने कहा की नवरात्र के दौरान शराब बेचने और पीने पर क्षेत्र में प्रबंध रहेगी उसे दौरान बेचते या पीते हुए पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई होगी मौके पर प्रखंड प्रमुख तरण भोय एएसआई रविन्द्र कु पांडेय, सभी पंचायत के मुखिया विधायक प्रतिनिधि शशि प्रसाद ,सुरेंद्र प्रसाद एवं मुंश खेस्स प्रणव कुमार, रवि गुप्ता, दुर्गा पूजा केरसई के अध्यक्ष गौतम कुमार ,कमेश प्रसाद , संभु प्रसाद ,उपेंद्र प्रसाद ,बिष्णु प्रसाद, धीरेंद्र प्रसाद ,दिनेश कुमार ,सागर पहान ,अर्जुन सिंह सहित शांति समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## विस में भाजपा की जीत के लिए मुनेश्वर तिर्की ने की चाय पे चर्चा

**बोलबा।** बोलबा मंडल भाजपा के बोलबा में अजय जयसवाल पूर्व सांसद प्रतिनिधि के आवास में चाय पर चर्चा करते हुए भाजपा एसटी मोर्चा जिला महामंत्री मुनेश्वर तिर्की ने प्रबुद्धजनों से मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में कैसे जीते हो इसको लेकर विचार विमर्श किया ।मौके पर उनसे मिलकर बहुत सारी अन्य बातों पर भी चर्चा हुई ।जिसपर विधान सभा चुनाव कैसे जीता जाए,भाजपा 70 सालों से कोलेबिरा विस मे कभी जीत नहीं पाई है, इस बार इतिहास बदलकर कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में हर हाल में भाजपा को जिताना है। इस दौरान समाजिक,राजनीतिक विषयों पर बैठक में उपस्थित लोगों ने अपने-आप ने राय रखी ।मौके पर कोनपाला मंडल अध्यक्ष विजय महतो,अजय जायसवाल,पूर्व मंडल अध्यक्ष इंद्र देव सिंह,भानु सिंह,ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

# किनिरकेला गांव में ग्राम सभा की हुई बैठक, सशक्त बनाने पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखण्ड के पतिअम्बा पंचायत अंतर्गत किनिरकेला ग्राम में ग्राम सभा बैठक किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप से केन्द्रीय प्रभारी सोहनलाल कुमार जिला ग्राम सभा मंच से समर्पण सुरीन ,जुनास तोपनो मौजूद थे सोहनलाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जंगल जमीन का मालिक ग्राम सभा है ग्राम सभा को सीधे सिंगबोंगा से इसका अधिकार प्राप्त है। आगे वनाधिकार कानून 2006 के तहत कहा कि ग्राम सभा को 2 प्रकार का अधिकार है व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार ।वही सामुदायिक में दो प्रकार का है -सामुदायिक वन अधिकार तथा सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार पट्टा देने का प्रावधान है। परन्तु सरकार उपयोगिता केवल दे रहे हैं मलिकाना हक देने से इंकार कर रहे हैं जिसके लिए हमें सशक्त होकर हक के लिए लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। यह आदर्श ग्राम है जंगल बचाने के प्रति जिसके लिए सभी समितियों को सशक्त एवं मजबूत रहने हेतु दिशानिर्देश दिया गया। जिला ग्राम सभा मंच सिमडेगा अध्यक्ष समर्पण सुरीन ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 12 अनुच्छेद 13 एवं अनुच्छेद 244 में गांव सभा को प्रशासन और नियंत्रण का अधिकार प्राप्त है अन्याय के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाने की तब होगी हमारे गांव में हमारी सरकार। धन्यवाद ज्ञापन सुरेश सोरेंग ने कियाबैठक में सुरेश सोरेंग, विक्रम समद, शेशधर साहू, लडो लुगुन, कृपा लुगुन,मुनिका सोरेंग,लेवकादी किड़ो, सुगान्ती सोरेंग,कुष्पिका सोरेंग, ज्योतिष लुगुन, सहित काफी संख्या में ग्राम सभा सदस्य मौजूद थे।

## केवेटांग मैदान में युवा फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**बानो।** प्रखण्ड के केवेटाग मैदान में युवा खेल समिति नावागाँव के तत्वावधान में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया।
उद्घाटन केवेटांग हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक चन्द्रमोहन साहू ने खेलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया ।मौके पर उन्होंने कहा आज प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस तरह के खेल के आयोजन होने से खेलाडियों में उत्साह बढ़ जाती है। सभी टीमों के खेलाडियो से अनुरोध है कि आपसी भाई चारे के साथ खेलें ।खेल के माध्यम से अपने गाँव का नाम रोशन करें ।उद्घाटन मैच धुनंगीया ब्रदर्स व बुम्बुलडा फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें धुनंगिया की टीम 2-1 से विजयी रहा ।मौके पर समिति अध्यक्ष सुदर्शन सुरीन पौलुस कंडुलना, सूरज बड़ाईक आदि लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस पार्टी के महासचिव प्रदीप बड़ाइक के पिता का निधन



विधायक भूषण बाड़ा ने जताया शोक

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पालकोट प्रखंड के बंगरु में कांग्रेस पार्टी के महासचिव प्रदीप बड़ाइक के पिताजी बुधवा बड़ाईक के अस्मिक निधन पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्म पत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ उनके पैतृक निवास पहुंचे। साथ ही दिवांगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति देने की भी ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर पालकोट प्रभारी सह विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन, एस सी मोर्चा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम, विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह, उर्फ मारवाड़ी सिंह, विधायक प्रतिनिधि पुरुषोत्तम कुजूर,विधायक प्रतिनिधि सुशील लकड़ा,पूर्व जिप सदस्य प्रदीप सोरेंग, मंडल अध्यक्ष निमरोद एक्का, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रोहित एक्का,प्रमुख सोनी लकड़ा,उज्वल कुमार प्रसाद,मनोज बड़ाईक, बंगरू मुखिया,रवि मिश्रा,महिला प्रखंड अध्यक्ष प्रमिला कुमारी,आदि परिवार के सदस्यों के साथ तमाम ग्रामीण शामिल थे।

# रक्तदान महादान है, अधिक से अधिक लोग करें रक्तदान: विधायक भूषण बाड़ा

**ब्लड डोनर ग्रुप अल फलाह सोसाइटी के तत्वावधान में सम्मान समारोह सह रक्तदान शिविर का आयोजन**

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** शहर के भट्ठीटोली में गुरुवार को ब्लड डोनर ग्रुप अल फलाह सोसाइटी के अध्यक्ष खूबैब शाहिद के अगुवाई में सम्मान समारोह सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काट कर किया। उन्होंने कई लोगों को विधायक ने मोमेंटे देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि रक्तदान को सर्वश्रेष्ठ दान माना जाता है, क्योंकि इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है। ब्लड बैंकों में रक्त के आवश्यकता की निरंतर पूर्ति करने के लिए पर्याप्त मात्रा में रक्त संग्रह होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सेवाभाव के लिए कोई उम्र और मजहब नहीं होता। हौसला व जज्बा हो तो मंजिल मिल ही जाती है और जरूरतमंदों की मदद करने की ठान लिया हो तो ईश्वर भी रास्ता खुद ब खुद बनाती है। विधायक ने कहा कि आज अल फलाह सोसाइटी का ब्लड डोनर ग्रुप द्वारा खून की जरूरत को पूरा करने के लिए शुरू किया गया सफर लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। न सिर्फ ऐसे दिनों में बल्कि कोरोना काल में भी संस्था से जुड़े लोगों ने दिन रात सोशल मीडिया के माध्यम से जरूरतमंदों को खून देकर जान बचाने की सराहनीय मुहिम चलाई थी। जिसकी जितनी भी सराहना की जाय कम है। संस्था के इस ब्लड डोनर ग्रुप ने जिले को एक नई पहचान दिला दी है। उन्होंने कहा कि आज संस्था के पहल पर हर धर्म और हर समाज के लोगों को आसानी से समय पर खून उपलब्ध हो पा रहा है। कहते हैं धरती में रहने वाले गरीब और लाचार लोगों में ही ईश्वर बसते हैं। उनकी सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा मानी जाती है। इसलिए जब भी ऐसे मौका मिले आप कभी भी पीछे न हटें। विधायक ने कहा कि गरीबों और लाचार लोगों की मदद करने में जो सुकून मिलता है। वह लाखों करोड़ो खर्च करने के बाद भी मिलना मुश्किल है। विधायक ने लोगों से अपील है कि अपने इस मदद के कार्य को निरंतर जारी रखें। संस्था से जो लोग नहीं जुड़े हैं वे भी मदद के लिए आगे बढ़ें। अगर हम में से प्रत्येक ब्यक्ति लोगों की मदद करना सिख जाएं, अपने अंदर इस भावना को जगा लें तो उसी दिन से हमारे आसपास से दुखी और मुसीबत गायब हो जाएगी। सब तरफ खुशियां होंगी।

## पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**कोडरमा।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत पुलिस केन्द्र में पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मुख्य प्रशिक्षक के रूप में दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सोमेश ने तंबाकू से होने वाले बीमारी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कैंसर,दिल की बीमारी, मोतियाबिंद,ओरल कैंसर का भी जिक्र किया, जो तंबाकू के सेवन करने वालों को अपनी चपेट में ले लेता है। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी दीपेश कुमार ने तंबाकू नियंत्रण अंतर्गत कोटपा एक्ट 2003, पीइसीए- 2019, आदि अंतर्गत विभिन्न धाराओं को विस्तार पूर्वक बताया। प्रशिक्षण में अर्जुन राम तुरी, राम कुमार राम, प्रधान मरांडी, इस्लाम अंसारी, रामजीत मुंडा, अमित कुमार हिमांशु कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# डाक अनुमंडल सिमडेगा के गांधी मैदान में चलाया स्वच्छता अभियान




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत गुरूवार को सिमडेगा डाक अनुमंडल सिमडेगा और माय भारत सिमडेगा द्वारा जिले के सभी डाक घरों एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में "स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता" थीम के साथ स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिला मुख्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन अनुमंडलीय डाक निरीक्षक सिमडेगा प्रवीण चंद्र पंत के नेतृत्व में गाँधी मैदान, सिमडेगा क्लब एवं मुख्य सड़क के आस-पास किया गया ।कार्यक्रम के दौरान साफ़ सफ़ाई करते हुए सूखे कचरे को एकत्र कर उसका उठाव एवं निपटान किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के लोगों को साफ़-सफाई, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जागरूक करना तथा जिला को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाना है ।कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी, जनसंपर्क निरीक्षक शिवशंकर ठाकुर, पोस्ट मास्टर हरि जीवन राम और डाक विभाग के कर्मी एवं नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवकों ने भाग लिया ।

## चौकीदार पद के लिए नियुक्ति को लेकर परीक्षा संपन्न

**कोडरमा।** जिला अंतर्गत चौकीदार पद पर नियुक्ति की परीक्षा बुधवार को एक पाली में संपन्न हुई। इसमें कुल 810 परीक्षार्थियों में से 753 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 57 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण और स्वच्छ वातावरण में परीक्षा संपन्न कराए जाने के लिए पर्याप्त पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी,महिला पुलिस बल सहित पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई। साथ ही परीक्षा केंद्र में केंद्राधिक्षक और वीक्षकों को परीक्षा कार्य में लगाया गया। परीक्षा केंद्र में जिला प्रशासन ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और पुलिसकर्मियों के माध्यम से सभी परीक्षार्थियों का फ्रिस्किंग की गई। जिलास्तर से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों ने परीक्षा की गतिविधियों का लगातार अनुश्रवण किया। साथ ही डीसी मेघा भारद्वाज ने परीक्षा केंद्र जेजे कॉलेज का निरीक्षण किया।

विश्व पर्यटन दिवस प्रत्येक वर्ष 27 सितंबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने वर्ष 1980 में पहली बार 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया था। यह तिथि विश्व पर्यटन दिवस मनाने के लिए इसलिए चुनी गई, क्योंकि 27 सितंबर 1970 को यूएनडब्ल्यूटीओ की स्थापना हुई थी। संगठन की स्थापना विश्व में पर्यटन के विकास के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। वर्ष 2024 में विश्व पर्यटन दिवस की थीम है 'पर्यटन और शांति।' वैश्विक शांति के लिए पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि इससे अंतर सांस्कृतिक समझ विकसित होती है। विविध संस्कृतियों को जानने-समझने का मौका मिलता है, जिससे दूसरी संस्कृतियों के प्रति सहिष्णुता बढ़ती है। साथ ही, पर्यटन से स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। विश्व पर्यटन दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यटन विकास को प्रोत्साहित करना है। साथ ही, पर्यटन को वैश्विक शांति और समृद्धि के साधन के रूप में भी प्रस्तुत करना है। वैसे, भारत में हर साल राष्ट्रीय पर्यटन दिवस भी मनाया जाता है, जो 25 जनवरी को पड़ता है।

# जोहार! तोहरे मन परिवार संगे आवा, घूमेकर खुसी मनावा

**जोहार!** तोहरे मन परिवार संगे आवा, घूमेकर खुसी मनावा। नागपुरी भाषा के इस वाक्य का अर्थ है- आपका स्वागत है। परिवार के साथ झारखंड आइए, घूमिए और अपने परिजनों के साथ राज्य के लोगों की मेजबानी का आनंद लीजिए। झारखंड प्रकृति का अनुपम उपहार है। प्रकृति ने इस राज्य को विशिष्ट सौंदर्य से नवाजा है। यहां अनगिनत मनमोहक पर्यटन स्थल हैं। यहां खूबसूरत वन्य प्रदेश, झरने, नदी, पहाड़-पठार आदि हैं, जो मन में बस जाते हैं। धार्मिक स्थल, डैम आदि हैं। झारखंड कई संस्कृतियों एवं धर्मों का संगम स्थल है। यहां कई भाषाएं बोली जाती हैं। आदिवासियों के विविध रीति-रिवाज भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। राज्य की सांस्कृतिक विरासत समृद्ध है। यहां के कई पर्व-त्योहार पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं इन त्योहारों के रीति-रिवाज, नृत्य, गायन आदि। झारखंड के प्रसिद्ध पर्व हैं सरहुल, करमा पूजा, सोहराई, टुसू और फगुआ। राज्य के प्रमुख लोकनृत्यों में छऊ, डोमकच, मुंडारी नृत्य, झुमैर, फिरकल आदि शामिल हैं।

## झारखंड के प्रमुख पर्यटन स्थल



**1. जलप्रपात :** राज्य में कई मनमोहक जलप्रपात हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर बरबस आकर्षित करते हैं। इनमें रांची का दशम फॉल, हुंडरू फॉल एवं जोन्हा फॉल, पश्चिमी सिंहभूम का हिरनी फॉल, लातेहार का लोध फॉल एवं निचला घघारी फॉल, खूंटी का पंचघाघ फॉल, गिरिडीह का उसरी फॉल, रामगढ़ का रजरप्पा फॉल एवं सीता फॉल तथा गुमला का सदनी फॉल शामिल हैं।

**2. तीर्थस्थान :** झारखंड के कई तीर्थस्थान विश्व प्रसिद्ध हैं। यहां सभी धर्मों के तीर्थस्थल हैं। देवघर में बाबा बैद्यनाथ का मंदिर, रामगढ़ के रजरप्पा में छिन्नमस्तिके मंदिर तथा रांची में दिउड़ी मंदिर, सूर्य मंदिर व जगन्नाथ मंदिर सनातन धर्मावलंबियों का प्रमुख तीर्थस्थल है। चतरा के इटखोरी में भद्रकाली मंदिर 9वीं शताब्दी का बना हुआ है। इटखोरी में ही ईसा पूर्व 200 का बना हुआ बौद्ध स्तूप भी है। इटखोरी बौद्ध, जैन और हिंदू सभी के लिए पवित्र स्थान है। पारसनाथ जैन धर्म का प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। बोकारो की लुगुबुरु पहाड़ी पर लुगुबुरु घंटाबाड़ी संथाल आदिवासियों का प्रमुख धार्मिक स्थल है। पूर्वी सिंहभूम जिले के जादुगोड़ा का रंकिनी मंदिर भी पूर्वी भारत का प्रमुख मंदिर है।


**3. हिल स्टेशन :** नेतरहाट राज्य का प्रमुख हिल स्टेशन है। नेतरहाट के सूर्यास्त का नजारा देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। राज्य का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर पारसनाथ है। पारसनाथ से शिखरजी का दृश्य देखने लायक होता है। पतरातू वैली रांची के शिमला नाम से प्रसिद्ध है।

**4. अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान :** राज्य में कई वन्यजीव अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान हैं, पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इनमें बेतला राष्ट्रीय उद्यान, दलमा वन्यजीव अभ्यारण्य, पालकोट वन्यजीव अभ्यारण्य, महुआडांड़ भेड़िया अभ्यारण्य, हजारीबाग वन्यजीव अभ्यारण्य, गौतम बुद्ध वन्यजीव अभ्यारण्य और दलमा वन्यजीव अभ्यारण्य शामिल हैं।

**5. पुरातात्विक महत्व के स्थल :** झारखंड के महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों में हजारीबाग का मेगालिथ काल का गुफा चित्र, दुमका का मलूटी, गुमला का नवरतनगढ़, पलामू का पलामू किला, रांची का रातू किला शामिल हैं।

**6. बांध (डैम) :** राज्य में कई प्रसिद्ध डैम हें, जहां लोग पिकनिक मनाने जाते हैं। इनमें कांके डैम, गेतलसूद डैम, मैथन डैम, कोनार डैम, मसानजोर डैम, पतरातू डैम, पंचेत डैम, तेनुघाट डैम, चांडिल डैम और खंडोली डैम शामिल हैं।

**7. सग्रहालय :** राज्य में कई ऐसे संग्रहालय हैं, जहां पत्थर के औजार, टेराकोटा की सामग्री, प्राचीन काल की मूर्तियों जैसी महत्वपूर्ण पुरातात्विक वस्तुएं संरक्षित हैं। इनमें रांची के होटवार स्थित राज्य संग्रहालय एवं जनजातीय अनुसंधान संस्थान एवं संग्रहालय तथा हजारीबाग का संस्कृति संग्रहालय शामिल हैं। रांची स्थित विज्ञान केंद्र भी बच्चों और किशोरों के लिए जानकारी प्रदान करने वाली जगह है।





## 2024 के विश्व पर्यटन दिवस पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का संदेश



विश्व पर्यटन दिवस पर हम पर्यटन और शांति के गहन संबंध पर विचार करते हैं। टिकाऊ पर्यटन रोजगारों का सृजन कर सकता है, यह समावेशिता को बढ़ावा दे सकता है और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत कर सकता है। पर्यटन से शांतिपूर्ण सह अस्तित्व को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। पर्यटन पड़ोसियों के बीच आर्थिक निर्भरता को भी बढ़ावा दे सकता है। सहयोग एवं शांतिपूर्ण विकास को प्रोत्साहित कर सकता है। साथ ही, पर्यटन क्षितिज को व्यापक बनाता है। हर यात्री एक राजदूत बन सकता है। स्थानीय आबादी के साथ सम्मानपूर्वक जुड़ सकता है। हमारी विविधता और साझा मानवता को पहचान सकता है। उन मूल्यों को पहचान सकता है, जो हम सभी को एकजुट करते हैं। आइए, हम जिम्मेदारी से यात्रा करें और संस्कृतियों एवं देशों के बीच आपसी सम्मान को बढ़ावा दें। हम सभी मिलकर शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन की शक्ति का उपयोग कर सकते हैं।

## इस बार जॉर्जिया है मेजबान



वर्ष 2024 में विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी जॉर्जिया करेगा। जॉर्जिया देश पश्चिमी एशिया और पूर्वी यूरोप के मध्य में स्थित है। जॉर्जिया 09 अप्रैल 1991 को सोवियत संघ (अब रूस) से अलग हुआ था। इस देश में एशियाई और यूरोपीय संस्कृति का अद्भुत मिलन है। जॉर्जिया अपनी पर्वत शृंखलाओं के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां कई प्राचीन चर्च हैं। इस देश में पर्यटन क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। इस देश में पूरी दुनिया से पर्यटक आते हैं। ज्ञात हो कि पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने कई पहल की है। इसमें हर साल एक देश को पर्यटन दिवस की मेजबानी सौंपना भी शामिल है। भारत भी विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी कर चुका है।

## पर्यटन का योगदान

**आर्थिक :** पर्यटन लाखों नौकरियां सृजित करता है। यह स्थानीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था को बल प्रदान करता है। इससे स्थानीय व्यवसाय और संसाधनों का विकास होता है।

**सांस्कृतिक :** पर्यटन से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलता है। इससे अलग-अलग संस्कृतियों के लोग एक-दूसरे को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। इससे सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का भी अवसर प्राप्त होता है।

**सामुदायिक एकता :** पर्यटक को बेहतर सुविधा देने के लिए स्थानीय लोग मिलकर काम करते हैं। इससे सामुदायिक एकता बढ़ती है। साथ ही, इससे पूरे समुदाय का विकास होता है।

## पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की पहल

**ई-वीजा :** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने ई-वीजा की सुविधा दी है। ई-वीजा कार्यक्रम 167 देशों के नागरिकों को सात श्रेणियों के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की अनुमति देता है। वीजा शुल्क में भी काफी कमी की गई है।

**स्वदेश दर्शन :** यह योजना वर्ष 2014-15 में शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य थीम आधारित पर्यटन सर्किट बनाना है। वर्ष 2023-24 तक 73 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

**स्वदेश दर्शन 2.0 :** इस योजना में एकीकृत गंतव्य (डेस्टिनेशन) विकास पर बल दिया गया है। इसमें केंद्रित विकास के लिए 32 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 57 गंतव्यों की पहचान हुई है।

**प्रसाद योजना :** इस योजना का उद्देश्य तीर्थस्थलों पर बुनियादी ढांचे को विकसित करना है। इस योजना में अब तक 46 परियोनाओं को मंजूरी मिली है।

## झारखंड पर्यटन नीति 2021

*झारखंड सरकार ने नई दिल्ली में 23 जुलाई 2022 को झारखंड पर्यटन नीति 2021 को लांच किया था। इसमें राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई व्यवस्था की गई थी। झारखंड पर्यटन नीति 2021 की महत्वपूर्ण बातें -*


- देवघर, पारसनाथ, इटखोरी के भ्रदकाली मंदिर, मधुबन आदि धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण।
- लातेहार-नेतरहाट-बेतला और चांडिल-दलमा-मिरचैया-गेतलसूद जैसे इको सर्किट का विकास।
- साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रॉक क्लाइंबिंग, वाटर स्पोर्ट्स, ग्लाइडिंग, पैराग्लाइडिंग आदि को बढ़ावा देना।
- झारखंड की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अंतरराज्यीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, खाद्य महोत्सव आदि का आयोजन।
- ग्राम्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण।
- पर्यटक हेल्पलाइन, पर्यटक सुरक्षा बल और केंद्रीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना।
- पर्यटक सूचना केंद्रों को आधुनिक करना।
- पर्यटन विकास निगम का आधुनिकीकरण।
- निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई तरह के प्रोत्साहन और सब्सिडी।



## राज्यों से

# पैरासिटामोल सहित 53 दवाएं लैब जांच में फेल

**संबंधित** कंपनियों ने कहा वर्णित बैच की दवाओं का निर्माण उन्होंने नहीं किया



**दवाओं** के नाम पर सब-स्टैंडर्ड सॉल्ट बेचे जा रहे, नामी कंपनियों के लेबल में थी दवाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** जांच में 53 दवाओं के सैंपल फेल होने की खबर आने के बाद आम लोगों के मन में डर बैठ गया है कि वे जो दवाएं ले रहे हैं कहीं वे नकली तो नहीं हैं। उनका डर जायज भी है क्योंकि एक अध्ययन के मुताबिक देश में बिकने वाली करीब 25 फीसदी दवाएं नकली हैं। नकली होने से मतलब है कि फर्जी कंपनियों द्वारा नामी कंपनियों के लेबल की नकल कर इन दवाओं की बाजार में सप्लाई की जा रही है। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑगेर्नाइजेशन (सीडीएससीओ) की एक रिपोर्ट सामने आई है। जिसमें बताया गया है कि आम बुखार की दवा पैरासिटामोल सहित 53 दवाएं ऐसी हैं जिनके सैंपल लैब जांच में फेल हो गये। दवाओं के नाम पर सब-स्टैंडर्ड सॉल्ट बेचे जा रहे थे। इनमें पेनकिलर डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल दवा फ्लुकोनाजोल, विटामिन डी सप्लीमेंट, बीपी और डायबिटीज की दवा, एसिड रिफलक्स आदि शामिल हैं। सभी दवाएं नामी कंपनियों के लेबल में आई थीं। उद्योग संगठन एसोचैम की 2022 में जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू बाजार में उपलब्ध एक-चौथाई दवा नकली है। फेक एंड काउंटरफीट ड्रग्स इन इंडिया - बूमिंग बिज नामक इस रिपोर्ट के अनुसार, देश में दवाइयों के बाजार का आकार 14-17 अरब डॉलर है जिसमें करीब 4.25 अरब डॉलर की दवाएं नकली या सब स्टैंडर्ड हैं।

### सरकारी अस्पतालों में 38% दवाएं नकली

इतना ही नहीं, रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में नकली दवाओं का कारोबार सलाना 33 प्रतिशत की औसत दर से बढ़ रहा है। यह 2005 में 67.85 करोड़ डॉलर (30 अरब रुपये) से बढ़कर 2020 में 40 अरब रुपये पर पहुंच गया। रिपोर्ट में यह बताया गया था कि सरकारी अस्पतालों में सबसे ज्यादा 38 प्रतिशत दवाएं नकली पाई गई थीं। केंद्र सरकार ने शीर्ष 300 ब्रांडेड नाम से बिकने वाली दवाओं को नोटिफाई किया हुआ है। अगस्त 2023 के बाद बनी इन सभी दवाओं की पैकेजिंग पर बारकोड या क्यूआर कोड होता है। उसे स्कैन करते ही उसकी पूरी जानकारी सामने आ जाती है। नकली दवाओं के बारकोड या क्यूआर कोड को स्कैन करने पर कोई रिस्पॉन्स नहीं मिलता है। दवाएं खरीदते समय जांच लें कि उनकी सीलिंग सही है और पैकेजिंग भी ठीक है।

### संजय राउत को मानहानि मामले में 15 दिन की सजा 25 हजार का जुमार्ना भी



**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया की पत्नी डॉ. मेधा किरीट सोमैया के मानहानि मामले में मझगांव मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने उन्हें 15 दिन की कैद और 25 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। शिवसेना यूबीटी की उपनेता सुषमा अंधारे ने कहा कि इस निर्णय को ऊपरी कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। जानकारी के अनुसार मीरा भयंदर शहर में 154 सार्वजनिक शौचालयों में से 16 के निर्माण का कांट्रैक्ट भाजपा नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया की युवा फाउंडेशन को दिया गया था।

### आरएसएस की वृन्दावन में होगी अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) की प्रतिवर्ष होने वाली अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इस वर्ष 24 अक्टूबर 2024 से वृन्दावन के परखम में होगी। बैठक में पूरे समय सरसंघचालक डा. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले व सभी छह सह सरकार्यवाह जिनमें डा. कृष्ण गोपाल, केसी मुकुंद, अरूण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार व अतुल लिमये उपस्थित रहेंगे। संघ से जुड़े एक पदाधिकारी ने बताया कि बैठक में देशभर से संघ दृष्टि से 11 क्षेत्रों के क्षेत्र संघचालक, सह क्षेत्र संघचालक,क्षेत्र प्रचारक,सह क्षेत्र प्रचारक, क्षेत्र कार्यवाह व सह क्षेत्र कार्यवाह शामिल होंगे।

# कानपुर में बनी मशीन गन यूरोपीय देशों को निर्यात करेगा भारत

**अगले तीन वर्षों में यूरोपीय कंपनियों को आपूर्ति की जाएगी 2,000 एमएमजी | प्रतिस्पर्धी यूरोपीय हथियार बाजार में भारत की स्थिति और ज्यादा मजबूत होगी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत पहली बार अपनी अपग्रेडेड मीडियम मशीन गन (एमएमजी) का निर्यात यूरोपीय देशों को करने जा रहा है। यह एमएमजी प्रति मिनट 1,000 राउंड फायर करने में सक्षम है। कानपुर की स्मॉल आर्म्स फैक्टरी (एसएएफ) में तैयार की जाने वाली 2,000 एमएमजी अगले तीन वर्षों में यूरोपीय कंपनियों को आपूर्ति की जाएगी। यह निर्यात सौदा भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए एक बड़ी छलांग है, जिससे प्रतिस्पर्धी यूरोपीय हथियार बाजार में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। कानपुर में रक्षा मंत्रालय की हथियार उत्पादन इकाई स्मॉल आर्म्स फैक्टरी (एसएएफ) है, जहां सेनाओं को आपूर्ति किये जाने वाले छोटे हथियारों का उत्पादन किया जाता है। यह कारखाना पुलिस इकाइयों, राज्य पुलिस संगठनों और बीएसएफ आईटीबीपी, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ और एसएसबी सहित अर्धसैनिक बलों के लिए आवश्यक अत्याधुनिक छोटे हथियारों के उत्पादन में माहिर है। एसएएफ ने कई प्रकार के रिवाल्वर बनाए हैं, जिनका इस्तेमाल सुरक्षाबल कर रहे हैं। फैक्टरी में मीडियम मशीन गन (एमएमजी) भी तैयार की गई हैं, जिन्हें लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। चीन और पाकिस्तान की अग्रिम सीमा पर इस्तेमाल की जाने वाली इंसास राइफल भी एसएएफ का बेहतरीन उत्पाद है।



**एमएमजी कई लड़ाकू प्लेटफार्मों में उपयोग के लिए उपयुक्त :** एसएएफ के अधिकारियों ने कहा कि एमएमजी में लगातार उच्च दर की फायर क्षमता है और यह वाहनों, टैंकों, विमानों, नावों और जहाजों जैसे कई लड़ाकू प्लेटफार्मों में उपयोग के लिए उपयुक्त है। एमएमजी की इन्हीं विशेषताओं ने यूरोपीय खरीदारों को सबसे अधिक आकर्षित किया।

संशोधित एमएमजी का वजन लगभग 11 किलोग्राम है और इसे तिपाई माउंट से फायर किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल आपातकालीन स्थितियों में कंधे और कूल्हे पर रखकर किया जा सकता है। क्रोमियम-प्लेटेड बोर और चैंबर से बने इसके बैरल को ज्यादा गर्म होने से बचाने के लिए जल्दी से बदला जा सकता है, जिससे लंबे समय तक फायरिंग के बाद राउंड को जलने से रोकता है।

### तिलजला हत्याकांड के दोषी को अदालत ने सुनाया सजा-ए-मौत का फरमान



**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के तिलजला में सात साल के बच्चे से यौन शोषण और हत्या के मामले में कोर्ट ने आरोपी को मौत की सजा सुनाई है। अलीपुर की विशेष ढडउरड अदालत में मामले का फैसला सुनाया गया है। यह घटना मार्च 2023 में तिलजला में हुई थी। न्यायाधीश ने कहा कि पुलिस को सभी आरोपों के सबूत मिले हैं, जिन 45 गवाहों ने आलोक कुमार के खिलाफ गवाही दी। जज ने यह भी कहा, बच्ची को उसकी यौन इच्छा के लिए घर में जबरदस्ती रखा गया था। जज ने पूरी घटना को क्रूर अपराध करार दिया।

### पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत एक बार फिर से खराब होने के कारण गुरुवार को उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया। दस दिन के भीतर यह दूसरा मौका है, जब भगवंत मान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय में आज सुबह भगवंत मान के अस्पताल में भर्ती होने की पुष्टि की है। हालांकि, बताया गया है कि वह नियमित जांच के लिए अस्पताल में भर्ती हुए हैं। उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। कुछ और जरूरी जांच के बाद अस्पताल से छुट्टी होगी। अस्पताल प्रशासन और पंजाब सरकार ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि मुख्यमंत्री को अस्पताल में क्यों भर्ती कराना पड़ा है।

## एक नजर

### परिवार नियोजन के तहत 29 का बंध्याकरण, एक पुरुष का नसबंदी

**महुआडांड़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत डॉक्टर टीमुनी रत्नाकर के नेतृत्व प्रखंड के विभिन्न गांवों से आये 29 महिलाओं का बंध्याकरण के साथ एक पुरुष नसबंदी का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन में प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो के साथ सभी नर्स एएनएम सहित स्वास्थ्य सहिया बहन मौजूद थे। ऑपरेशन कराने आये सभी महिलाओं को रूकने की व्यवस्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में किया था, जिससे किसी भी महिला को दिक्कत आने पर तुरंत उसका बेहतर देखरेख हो सके।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**चंदवा।** पुलिस ने बुधवार को थाना गेट के समीप दो पहिया वाहन की सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट व वाहनों के कागजात की जांच की गई। जांच के क्रम में कई वाहन चालक नियम का उलंघन करते पकड़े गए, जिनसे जुर्माना वसूल कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही थी। अभियान में शामिल अधिकारियों ने बताया कि जांच का उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से बाइक चालकों को वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने व ट्रैफिक नियमों का पालन करने की बात कही।

### पुत्र की लंबी आयु के लिए माताओं ने रखी जितिया व्रत

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित गोनिया, बालूभांग, डाढ़ा, फूलसु, साल्वे, टोंटी, शिबला, आमरवाडीह सहित पूरे क्षेत्र में अपने पुत्र की लम्बी आयु को लेकर माताएं ने जितिया व्रत रखी। जितिया व्रत माताओं द्वारा अपने बच्चों की दीघार्यु और कल्याण की कामना के लिए रखी। व्रत रखने वाली माताएं बिना जल और अन्न ग्रहण किए करती हैं। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों पर जतरा मेला, गीत संगीत, झूमर का भी आयोजन किया गया था।

### नव चिन्हित आंदोलनकारियों का सम्मान समारोह एक को

**चंदवा।** आगामी एक अक्टूबर को झारखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के बैनर तले लातेहार जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना सह नव चिन्हित आंदोलनकारियों का अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। मंच के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, मुरली प्रसाद चौरसिया, धनेश्वर उरांव ने बताया कि आंदोलनकारी के विभिन्न मांगों को लेकर उक्त कार्यक्रम आहूत की गई है। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री के नाम जिले के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही नव चिन्हित आंदोलनकारियों का अभिनंदन व सम्मान किया जाएगा। कहा कि लंबे संघर्ष के बाद झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग द्वारा आंदोलनकारियों को चिन्हित किये जाने पर आभार व्यक्त किया। आयोग के अध्यक्ष व पदाधिकारी के प्रयास के कारण ही यह संभव हो पाया है। मंच ने जिले के सभी आंदोलनकारी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### विद्यार्थियों ने लगाया फलदार पौधे

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग में आम्रपाली कोल परियोजना प्रबंधन द्वारा फलदार पौधों का रोपण गुरुवार को किया गया। प्रधानाध्यापक विकास पांडेय ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आम, कटहल, नींबू, अमरुद, तेजपत्ता व अशोक के पौधों को विद्यार्थियों ने उत्साह से लगाया है। उन्होंने जीएम अमरेश कुमार सिंह व सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में कई निर्णय

# अवैध खनन पर का डीसी सख्त निर्देश: कहा -लापरवाही बर्दाश्त नहीं



#### जिले में अवैध खनन के खिलाफ सख्त कदम, कई अधिकारियों को निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के डीएफओ, एसडीओ, और अनुमंडल पदाधिकारी सभागार में उपस्थित रहे, जबकि थाना प्रभारी और अंचलाधिकारी वर्चुअल मोड के जरिए जुड़े। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध खनन पर नियंत्रण और संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा करना था। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न थानों और अंचलों में अवैध खनन के खिलाफ की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की। जिन थाना क्षेत्रों में कोई कार्रवाई नहीं की गई थी, वहां के थाना प्रभारियों और अंचल अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाएं और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### एक महीने में 119 वाहन जब्त

जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बैठक में बताया गया कि बीते एक महीने में 119 वाहनों को जब्त किया गया है, जिससे करीब 86 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया। इसके अलावा, 100 से अधिक लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की गई है। पत्थर खदानों का सर्वेक्षण करते हुए करीब 67 लाख रुपये की वसूली की गई है। उपायुक्त ने सभी पत्थर खदानों की नापी करने का निर्देश देते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि अवैध खनन पूरी तरह से रोका जाए।

#### खनिज स्रोत की जानकारी दें ईई

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी कार्यपालक अभियंताओं को भी पत्र भेजकर खनिज स्रोतों की जानकारी देने का निर्देश दिया। यह आदेश यह सुनिश्चित करने के लिए है कि निर्माण कार्यों में प्रयोग हो रहे खनिज वैध स्रोतों से आ रहे हों। उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ उठाए गए कदमों का पालन सख्ती से होना चाहिए ताकि जिले में खनन से जुड़ी सभी गतिविधियां पारदर्शिता और कानूनी ढांचे के अंतर्गत हों। इस बैठक से यह स्पष्ट है कि जिला प्रशासन अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सभी संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर कार्रवाई का ब्यौरा देने और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए गए हैं।

#### डीजीपीएस सर्वे की प्रक्रिया जारी

बैठक में खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया 27 पट्टों का डीजीपीएस सर्वे किया जा चुका है, और शेष पट्टों का सर्वेक्षण जल्द पूरा किया जाएगा। उपायुक्त शशि रंजन ने इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर कड़ी नजर रखी जाए। इसके साथ ही सभी टास्क फोर्स के सदस्यों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे किसी भी तरह की लापरवाही नहीं करें और समय-समय पर निरीक्षण करें।

---

## नगर पंचायत में भ्रष्टाचार की जांच रिपोर्ट पर एसडीओ की कार्रवाई की अनुशंसा

#### पौने दो अरब की विकास योजनाओं की राशि खर्च, फिर भी नगर की हालत बदहाल : अरविंद



**डीसी और नगर विकास विभाग ने छतरपुर एसडीओ से जांच करवाई, जिसमें भारी अनियमितताओं की पुष्टि**


नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** नगर पंचायत चुनाव के बाद से छतरपुर नगर पंचायत में भ्रष्टाचार ने पांव पसार लिए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमून ने नगर विकास विभाग और झारखंड सरकार से योजनाओं की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने छतरपुर के एसडीओ और स्थानीय पत्रकारों का आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई गई। इस पर डीसी और नगर विकास विभाग ने छतरपुर एसडीओ से जांच करवाई, जिसमें भारी अनियमितताओं की पुष्टि हुई। एसडीओ ने पलामू के उपायुक्त को जांच रिपोर्ट भेजी है, जिसमें कार्यपालक अधिकारी, जेई और संवेदकों पर प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की गई है।

अरविंद ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने सूचना के अधिकार 2005 अधिनियम के तहत नगर पंचायत से 14 बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। जानकारी के अनुसार, जनवरी 2023 तक नगर पंचायत छतरपुर के विकास मद में लगभग 730 मिलियन (पौने एक अरब) खर्च हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी राशि से इलाके का कायापलट हो सकता था, लेकिन संवेदकों और अधिकारियों की मिलीभगत से यह राशि बंदरबांट कर ली गई। उन्होंने कहा कि जब एसडीओ ने भ्रष्टाचार की पुष्टि कर दी है, तो कार्यपालक अधिकारी, सिटी मैनेजर और जेई को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए और इसमें शामिल संवेदकों को ब्लैकलिस्टेड कर प्राथमिकी दर्ज करनी चाहिए। अरविंद ने झारखंड के मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री और एंटी करप्शन ब्यूरो से भी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उच्च न्यायालय में पीआईएल दायर करने और आमरण अनशन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि योजनाओं की गुणवत्ता अत्यंत खराब है, और निर्माण में निर्धारित मानकों का उल्लंघन हुआ है।

---

## तकनीकी शिक्षा से ही खुलेगा विकास का सभी द्वार : चंद्रशेखर



#### नौगाढ़ा में खुला सत्य साईं नर्सिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट, पूर्व मंत्री ने किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** प्रखंड के नौगाढ़ा में सत्य साई नर्सिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट गुरुवार को खुल गया। इंस्टीच्यूट का उद्घाटन पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता इंस्टीच्यूट के निदेशक नितेश पाठक ने किया। ददई दुबे ने कहा कि अब जमाना तकनीकी शिक्षा का है। तकनीकी शिक्षा से ही विकास का सभी द्वार खुलेगा। इसलिए सभी लोग अपने बच्चों को तकनीकी शिक्षा की ओर ही अग्रसर करें, ताकि शिक्षा पूर्ण होते ही उन्हे नौकरी मिल सके। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में इंस्टीच्यूट खोलने पर संस्थान संचालक को बधाई देते हुए कहा कि आपका यह साहस भरा फैसला क्षेत्र के बच्चों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। इंस्टीच्यूट के निदेशक नितेश पाठक ने बताया कि इस शैक्षणिक संस्थान में एएनएम, जीएनएम और बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई होगी। यहां पहले से सौ बेड का अस्पताल संचालित किया जा रहा है। छात्रावास की भी व्यवस्था है। इसके अलावा इंस्टीच्यूट में सभी अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध है। पाठक ने घोषणा किया कि स्थानीय छात्र छात्राओं को आधे शुल्क पर पढ़ाया जायेगा।

---

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु टीम रवाना

**मेदिनीनगर।** राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पलामू जिला कबड्डी टीम सरायकेला के लिए रवाना हुई। ये खिलाड़ी सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे और अपने प्रतिभा का हुनर दिखाएंगे। यह प्रतियोगिता 29 सितंबर तक चलेगी। उनके साथ टीम मैनेजर के तौर पर ऋषिका कुमारी भी शामिल है।

---

## राशन कालाबाजारी के खिलाफ लाभुकों का हंगामा

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** प्रखंड के ढोटी के डीलर राजेश्वर बैठा के खिलाफ राशन कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए लाभुकों ने जमकर हंगामा किया। लाभुकों का कहना था कि डीलर के द्वारा प्रत्येक माह राशन नहीं दिया जा रहा है। राशन की कालाबाजारी किया जा रहा है। लाभुकों ने कहा कि जब भी हम लोग राशन लेने जाते हैं डीलर के द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है। लाभुकों ने कहा हमलोगो से अंगूठा लगवा लिया जाता है और राशन नहीं दिया जाता है। लाभुकों ने उपायुक्त से डीलर पर कार्रवाई करने की मांग किया है। लाभुकों ने कहा कि डीलर राजेश्वर बैठा का यह कोई नई बात नहीं है। हर दिन लाभुको को दुकान से यह कर वापस कर दिया जाता है कि अभी राशन नहीं है। समय पर राशन लेने क्यों नहीं आते है। लाभुकों ने कहा कि डीलर के परिजनों के द्वारा भी लाभुकों के साथ गाली गलौज किया जाता है। ऐसे में डीलर राजेश्वर बैठा की जगह दूसरे डीलर से राशन उपलब्ध कराया जाए। मौके पर हिदायत अंसारी, नाजमा बीबी, नुरेलम अंसारी, हसबुन बीबी, सफीना बीबी, कामेश्वर बिश्वकर्मा, कमरुण बीबी, दीपक विश्वकर्मा, महेश महतो, अकलीम अंसारी, मंसूर अंसारी, हदीस अंसारी, तकरीम अंसारी, अहमद अंसारी, नुरे अंसारी, महफूज अंसारी, असरफ अंसारी, नसरु अंसारी, रजाक अंसारी, शंभू महतो, प्रभु महतो, मुस्ताक अंसारी सहित अन्य लोग शामिल थे। डीलर राजेश्वर बैठा ने इस संबंध में कहा कि नेटवर्क नहीं रहने के कारण कई बार परेशानी होती है।

---

### 261 ने थामा झामुमो का दामन, कल्पना सोरेने ने पार्टी का पट्टा पहना कर किया स्वागत

**चंदवा।** बालूमाथ निवासी समाज सेवी संजय कुमार रवि के नेतृत्व में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से 261 लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। बुधवार शाम इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में आयोजित मिलन समारोह में गांडेय विधायक सह झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने सभी लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही पार्टी में शामिल होने वालों सदस्यों के प्रति आभार व शुभकामनाएं प्रकट कीं। पार्टी की सदस्यता लेने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष आजसू पार्टी सह झारखंड आंदोलनकारी जितेंद्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश कुमार उरांव, बीएसपी के पूर्व लोकसभा प्रभारी अनिल कुमार उरांव, बीएसपी के लातेहार जिला कोषाध्यक्ष रविशंकर जाटव,राष्ट्रीय जनता दल के बाबूलाल राम,लगन मनोहर खाखा, बिजेंद्र कुमार, महेश उरांव, सत्यनारायण भगत, मेजरस खाखा, अर्जुन राम, हरेंद्र कुमार, डॉ. सतीश कुमार, राहुल यादव, राजेंद्र गंझू, मो. इमरान, धनंजय गंझू, मो. वारिस,डॉ. राजेश कुमार रवि, दिनेश यादव,रंजन यादव,चंद्रदेव उरांव,महेश यादव,निरंजन उरांव, मनोज सिंह, रामसेवक सिंह, मो. इश्तियाक, मोहन उरांव, बालकेश्वर राम,शंकर उरांव,अविनाश राम,अजीत कुजूर आदि शामिल हैं।

---

## मूसलाधर बारिश होने से खपरैल घर गिरा, परिजनों को बढ़ी समस्या



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत मकरा ग्राम निवासी लक्ष्मी देवी पति राहुल कुमार का मिट्टी खापरैल घर जोरदार बारिश होने से गिर गया। पीड़िता लक्ष्मी देवी ने बताया कि उनलोग सब परिवार घर के अंदर मे ही थे। बारिश से अचानक घर का दीवार गिरने लगा। घर सें बाहर निकलते-निकलते घर पूरी तरह से गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया। घर गिर जाने से घर मे रखा खटिया, कुर्सी, बर्तन,खाने का अनाज, चावल, मक्का सहित अन्य सामग्री गिरे दीवार की मिट्टी से दबकर खराब हो गया। जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है। पति बाहर में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। गरीबी के कारण अपने से घर बना पाना संभव नहीं है। बरसात में सभी परिवार का रहना मुश्किल हो गया है। अभी तक सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उसे नहीं मिल पाया है। इसके आलवा मकरा निवासी धर्मदेव सिंह पिता स्व. वकील सिंह का घर का चाहरदीवारी भी मूसलाधार बारिश होने से गिर गया। पीड़त परिवार ने संबधित विभाग से अबुआ आवास व पीएम आवास दिलवाने का मांग की है।

### बाढ़ से अप्रोच बहा, ग्रामीणों ने विधायक से बनाने की मांग



**महुआडांड़।** प्रखंड के परहाटोली पंचायत के ग्राम नगर प्रतापपुर से रामपुर तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। साथ ही सड़क के बीचो-बीच रामपुर नदी के पुल का अप्रोच बाढ़ के कारण बह गया। इस कारण पंचायत के दर्जनों गांव नगर प्रतापपुर, शाहपुर, चुटिया, उदालखाड, विश्रामपुर सहित कई अन्य गांव के स्कूली बच्चों स्कूल आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत संबंधित कार्य व महुआडांड़ मुख्यालय पैदल आने जाने के लिए काफी दिक्कत हो रही है। ग्रामीण आठ से 15 किलोमीटर दूर कुरो मोड़ होकर महुआडांड़ आ जा रहे है। जर्जर सड़क और नदी के बहे अप्रोच की बनाने के लिए ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह को आवेदन देकर जल्द बनाने की मांग की है।

---

## उपायुक्त ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अबुआ आवास की समीक्षा की




#### कम प्रगति वाले प्रखंड मनिका, बरियातू, लातेहार के बीडीओ पर रोष प्रकट

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को अबुआ आवास की प्रगति की समीक्षा की। अबुआ आवास योजना अंतर्गत प्रखंडवार रजिस्ट्रेशन,स्वीकृति, जियोटैगिंग की बिंदुवार समीक्षा भी की। सभी बीडीओ को योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध आवेदन स्वीकृत कर, सुयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सबसे कम प्रगति वाले प्रखंड मनिका, बरियातू, लातेहार के बीडीओ पर रोष प्रकट की। साथ ही स्पष्ट निर्देशित दिया कि 24 घंटे के अंदर कार्य में सुधारात्मक प्रगति लाते हुए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें। तय समयावधि तक कार्य में प्रगति नहीं होने पर सबंधित बीडीओ के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।

### जेएमएम नेता के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के सिंदुवारी में जेएमएम नेता मनोज कुमार चंद्रा के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। बताया गया कि सिंदुवारी खुर्द में लगभग चार महीने से ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। इस कारण गांव के लोगों को पढ़ाई लिखाई करने तथा किसान मजदूर को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने सिमरिया विधानसभा के लोकप्रिय नेता मनोज चंद्रा को दिया। उन्होंने तुरंत अपने प्रयासों से एक सप्ताह के अंदर नया ट्रांसफार्मर मुहैया कराया। ट्रांसफार्मर लग जाने से गांव वालों में खुशी का माहौल है। मनोज चंद्रा जी के प्रति आभार जताया। मौके पर बैद्यनाथ कुमार दांगी, समाज सेवी यदुनंदन पांडेय, बहादुर दांगी, विनोद ठाकुर, कामदेव दांगी, दिगंबर रविदास,संदीप दांगी,वार्ड सदस्य पिंकी देवी सहित गांव के दर्जनों महिला व पुरुष उपस्थित थे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर राजद ने बनाई रणनीति

**चतरा।** प्रखंड मुख्यालय के सलगा शिव मंदिर परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल पार्टी का प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष ने की। संचालन विजय भारती ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा कर चनावी रणनीति बनाई। कार्यकर्ताओं को चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया गया। साथ ही झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दिया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में घर-घर जाकर लोगों को जानकारी देने का निर्णय लिया गया। ब

### राष्ट्रीय लोक अदालत 28 को

**बालूमाथ।** राष्ट्रीय लोक अदालत 28 सितंबर को लातेहार जिला के व्यवहार न्यायालय कैंपस में लगाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक जयंत कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत लातेहार में लगाया जा रहा है, जो बैंक ग्राहकों के लिए एक सुनहरा अवसर है। वैसे ग्राहक जिनका केसीसी लोन खाते में लेनदेन नहीं होने के कारण खराब हो गई, हो वह ठीक करा सकते हैं। साथ ही जिनका छोटी बड़ी लोन हो वह अपना ब्याज माफी कराकर मूलधन जमा करके खुद को चिंता मुक्त कर सकते हैं। यह ग्राहकों के लिए बहुत ही सुनहरा अवसर है। इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि इस तरह का जिनका भी समस्या है वह 28 सितंबर को लगने वाले लोक अदालत भाग लें।

### लेप्रोसी के संभावितों रोगियों की जांच शुरू

**लातेहार।** लेप्रोसी विभाग ने 28 अगस्त से लेप्रोसी रोगियों की खोज शुरू की थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लातेहार अंतर्गत पाये गए 92 संभावितों की जांच जिला कार्यालय में सिविल सर्जन व जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी के निर्देश पर किया गया। डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि चार रोगियों को चिन्हित कर लिया गया है। रोगियों का इलाज भी शुरू कर दिया गया है। सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह द्वारा जिला में पाये गये सभी संभावितों की जांच प्रखंड स्तर पर व आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर करने का निर्देश सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को दिया है।

## पेज एक का शेष

### राज्यपाल ने दी...

खनिज भूमि पर सेस लगाने से राज्य सरकार को सालाना दो हजार करोड़ अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। खनिज भूमि से मिली सेस की राशि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, ग्रामीण आधारभूत संरचना, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य सेवाओं पर खर्च की जाएगी। सेस से मिलने वाली राशि की वसूली खान विभाग करेगा। वहीं सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल पर राज्य सरकार का विभिन्न मदों में एक लाख 36 हजार 42 करोड़ रुपए बकाया है। इस राशि की प्राप्ति के लिए माडा, भू-राजस्व व खान विभाग जल्द ही केंद्र सरकार को पत्र लिखेगा।

### पहली कैबिनेट में...

हम बहनों को तीन हजार रुपये प्रति माह देंगे : केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में हमने लाडली बहना योजना बनाई। अब चुनाव नजदीक आया तो झारखंड सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम महीने में मंईयां योजना शुरू कर दिया लेकिन महज एक हजार रुपये दे रहे हैं। इसे बढ़ाकर हम 3,000 रुपये करेंगे। हम छत्तीसगढ़, उड़ीसा और महाराष्ट्र में बहनों के खातों में पैसे डाल रहे हैं। त्योहार के समय अलग से पैसे डालते हैं। प्रधानमंत्री जी ने लखपति दीदी योजना भी बनाई है जिसका विभाग मेरे पास है। हर गरीब बहन की आमदनी एक साल में कम से कम एक लाख होना चाहिए। हम किसी बहन को गरीब नहीं रहने देंगे। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है 3 करोड़ लखपति दीदी बनाना है, मैं विश्वास दिलाता हूँ कि हम इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

### गिनाए हेमंत के पाप...

जो घर से मां से सिपाही भर्ती कहकर आये थे, उन्हें वर्दी तो नहीं मिली, कफन ओढ़कर वो वापस लौटे।
ये हत्या हैं और इस पाप से हेमंत सोरेन बच नहीं सकते। ये झारखंड मुक्ति मोर्चा नहीं पेपर लीक मोर्चा है।

### मैरिटल रेप मामले...

इस मामले में भी कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है और फैसला आना बाकी है। बता दें कि मैरिटल रेप के मामले में कर्नाटक और दिल्ली हाईकोर्ट के दो फैसलों पर कानूनी बहस छिड़ी है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा है। कई जनहित याचिकाएं इस मामले में दायर की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन सभी को एक साथ मर्ज करके सुनवाई का निर्णय लिया है। 24 सितंबर को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में इसकी सुनवाई होनी थी, लेकिन केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का वक्त मांगा।

# आतंक फैलाने का जवाब फांसी के तख्ते पर ही दिया जाएगा : शाह




**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के आखिरी चरण में प्रचार के लिए आये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा ये लोग किस मुंह से कह रहे हैं कि हम जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र लाएंगे? अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और नेहरू-गांधी परिवार ने 70 वर्षों तक यहां लोकतंत्र को कुचला। चनैनी में आयोजित जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अफजल गुरु की फांसी की सजा के विरोध को लेकर उमर अब्दुल्ला पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हमारी देश की संसद पर जिस अफजल गुरु ने हमला करवाया, उसकी फांसी का यह लोग विरोध कर रहे हैं। उमर अब्दुल्ला कहते हैं कि अफजल गुरु को फांसी नहीं देनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि अब्दुल्ला साहब आप आतंकवादियों को बिरयानी खिलाते रहिए लेकिन आतंक फैलाने का जवाब फांसी के तख्ते पर ही दिया जाएगा। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अब जम्मू-कश्मीर में पंच और सरपंच के चुनाव हो चुके हैं और 40 हजार लोग अब लोकतंत्र का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले तीन राजनीतिक परिवारों ने नेपटिजम को बढ़ावा दिया लेकिन मोदी सरकार के प्रयासों से युवा अब निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद के इतिहास पर भी प्रकाश डाला और कहा कि 40 साल तक यहां आतंकवाद का साया रहा, जिसमें 40 हजार लोग मारे गए। मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया, जिसके बाद न तो पत्थरबाजी होती है और न ही गोलियां चलती हैं। अमित शाह ने चेतावनी दी कि कांग्रेस और एनसी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से लाना चाहती हैं लेकिन हम आतंकवाद को पाताल तक दफन करके ही दम लेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के रहते किसी में इतनी ताकत नहीं है कि जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद लाए।

## हरियाणा में हैट्रिक, कश्मीर में भी बन रही भाजपा की सरकार : भजन लाल

**पानीपत।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए प्रचार कर रहे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गुरुवार को समालखा विधानसभा में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में भाजपा हैट्रिक लगाएगी और जम्मू-कश्मीर में भी वह सत्ता में आएगी। उन्होंने समालखा के लोगों से पार्टी के प्रत्याशी मनमोहन भड़ाना को वोट देने की अपील की। भजन लाल शर्मा ने कहा कि देश को विकसित करने का काम हम सभी को मिलकर करना है।

## श्रीलंका के निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव के लिए 11 अरब रुपये मांगे

**कोलंबो।** श्रीलंका के निर्वाचन आयोग ने देश के आगामी आम चुनाव कराने के लिए राजकोष से 11अरब रुपये मांगे हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार आधीरात राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने संसद को भंग करते हुए 14 नवंबर को संसदीय चुनाव कराने की घोषणा की। निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष आरएमएलए रथनायके के हवाले से कहा कि आयोग कार्यालय ने राजकोष से आम चुनाव कराने के लिए 11 अरब रुपये की मांग की है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति को ही इस उद्देश्य के लिए राजकोष से धन का आवंटन करने का अधिकार है।

## मैं दोषी नहीं हूं, इस्तीफा नहीं दूंगा : सीएम सिद्दारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार



को कहा कि वह दोषी नहीं हैं और अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जेडीएस (जनता दल-धर्मनिरपेक्ष) ने कहा था कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाला मामले में विशेष अदालत के आदेश के मद्देनजर सिद्धारमैया को पद छोड़ देना चाहिए। उनकी इस मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम सिद्दारमैया ने कहा कि मैं दोषी नहीं हूं और अपने पद से इस्तीफा नहीं दूंगा। सीएम सिद्दारमैया ने कहा मैंने कोई गलती नहीं की है। इसलिए मुझे इस्तीफा देने की कोई जरूरत नहीं है। कई भाजपा नेता जमानत पर हैं, क्या उनमें से किसी ने अपना इस्तीफा दिया है?

## पीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को जन्मदिन पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह को फोन कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जाना। इससे पहले पीएम मोदी ने मनमोहन सिंह को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए बधाई दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें लंबा और स्वस्थ जीवन मिले। पीएम मोदी के अलावा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 92वें जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर बधाई दी।

## अमेरिकी सरकार सख्त कदम उठाए : अनिरुद्धाचार्य

**नई दिल्ली।** अमेरिका के कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो



में स्थित बीएपीएस हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ पर वृंदावन के कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के अच्छे रिश्ते हैं। इस घटना की विस्तृत चर्चा होनी चाहिए और आगे इस तरह की हरकत नहीं हो, इसके लिए अमेरिकी सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए। अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हमले की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने सियाचिन बेस कैंप का किया दौरा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और सियाचिन युद्ध स्मारक पर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने यहां तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए देश की रक्षा के प्रति उनके असाधारण योगदान की सराहना की। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सियाचिन युद्ध स्मारक पर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह स्मारक उन सैनिकों और अधिकारियों के बलिदान का प्रतीक है जो 13 अप्रैल 1984 को सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन मेघदूत शुरू करने के बाद से बलिदान हुए हैं। सियाचिन बेस कैंप में तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में उन्हें उनपर गर्व है और सभी नागरिक उनकी बहादुरी को सलाम करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अप्रैल 1984 में ऑपरेशन मेघदूत शुरू होने के बाद से भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों और अधिकारियों ने इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्हें गंभीर मौसम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। भारी बर्फबारी और माइनस 50 डिग्री तापमान जैसी कठिन परिस्थितियों में भी ये पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ अपने मोर्चे पर तैनात रहते हैं। वे मातृभूमि की रक्षा में त्याग और सहनशीलता का असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने जवानों से कहा कि सभी भारतीय उनके बलिदान और वीरता से परिचित हैं और हम उनका सम्मान करते हैं।

## जापान में पांच दशक पुराना मौत की सजा का फैसला पलटा



चार लोगों की सामूहिक हत्या के केस में दोषी पूर्व मुक्केबाज इवाओ बरी

**एजेंसी। टोक्यो**

जापान की एक अदालत ने पांच दशक से ज्यादा पुराने चार लोगों की हत्या के केस में मौत की सजा (मृत्युदंड) के फैसले को गुरुवार को पलट दिया। यह फैसला इस बहुचर्चित हत्याकांड के दोषी पूर्व मुक्केबाज इवाओ हाकामाडा के लिए सबसे बड़ी खुशी लेकर आया। शिजुओका जिला अदालत ने उन्हें बरी करने का फैसला सुनाया। जापान टाइम्स की खबर के अनुसार, पूर्व प्रोफेशनल मुक्केबाज 88 वर्षीय इवाओ हाकामाडा को 58 साल पहले 1966 में चार लोगों की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इवाओ को लगभग आधी सदी जेल में रहने के बाद शारीरिक और मानसिक जटिलता की वजह से 2014 में रिहा कर दिया गया। कुछ साल पहले टोक्यो हाई कोर्ट ने इस केस पर पुनर्विचार की अर्जी स्वीकार कर शिजुओका जिला न्यायालय को सुनवाई का आदेश दिया। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। 2020 में शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। शिजुओका जिला न्यायालय में बरी करने के फैसले के समय 91 वर्षीय बहन हिदेको हाकामाडा अपने भाई की ओर से पेश हुईं।

## नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी चार दिन की ग्रीस यात्रा पर

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी आज से 29 सितंबर तक ग्रीस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उनकी चार दिवसीय यह यात्रा भारत और ग्रीस के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है, जिसमें नौसेना सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उनकी इस यात्रा से दोनों नौसेनाओं के बीच मित्रता और सहयोग और मजबूत होने की उम्मीद है, जिससे आपसी हितों के क्षेत्रों में सहयोग में वृद्धि होगी। यात्रा के दौरान नौसेना प्रमुख वरिष्ठ यूनानी रक्षा अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे, जिनमें रक्षा उप मंत्री इयोनिस केफालोगियानिस, हेलेनिक नेवी जनरल स्टाफ (एचजीएनएस) के प्रमुख वाइस एडमिरल दिमित्रियोस ई कटारस, हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल क्रिस्टोस ससियाकोस शामिल होंगे।

## सेंसर बोर्ड ने इमरजेंसी रिलीज करने से पहले कुछ हिस्सों को हटाने को कहा

**एजेंसी। मुंबई**

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की संशोधन समिति ने कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को रिलीज करने से पहले कुछ हिस्सों में कट लगाने का सुझाव दिया है। बोर्ड ने गुरुवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया कि वह फिल्म इमरजेंसी को प्रमाण पत्र जारी करने को तैयार है लेकिन फिल्म के कुछ हिस्सों में काट-छांट करनी होगी। इसके बाद बॉम्बे हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई 30 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाने वाली और फिल्म का निर्देशन करने वाली रनौत ने सीबीएफसी पर फिल्म के रिलीज को टालने के लिए





प्रमाणन में देरी करने का आरोप लगाया है। शिरोमणि अकाली दल सहित सिख संगठनों ने फिल्म की आलोचना की है, जिनका आरोप है कि यह ऐतिहासिक तथ्यों और सिख समुदाय को गलत तरीके से पेश करती है। इस मामले की सुनवाई गुरुवार को बॉम्बे हाई कोर्ट के खंडपीठ के समक्ष हुई। पीठ ने सीबीएफसी से पूछा कि क्या उसके पास फिल्म के लिए अच्छी खबर है। सीबीएफसी के वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने अदालत को बताया कि बोर्ड की संशोधन समिति ने अपना फैसला ले लिया है। उन्होंने कहा, समिति ने प्रमाणपत्र जारी करने और फिल्म को रिलीज करने से पहले कुछ कटौतियों का सुझाव दिया है। जी एंटरटेनमेंट का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील शरण जगतियानी ने फिल्म इमरजेंसी के लिए प्रस्तावित कटौतियों पर निर्णय लेने के लिए अतिरिक्त समय मांगा। इसके बाद पीठ ने अगली सुनवाई 30 सितंबर के लिए निर्धारित की। जी एंटरटेनमेंट की याचिका में दावा किया गया कि सीबीएफसी ने फिल्म के लिए प्रमाणपत्र को पहले ही मंजूरी दे दी थी, लेकिन इसे जारी नहीं किया।

## अमेरिका के स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका में पिछले कुछ दिनों में कई हिंदू मंदिरों पर हमला देखा गया है। न्यूयॉर्क की घटना को अभी 10 दिन भी नहीं बीते थे। बुधवार की रात कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। मंदिर के बाहर लगे बोर्ड पर हिंदू विरोधी टिप्पणी लिखी गई हैं। कट्टरपंथियों ने मंदिर की दीवारों पर 'हिंदू वापस जाओ' के नारे लिखे हैं। इस घटना से हिंदुओं में डर पैदा हो गया है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस भी इस घटना की निंदा की है। बीएपीएस



ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, ''न्यूयॉर्क में बीएपीएस मंदिर के अपमान के 10 दिन से भी कम समय में बीती रात कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में हमारे मंदिर को हिंदू विरोधी घृणा के साथ अपमानित किया गया। हमें इस बात का गहरा दुख है। हम शांति की प्रार्थना के साथ नफरत के खिलाफ एकजुट हैं।'' सैक्रामेंटो काउंटी का प्रतिनिधित्व करने वाले सीनेटर अमी बेरा ने मंदिर में हुई घटना की निंदा करते हुए लोगों से असहिष्णुता के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।

## दुकानदारों के लिए नेमप्लेट अनिवार्य करने पर हिमाचल सरकार का यूटर्न

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में फास्ट फूड, रेहड़ी-पटरी और ढाबा मालिकों को अपनी दुकानों के बाहर नेमप्लेट लगाने और पहचान प्रदर्शित करने के निर्देश के महज एक दिन बाद सुक्खू सरकार ने यू-टर्न ले लिया। सरकार ने गुरुवार को कहा कि अब तक इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

## यूएन शांति मिशन के नेपाली सैनिकों की सुरक्षा को लेकर नेपाल चिंतित

**काठमांडू।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के तहत तैनात नेपाली सेना की सुरक्षा को लेकर नेपाल सरकार ने संयुक्त राष्ट्र के समक्ष अपनी चिंता जाहिर की है। इजराइल द्वारा लेबनान पर किए जा रहे लगातार आक्रमण के कारण वहां तैनात नेपाली सेना पिछले 24 घंटे से बंकर में ही रहने को मजबूर है। न्यूयॉर्क में रही नेपाल की विदेश मंत्री डा. आरजू राणा ने संयुक्त राष्ट्र में शांति मिशन देखने वाले उप महासचिव से मुलाकात कर लेबनान में तैनात नेपाली सेना की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता से अवगत कराया है। न्यूयॉर्क में रहे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अमृत राई ने बताया कि विदेश मंत्री डा. राणा ने यूएन पीस कीपिंग मामलों के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल जीन पियरे लैक्रोइक्स से मुलाकात कर इस संबंध में चर्चा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक इस मुलाकात के दौरान नेपाल ने लेबनान में नेपाली शांति सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# एजुकेशन/करियर

एक कंपनी सेक्रेट्री, लीगल एक्सपर्ट या कंपनी के कुशल एडमिनिस्ट्रेशन को सुनिश्चित करने के लिए एककंप्लायंस ऑफ़िसर है। वे कॉर्पोरेट और सिक्योरिटी लॉ के एक्सपर्ट हैं, जो स्टटूटोरी और लीगल कंप्लायंस और अधिकारियों के निर्णय लो लागु करते हैं। इसके अलावा, वे बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर के चीफ एडवाइजर के रूप में कार्य करते हैं, जो फाइनेंसियल रिपोर्ट बनाने, बिज़नेस करने, कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी विकसित करने, कॉन्फ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट वाली स्थितियों से निपटने आदि के तरीके सुझाते हैं।

## कंपनी सेक्रेट्री कोर्स कर बना सकते हैं करियर

### कंपनी सेक्रेट्री कोर्स

- फाउंडेशन कोर्स
- एग्जीक्यूटिव कोर्स
- प्रोफ़ेशनल कोर्स

### फाउंडेशन कोर्स 4 पेपर

- सीएस के फाउंडेशन कोर्स में 4 पेपर होते हैं जिनकी विस्तृत जानकारी को समझना जरुरी है
- बिज़नेस एनवायरनमेंट एंड एंटप्रेनर शिप
- बिज़नेस इकोनॉमिक्स
- बिज़नेस मैनेजमेंट, एथिक्स, लॉ एंड कम्युनिकेशन
- फंडामेंटल्स ऑफ़ एकाउंटिंग एंड ऑडिटिंग

### एग्जीक्यूटिव कोर्स

- सीएस के एग्जीक्यूटिव कोर्स में 7 पेपर होते हैं जिनका विवरण इस प्रकार है
- कंपनी लॉ
- इकोनॉमिक्स एंड कमर्शियल लॉ
- टैक्स लॉ एंड प्रैक्टिस
- कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटिंग
- कंपनी एकाउंट्स एंड ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज
- इंडस्ट्रियल लेबर एंड जनरल लॉ
- कैपिटल मार्केट एंड सिक्योरिटीज लॉ



### कैसे मिलेगा दाखिला

- आईसीएसआई फाउंडेशन कोर्स पूरा करने के बाद कैंडिडेट आईसीएसआई इंटरमीडिएट कोर्स में दाखिला ले सकते हैं .
- आईसीएसआई इंटरमीडिएट कोर्स पास करने के बाद कैंडिडेट आईसीएसआई के अंतिम चरण में एनरोलमेंट के लिए योग्य कैंडिडेट माने जाते हैं जो कि सीएस बनने की प्रक्रिया में अंतिम चरण कहा जाता है .
- कोर्स पूरा होने के बाद प्रशिक्षण के बाद आईसीएसआई की एसोसिएट मैम्बरशिप मिलने में हेल्प मिलेगी .
- इस कोर्स के बाद कैंडिडेट सीएस के लिए अप्लाई कर सकते हैं .

### प्रोफ़ेशनल कोर्स

- प्रोफ़ेशनल कोर्स में 9 पेपर होते हैं जिनका विवरण इस तरह से है.
- एडवांस्ड कंपनी लॉ एंड प्रैक्टिस
- कॉर्पोरेट रिस्ट्रक्चरिंग, वैल्यूएशन एंड इन्सॉल्वेंसी
- सेक्रेटेरियल ऑडिट, ड्यू डिलिजेंस एंड कंप्लायंस मैनेजमेंटएडवांस्ड टैक्स लॉ एंड प्रैक्टिस
- ड्राफ्टिंग, अपीयरेंस एंड प्लीडिंग
- ऐच्छिक विषय 5 में से 1 विषय चुन सकते हैं.
- बैंकिंग लॉ एंड प्रैक्टिस
- इन्शुरन्स लॉ एंड प्रैक्टिस
- कैपिटल, कमोडिटी एंड मनी मार्केट
- इंटेलेक्चुअल बिज़नेस-लॉ एंड प्रैक्टिस
- इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट- लॉ एंड प्रैक्टिस

### कंपनी सेक्रेट्री के कार्य

- कंपनी सेक्रेट्री बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स को असिस्ट करते हैं और इसके साथ विशेष सलाह भी देते हैं।
- यह चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर के तौर पर कार्य करते हैं, जहाँ वें कंपनी प्रशासन की गतिविधियों का ध्यान रखते है।
- कंपनी सेक्रेट्री कंपनी के कानूनी और गोपनीय दस्तावेज़ों को सुरक्षित रखते है।
- वह कॉर्पोरेट मीटिंग्स प्रमुख रूप से बोर्ड मीटिंग पर विचार विमर्श करना, बोर्ड मीटिंग आयोजन करना, क्लाइंट को संभालना, गवर्नमेंट और प्राइवेट प्रतिनिधि मंडल के मुलाकातों की देख रख इत्यादि करते हैं।
- कंपनी सेक्रेट्री एक लीगल एडवाइजर, कॉर्पोरेट प्लानर के तौर पर कार्य करते है और कंपनी को किसी भी लीगल मैटर संबंधी क्षेत्रों में असिस्ट करते हैं।
- कंपनी सेक्रेट्री एक कॉर्पोरेट पालिसी मेकर के तौर पर कार्य करते है और शार्ट टर्म लॉन्ग टर्म कॉर्पोरेट पॉलिसीस को एक साथ हैंडल करते हैं।
- उनकी मुख्य ज़िम्मेदारी होती है क्लाइंट और कॉर्पोरेट इवेंट्स को मैनेज करना।
- कंपनी सेक्रेट्री को मैनेजमेंट और फाइनेंस का प्रचुर मात्रा में ज्ञान होता है वह कंपनी के डायरेक्टर को सभी ज़रूरी जानकारी प्रदान करते है।

### सीएस बनने के लिए योग्यता

- आपने 10वीं के बाद की पढ़ाई कॉमर्स स्ट्रीम से पूरी की हो।
- 12वीं में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए हों।
- यदि आप 12वीं के बाद छात्र को इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ़ इंडिया में फाउंडेशन कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन करना होगा।